www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:45

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.05 न्यू | 17.00 अधि |
| धर्मशाला | 6.02 न्यू | 20.05 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72568.45 |
| निफ्टी | 21894.50 |
| सोना | 63,970 |
| चांदी | 71,200 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | सोमवार, 15 जनवरी 2024 | 2 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 28 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए |

पांवटा में है कांगड़ा के राजा की याद में बना श्री रघुनाथ मंदिर ...पेज 3

## न्यूज शॉर्ट्स

### आज होगी ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को किस्त जारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी करेंगे। प्रधानमंत्री पीएम-जनमन के लाभार्थियों से बातचीत भी करेंगे।

### कोरोना संक्रमण के आए 375 नए मामले, दो की मौत

**नई दिल्ली।** देश में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 375 नए मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक, कर्नाटक में दो लोगों की मौत हुई है। कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 के कारण मामलों में तेजी आई है।

### बलूचिस्तान में पांच सैनिकों की मौत, तीन आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में आतंकवादियों ने गोलीबारी में पांच सैनिकों की मौत हो गई, जबकि तीन आतंकवादी मारे गए। जब सुरक्षाकर्मियों का वाहन गुजर रहा था, तो विस्फोट हो गया। आईईडी विस्फोट के बाद सुरक्षाकर्मियों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई है।

## टॉप स्टोरीज

एनआईटी हमीरपुर की टीम करेगी सलोगड़ा डंपिंग साइट का सर्वे ...पेज 2

रोजगार पंजीकरण प्रक्रिया में ऑनलाइन पोर्टल से बढ़ी दक्षता ...पेज 3

देश के सैन्य इतिहास में कानपुर का अहम स्थान ...पेज 16

## अनुभवी स्टाफ चाहिए

प्रदेश के उभरते मीडिया ग्रुप 'अनंत ज्ञान' को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

मुख्य संपादक, डेस्क पर सब एडिटर, प्रूफ रीडर और उपमंडल स्तर पर जुझारु, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीतियों के इम्प्लीमेंटेशन की देखरेख और मैनेजमेंट के लिए अनुभवी और तेज तर्रार मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**सर्कुलेशन विभाग**

रीडरशिप और अखबारों की प्रसार संख्या के लिए कुशल और अनुभवी सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव चाहिए।

अपने सीवी भेजें
मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634



ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

सोलन-शिमला, सिरमौर 98160-10065

# 14 रंग के 14 लाख दीपों से बनाई श्रीराम की कलाकृति

अनंत ज्ञान विशेष

22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर के लोगों में भारी उत्साह है। अयोध्या में 14 रंग के 14 लाख दीपों से एक विशाल मैदान में अदभुत कलाकृति बनाई गई।




श्रीराम जन्मभूमि न्यास की ओर से बनवाई गई यह कलाकृति बिहार से रामलला के रिश्ते को भी प्रतिबिंबित करती है। एक बार फिर अयोध्या ही नहीं पूरे देश में दीपोत्सव जैसा माहौल होगा। इसका आगाज अभी से हो गया है। अलग-अलग साइज के 14 लाख दीपक मंगवाए गए और उन्हें 14 अलग-अलग रंगों में रंगा गया है।

### राम की भक्ति में लीन हुई अयोध्या



### प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए 55 देशों के नेताओं को न्योता

**प्राण** प्रतिष्ठा समारोह के लिए सियासत से लेकर खेल और अध्यात्म से जुड़ी तमाम हस्तियों को न्योता भेजा है। विश्व हिंदू फाउंडेशन के संस्थापक एवं वैश्विक अध्यक्ष स्वामी विज्ञानानंद का कहना है कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए राजदूतों और सांसदों सहित 55 देशों के लगभग 100 प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। इनके अलावा, कोरियाई रानी को भी आमंत्रित किया गया है, जो प्रभु राम के वंशज होने का दावा करती हैं। उन्होंने बताया कि सभी वीवीआईपी विदेशी प्रतिनिधि 20 जनवरी को लखनऊ पहुंचेंगे और 21 जनवरी को शाम तक अयोध्या पहुंच जाएंगे।

### पीएम मोदी के गांव से पहुंची अखंड ज्योति



**प्राण** प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश से रामभक्त अपनी आस्था अर्पित करने अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में पीएम नरेंद्र मोदी के गांव वडनगर के हटकेश्वर महादेव के मंदिर (गुजरात) से दस युवक पैदल चलकर अखंड ज्योति और राम मंदिर मॉडल के साथ अयोध्या पहुंचे हैं। युवकों ने 1300 किलोमीटर का सफर 46 दिन में तय किया है।

# कांग्रेस से राहें अलग कर मिलिंद देवड़ा शिवसेना में

## महाराष्ट्र की सियासत में हलचल, राहुल गांधी के थे करीबी

एजेंसी, मुंबई

**कांग्रेस** की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद रविवार को ही मिलिंद देवड़ा एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना में शामिल हो गए, जबकि कई पदाधिकारी भी शिवसेना में शामिल हुए हैं। सीएम एकनाथ शिंदे ने उन्हें पार्टी का झंडा देकर शिवसेना की सदस्यता दिलाई। दरअसल, देवड़ा ने उस दिन कांग्रेस से इस्तीफा दिया है, जब राहुल गांधी के नेतृत्व में मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत की। मिलिंद राहुल गांधी के करीबी थे।

मिलिंद देवड़ा ने रविवार सुबह उस वक्त महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मचा दी, जब उन्होंने एक्स पर लिखा कि मैंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और इसके साथ मेरे परिवार का इस पार्टी के साथ गहरा रिश्ता खत्म हो रहा है। मैं सभी नेताओं, सहकर्मियों और कार्यकर्ताओं का वर्षों से दिए जा रहे समर्थन के लिए आभारी हूं। देवड़ा ने बिना कोई आरोप-प्रत्यारोप लगाए कांग्रेस को अलविदा कह दिया।



### 55 साल का पुराना रिश्ता किया खत्म

**मिलिंद** ने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस में मेरे राजनीतिक सफर का एक महत्वपूर्ण अध्याय खत्म हुआ। मैंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इसी के साथ पार्टी के साथ मेरे परिवार का 55 साल पुराना रिश्ता खत्म हो गया। मुझे सुबह से बहुत सारे फोन आ रहे हैं कि मैंने कांग्रेस पार्टी से अपने परिवार का 55 साल पुराना रिश्ता क्यों तोड़ा? मैं सबसे चुनौतीपूर्ण दशक के दौरान पार्टी के प्रति वफादार रहा।

### मिलिंद देवड़ा बोले- मेरे लिया था भावुक दिन

**मिलिंद** देवड़ा ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत भावुक दिन है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कांग्रेस छोड़ दूंगा। आज मैं शिव सेना में शामिल हो गया। आज की कांग्रेस 1968 और 2004 की कांग्रेस से बहुत अलग है। कांग्रेस और यूबीटी ने रचनात्मक और सकारात्मक सुझावों, योग्यता और क्षमता को महत्व दिया होता, तो एकनाथ शिंदे और मैं यहां नहीं होते। एकनाथ शिंदे की तरह मुझे एक बड़ा निर्णय लेना था। जो पार्टी सुझाव देती थी कि देश को आगे कैसे ले जाया जाए, अब उसका एक ही लक्ष्य है। पीएम मोदी जो भी कहते और करते हैं, उसके खिलाफ बोलना।

### इस कारण छोड़ी कांग्रेस

**चर्चा** है कि दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट पर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के दावे के चलते देवड़ा ने यह कदम उठाया है। दरअसल मोदी लहर के चलते 2014 के लोकसभा चुनाव में मिलिंद दक्षिण मुंबई लोकसभा क्षेत्र से चुनाव हार गए थे। फिर 2019 के चुनाव में भी उनकी हार हो गई। दोनों बार उन्हें हार बीजेपी-शिवसेना गठबंधन के उम्मीदवार अरविंद सावंत से मिली। इस साल अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस विपक्षी गठबंधन का हिस्सा है।

### पीएम मोदी ने तय की इस्तीफे की टाइमिंग



**मिलिंद** देवड़ा के पार्टी छोड़ने पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि इस्तीफे की टाइमिंग पीएम मोदी ने तय की है। उनके पिता मुरली देवड़ा कांग्रेस के बड़े नेता थे। उनकी दोस्ती सभी पार्टियों से थी, लेकिन वे कांग्रेस के अटल और दृढ़ नेता थे।

## इधर...मणिपुर से राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू

एजेंसी, इंफाल

**मणिपुर** के थौबल से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू हुई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को हरी झंडी दिखाई।

**बोले- प्रधानमंत्री आपके आंसू पोंछने, आपसे गले लगने नहीं आए**

यह यात्रा 67 दिन में 110 जिलों से होकर 6,700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी।

इससे पहले जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि 2004 से मैं राजनीति में हूं। पहली बार मैं हिंदुस्तान के एक ऐसे प्रदेश में गया, जहां शासन व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी, जिसे हम मणिपुर कहते थे वह मणिपुर रहा ही नहीं, लेकिन प्रधानमंत्री आपके आंसू पोंछने, आपसे गले लगने नहीं आए। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को लोकसभा चुनाव में विमर्श के केंद्र बिंदु में लाने की कोशिश है। यात्रा का समापन मार्च के तीसरे सप्ताह में मुंबई में होगा।

**67 दिन: 110 जिलों से होकर 6,700 किलोमीटर की दूरी तय करेगी यात्रा**



### सिर्फ वोट मांगने मणिपुर आते हैं पीएम : खड़गे

**कांग्रेस** के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जब पंडित नेहरू पहली बार मणिपुर आए थे, तब उन्होंने इसे भारत का गहना बताया था। यही बात इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने भी कही थी। यह मणिपुर की वह भूमि है जो आजादी के लिए लड़ी। पीएम मोदी मणिपुर वोट के लिए आते हैं, लेकिन जब मणिपुर के लोग मुसीबत में हैं, तब वह नहीं आते। वे राम-राम करते हैं। मुंह में राम और बगल में छुरी, यह वे जनता के साथ न करें, वोट के लिए यह सब ढोंगबाजी नहीं करनी चाहिए। पीएम मोदी वोट मांगने के लिए मणिपुर आते हैं, लेकिन जब मणिपुर के लोग मुसीबत में होते हैं, तो वह अपना चेहरा नहीं दिखाते हैं।

### मकर संक्रांति पर तत्तापानी में आस्था की डुबकी



सुन्नी के तत्तापानी में मकर संक्रांति पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। (फोटो: महेंद्र कुमार)

### भारत 15 मार्च तक मालदीव से हटाए सेना

**माले (मालदीव)।** मालदीव और भारत के बीच संबंधों में लगातार तल्खी बढ़ती जा रही है। इस बीच मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने एक बार फिर से 'इंडिया आउट' का राग अलापा है। मुइज्जू ने भारत से कहा कि वह 15 मार्च तक मालदीव में तैनात अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुलाए। लगभग दो महीने पहले राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू ने मालदीव में तैनात दूसरे देश के सैनिकों को हटाने का ऐलान किया था। उन्होंने अपने चुनावी अभियान में इंडिया आउट जैसा नारा भी दिया। एक दिन पहले उन्होंने भारत का नाम लिए बिना कहा था कि किसी देश के पास मालदीव को धमकाने का अधिकार नहीं है।



## शिमला में कार दुर्घटनाग्रस्त पिता-बेटे की मौत, तीन जखमी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**शिमला** में एक कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से बाप-बेटे की मौत हो गई। वहीं, दो बच्चों समेत परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह हादसा शिमला-सुन्नी सड़क पर बल्देयां के समीप हुआ।

मृतकों की पहचान 72 वर्षीय ईश्वर दास व उनके बेटे बाल कृष्ण (42) निवासी कथोग गांव, करसोग, जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, कार नंबर (एचपी 30-6983) शिमला से करसोग की ओर जा रही थी। कार जब बल्देयां के समीप पहुंची तो ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और सड़क से नीचे लुढ़क गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। इस हादसे में ईश्वरदास की मौके पर ही मौत ही गई, जबकि बेटे बाल कृष्ण की आईजीएमसी में मौत हुई। इस हादसे में बाल कृष्ण की पत्नी रक्षा, उनके दोनों बच्चे बेटा-बेटी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। तीनों का आईजीएमसी में इलाज चल रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच कर रही है।



**शिमला-सुन्नी सड़क पर बल्देयां के समीप पेश आया हादसा**

**आस्था** शिव मंदिर में बनाया साढ़े चार फुट भव्य घृतमंडल, 21 जनवरी को प्रसाद के रूप में होगा वितरित

# बैजनाथ में सवा दो क्विंटल मक्खन से शिवलिंग का श्रृंगार

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ

**कांगड़ा** जिले में बैजनाथ के प्राचीन शिव मंदिर में मकर संक्रांति के पावन पर्व के उपलक्ष्य में पवित्र शिवलिंग पर सवा दो क्विंटल देसी घी से भव्य घृतमंडल बनाया है, जिसका श्रृंगार सूखे मेवों से किया गया है। करीब चार फुट ऊंचे देसी घी व सूखे मेवों से बनाया गया घृतमंडल आगामी सात दिन तक पवित्र शिवलिंग पर चढ़ा रहेगा।

21 जनवरी को सुबह नौ बजे के बाद से श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में वितरित होगा। घृतमंडल को बनाने के लिए पिछले चार दिनों से तैयारियां शुरू कर दी थी। देसी घी को पिघला कर मक्खन बनाने का कार्य 11 जनवरी से शुरू हुआ था। देसी घी को 108 बार पानी से धोकर मक्खन के पेडों के रूप में सुरक्षित रखा गया था और मकर संक्रांति के दिन दोपहर 12 बजे को होने वाली आरती के बाद शिवलिंग पर घृतमंडल चढ़ाने का कार्य शुरू हुआ। सबसे पहले शिवलिंग का जलाभिषेक किया गया। बैजनाथ शिव मंदिर के अलावा महाकाल मंदिर, बैजनाथ स्थित पुठे चरण मंदिर और संसाल में मुकटेश्वर नाथ मंदिर में भी घृतमंडल बनाया गया है।

बाबा जी के चरण बैजनाथ में घृतमंडल चढ़ाने से पहले मुख्य सचिव सचिव किशोरीलाल ने पूजा-अर्चना की और इस मंदिर में शिवलिंग पर 15 किलो मक्खन का घृतमंडल चढ़ाया गया, जिसे अयोध्या में बने राम मंदिर की तर्ज पर धनुषधारी रूप दिया है। सहायक उपायुक्त एवं तहसीलदार हरीश कुमार ने बताया कि 21 जनवरी को सुबह की आरती के बाद शिवलिंग से घृतमंडल हटाकर लोगों को प्रसाद के रूप में बांट दिया जाएगा। इससे पहले 20 जनवरी को तारा रात्रि के अवसर पर जागरण का आयोजन किया जाएगा और 21 जनवरी को विशाल भंडारा लगाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



**यह है मान्यता**

**मकर** संक्रांति पर देसी घी का लेप किए जाने को लेकर अलग-अलग कथाएं प्रचलित हैं। मंदिर पुजारी सुरिंद्र आचार्य के अनुसार, मंडी रियासत के राजा चंद्र सेन ने भगवान शिव के दर्शन किए और उनके मन में शिवलिंग को मंडी ले जाने की इच्छा पैदा हुई। राजा चंद्रसेन ने इच्छापूर्ति के लिए भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया और इस दौरान राजा अचेत हो गए। अचेत स्थिति में राजा को सपना आया कि ऐसा करने पर उसकी रियासत का विनाश हो जाएगा। इसका प्राश्चित करने के लिए राजा ने हर वर्ष एक मन घी से लेप करने का वचन दिया।

राजा के न रहने पर स्थानीय लोग दो तीन किलो घी से लेप करने लगे। कांगड़ा से आए पुश्तैनी पुजारी ने बताया कि मान्यता के अनुसार, जालंधर दैत्य से युद्ध के दौरान देवी-देवताओं को जख्म हो गए थे और उन जख्मों पर मरहम लगाने के लिए लेप लगाया जाता है।

## हिमाचल में पहाड़ों से ज्यादा ठंडी मैदानी इलाकों की रातें

अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला

**बर्फबारी के लिए करना होगा इंतजार, 16 तक मौसम रहेगा साफ**

**प्रदेश** के मैदानी क्षेत्रों में रात के समय पहाड़ी क्षेत्रों से ज्यादा ठंड पड़ रही है। दिन के समय मैदानी क्षेत्रों में धुंध छा रही है, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में आसमान बिलकुल साफ बना हुआ है। समूचे प्रदेश में अधिकतर जगहों पर रात का तापमान सामान्य से काफी नीचे चल रहा है।

शिमला, सुंदरनगर, भुंतर, धर्मशाला, केलांग, सोलन सहित कई स्थानों पर रात के तापमान में बीते 24 घंटों में रात का पारा गिरा है। सुंदरनगर में न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री, भुंतर में 0.7 डिग्री, सोलन में 0.8 डिग्री, मंडी में 0.5 डिग्री, समदो में 0.2 डिग्री, कल्पा में 0.4 डिग्री, केलांग में माइनस 4.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। लाहौल-स्पीति के कुकुमसेरी में रात का पारा माइनस 7.2 डिग्री और बिलासपुर के बरठीं में माइनस 0.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। शिमला में न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री दर्ज किया गया है। धर्मशाला में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री और ऊना में 3.5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। वहीं, बीते 24 घंटों में शिमला में अधिकतम तापमान 17.5 डिग्री, सुंदरनगर में 20.8 डिग्री, भुंतर में 22.4 डिग्री, कल्पा में 14.4 डिग्री, धर्मशाला में 21.0 डिग्री तापमान रहा। मौसम विभाग के मुताबिक 16 जनवरी को ऊंचाई वाले कुछ स्थानों में हल्की बारिश व बर्फबारी हो सकती है। 17 जनवरी को मध्यम इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट ने छीना इमरान खान का बैट

**इस्लामाबाद।** आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले पाक सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के फैसले को बरकरार रखा है और इमरान खान के नेतृत्व वाली पीटीआई के अंतर-पार्टी चुनावों को रद्द कर दिया है।



इससे पार्टी चुनाव से बल्ले से वंचित हो गई है। पीठ ने कहा कि पीटीआई की ओर से केवल एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना, जिसमें कहा गया है कि अंतर-पार्टी चुनाव हुए थे, यह स्थापित करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता कि ऐसे चुनाव वास्तव में आयोजित किए गए थे। 22 दिसंबर को कुछ विद्रोही पीटीआई सदस्यों की ओर से दायर शिकायतों पर सुनवाई करते हुए चुनाव निगरानी संस्था ने दो दिसंबर को हुए पीटीआई के इंट्रा-पार्टी चुनावों को अमान्य कर दिया था।

# बाबा की नगरी में रविवार को 10000 श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

## गुफा दर्शन के बाद महंत श्री श्री श्री 1008 राजेंद्र गिरी महाराज से लिया आशीर्वाद

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**



महंत श्री श्री श्री 1008 राजेंद्र गिरी से आशीर्वाद लेते श्रद्धालु।

उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में लगभग 10000 के



करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लिया। मकर संक्रांति के चलते हालांकि रविवार को श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा नहीं थी।

हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों से आने वाले श्रद्धालु पंक्तिबद्ध बाबा जी के जयकारों के साथ गुफा दर्शन कर रहे थे। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए अब एक अन्य रास्ता भी गुफा दर्शन के लिए चालू कर दिया है, ताकि भीड़ होने पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न उठानी पड़े। अब जो श्रद्धालु बुजुर्ग असहाय दिव्यांग जो गेट नंबर एक से एंट्री करते थे, उनके लिए मंदिर प्रशासन ने बकरा स्थल से अलग से लाइन बना दी है, ताकि श्रद्धालु गुफा दर्शन करने में आसानी हो सके। जेष्ठ रविवार को गुफा दर्शन करने के बाद श्रद्धालु वर्तमान महंत श्री श्री श्री 1008 राजेंद्र गिरी के आश्रम में जाकर आशीर्वाद ले रहे थे। यह भी मान्यता है कि गुफा दर्शन के बाद अगर जो भी श्रद्धालु महंत जी से आशीर्वाद लेते हैं, उनकी यात्रा सफल मानी जाती है। रविवार को लगभग 10000 के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लिया है। श्रद्धालुओं के लिए लंगर व्यवस्था चालू है। मंदिर उत्थान के लिए मंदिर ट्रस्ट तत्पर है, ताकि देश-विदेश से आने वाले साधकों को किसी प्रकार की आसुविधा न हो। (अनंत ज्ञान)



बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध के दर्शनों को जाते हुए श्रद्धालु।

### रामराज्य स्थापित होने का समय आ गया है

**महंत** श्री श्री 1008 राजेंद्र गिरी ने अपने संदेश में कहा है अब समय आ गया है कि रामराज्य स्थापित होगा। अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण आया है। 22 जनवरी को भीड़ अधिक होने के चलते कार्यक्रम स्थगित कर दिया है, बाद में रामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या नगरी में विधिवत जाएंगे।



गुफा दर्शनों के लिए लाइन में जाते हुए श्रद्धालु।

# पांवटा में है कांगड़ा के राजा की याद में बना श्री रघुनाथ मंदिर

**प्रीति चौहान, पांवटा साहिब**



यमुना नदी के तट पर बना श्री देईं जी साहिबा रघुनाथ मंदिर का शानदार नजारा।

यूं तो पांवटा साहिब को गुरु नगरी कहा जाता है, लेकिन यहां पर कई ऐसे धार्मिक स्थल हैं जो इसकी शोभा को और चार चांद लगा देते हैं। सिखों के दसवें गुरु श्री गोबिंद सिंह द्वारा स्थापित ऐतिहासिक व धार्मिक नगरी पांवटा बीते समय की कई महान घटनाओं को संजोए हुए है, तो वहीं यह सर्वधर्म सम्भाव की एक मिसाल भी है। इस पवित्र धार्मिक नगरी में जहां विभिन्न धर्मों के लोग निवास करते हैं तो वहीं, यह अपनी कई ऐतिहासिक यादों को भी संजोए हुए है। इन ऐतिहासिक यादों में से एक है यमुना नदी के तट पर बना श्री देईं जी साहिबा रघुनाथ मंदिर। यह ऐतिहासिक व प्राचीन मंदिर लगभग 134 वर्षों का इतिहास संजोए हुए है।

इस मंदिर का निर्माण 21 फरवरी, 1889 में सिरमौर रियासत काल में रानी साहिबा कांगड़ा श्री देई जी साहिबा ने अपने भाई महाराजा शमशेर प्रकाश बहादुर जीसीएसआई की मदद से अपने पति य लंबागांव (कांगड़ा) के राजा प्रताप चंद बहादुर की याद में करवाया था। यह रघुनाथ मंदिर महाराजा सिरमौर श्री शमशेर प्रकाश बहादुर द्वारा उनकी बहन के अनुरोध पर बनवाया था। राजकुमारी सिरमौर को प्यार व आदर में देई जी साहिबा पुकारा जाता था। उनकी शादी कांगड़ा के लंबागांव के राजा प्रताप चंद बहादुर से हुई थी, परंतु दुर्भाग्यवश देई जी साहिबा छोटी आयु में ही विधवा हो गई तथा वापस सिरमौर आ गई थी। महाराजा सिरमौर ने इस मंदिर के साथ सराय का निर्माण भी करवाया था। मंदिर को व्यवस्था से चलाने के लिए इसके साथ लगते तीन गांवों जिनकी कुल भूमि 2400 बीघा थी मंदिर को दान स्वरूप दी थी।

रियासत काल में बने इस मंदिर में भगवान श्री राम, माता सीता व लक्ष्मण जी की मूर्तियां स्थापित हैं। धीरे-धीरे मंदिर परिसर में रघुनाथ मंदिर के साथ ही बजरंगबली श्री हनुमान जी तथा शिवजी के छोटे-छोटे मंदिर भी स्थापित किए गए हैं। इस श्री देई जी साहिबा मंदिर की दीवारों पर कांगड़ा शैली में पेंटिंग भी बनाई गई है जो कि अब काफी पुरानी हो चुकी है। यही नहीं, इस मंदिर के साथ ही एक यज्ञशाला भी बनवाई गई थी। जहां समय-समय पर यज्ञ भी किए जाते रहे हैं। यमुना नदी के तट पर पुजारीघाट भी है। इस पुजारी घाट में एक प्राकृतिक जलस्रोत (चश्मा) है, जहां पर मंदिर के पुजारी रियासत काल से ही पूजा अर्चना से पहले स्नान करते रहे हैं। सन 1989-90 में इस मंदिर का रखरखाव सरकार ने अपने अधीन ले लिया, जिसके अंतर्गत एक न्यास भी गठित किया गया है। इस न्यास के आयुक्त, उपायुक्त सिरमौर, सह आयुक्त, एसडीएम पांवटा व मंदिर अधिकारी तहसीलदार पांवटा साहिब स्थायी पदेन सदस्य होते हैं। इस न्यास में कुछ गैर सरकारी सदस्य भी पांच-पांच साल के लिए नियुक्त किए जाते हैं।

गत वर्षों सरकार ने मंदिर के रखरखाव व विकास के लिए लगभग 70 लाख रुपए खर्च करने की बात कही थी, ताकि इस प्राचीन धरोहर का संरक्षण हो सके और मंदिर को धार्मिक के साथ-साथ पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जा सके, लेकिन दुखद है कि कुछ खास तरीके से मंदिर का रखरखाव नहीं हो पा रहा है। मंदिर के इर्द-गिर्द काफी झाड़ियां उगी हैं। सफाई की दृष्टि से भी मंदिर में कुछ विशेष प्रबंध नहीं है। (अनंत ज्ञान)



मंदिर का एक हिस्सा।



मंदिर में बना टिन शेड।



मंदिर से यमुना नदी का नजारा।

### हिमाचल व उत्तराखंड को जोड़ने वाले यमुना पुल के साथ है मंदिर

**यह** मंदिर हिमाचल व उत्तराखंड को जोड़ने वाले यमुना पुल के साथ ही है। उत्तराखंड से हिमाचल प्रवेश करने पर इस मंदिर की सुंदरता देखते ही बढ़ती है। इस मंदिर के प्रांगण से जहां यमुना नदी व आसपास का विहंगम दृश्य देखा जा सकता है तो वहीं, यहां आकर शांति का अनुभव भी होता है। इस मंदिर में पूजा पाठ के अलावा समय समय पर धार्मिक अनुष्ठान, यज्ञ व भंडारे आदि का आयोजन होता रहता है। इस तरह धार्मिक नगरी पांवटा साहिब में यह मंदिर धार्मिक व ऐतिहासिक दृष्टि से अपना विशेष स्थान रखता है।

# रोजगार पंजीकरण प्रक्रिया में ऑनलाइन पोर्टल से बढ़ी दक्षता

## 482 नियोक्ता पंजीकृत, 209 कैंपस साक्षात्कार में सहायक बना ईईएमआईएस पोर्टलः सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश में रोजगार कार्यालय प्रबंधन सूचना प्रणाली (ईईएमआईएस) पोर्टल की सुविधा



शुरू की गई है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इसके माध्यम से नियोक्ताओं और बेरोजगार युवाओं के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को सरलता से एकीकृत किया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस पहल से रोजगार पंजीकरण प्रक्रिया में ऑनलाइन दक्षता की नई शुरुआत हुई है।

सरकार की इस पहल को नियोक्ताओं का उत्साहजनक साथ मिल रहा है। इस पोर्टल में अभी तक 482 नियोक्ता पंजीकृत हो चुके हैं। इसमें नियोक्ताओं को आसानी से रिक्तियों की आवश्यकता बारे जानकारी अपलोड करने की सुविधा है, जिससे भर्ती की प्रक्रिया सुव्यवस्थित हुई है। उन्होंने कहा इस पोर्टल के शुरू होने के बाद से लगभग 209 कैंपस साक्षात्कार में इसका उपयोग हो चुका है, जिनमें 6,093 उम्मीदवारों ने भाग लिया।

जिला रोजगार अधिकारी को भी अब और अधिक सशक्त तथा पारदर्शी प्रणाली के तहत समर्पित लॉग-इन आईडी के माध्यम से पंजीकरण और नियोक्ता अनुमोदन के लिए व्यापक अधिकार मिला हैं। उन्होंने कहा कि ईईएमआईएस पोर्टल एक उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस उपलब्ध करवाता है। पंजीकरण प्रक्रिया के माध्यम से नियोक्ताओं और उम्मीदवारों दोनों का मार्गदर्शन करने के लिए यूट्यूब वीडियो लिंक भी उपलब्ध है। पोर्टल से सीधे आवेदकों को एसएमएस सूचना की सुविधा से नियोक्ता भी लाभान्वित होता है। रोजगार के अवसर और पंजीकरण नवीनीकरण के बारे में कुशल संचार की सुविधा भी इसमें मिली है। इसके अलावा, यह पोर्टल बेरोजगार युवाओं के लिए भी सहायक सिद्ध हो रहा है। इसके माध्यम से उन्हें आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने तथा निर्बाध रूप से पंजीकरण की सुविधा मिली है। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवार तीन प्रमुख योजनाओं कौशल विकास भत्ता योजना 2013, बेरोजगारी भत्ता योजना 2017 और औद्योगिक कौशल विकास योजना 2018 का लाभ भी इसके माध्यम से उठा सकते हैं।

### रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**मुख्यमंत्री** ने प्रशासन में सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि हिमाचल को देश भर में अग्रणी रखने के लिए प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग कर विभिन्न नीतियों और योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईईएमआईएस पोर्टल राज्य के लोगों और युवाओं के लिए निर्बाध सेवाएं प्रदान करने और रोजगार अवसरों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## पीएम के आह्वान पर कालीबाड़ी मंदिर में जयराम ठाकुर ने की सफाई

**शिमला ।** पीएम मोदी ने देशवासियों से देश भर के मंदिरों में सफाई अभियान चलाने का आह्वान किया। अभियान 14 जनवरी से आगामी 22 जनवरी तक चलेगा। इसी कड़ी में शिमला के प्रसिद्ध कालीबाड़ी मंदिर में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भी मां के मंदिर परिसर की सफाई की। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आम जनता को भी इस मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया साथ ही राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से 14 से 22 जनवरी तक अपने-अपने क्षेत्र में मंदिरों की सफाई करने का आह्वान किया था। इसी कड़ी में कालीबाड़ी में सफाई अभियान चलाया गया। जयराम ठाकुर ने प्रदेश की जनता से भी आग्रह किया कि वह भी बढ़-चढ़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस आह्वान का हिस्सा बने और अपने आसपास के मंदिरों में स्वच्छता के कार्यक्रम करें।



कालीबाड़ी मंदिर परिसर में सफाई करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व अन्य।

# तीर्थों को स्वच्छ बनाने के लिए करें श्रमदानः अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर अपने गृह राज्य हमीरपुर और ऊना जिले में रहे। अनुराग ठाकुर ने रविवार को विशेष रूप से ऊना जिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छह प्रमुख उत्सवों में एक मकर संक्रांति के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय, होसबोले व सम्मानित जनता के साथ पूरे उल्लास के साथ सूर्य के उत्तरायण आगमन का पर्व मनाया।

इस अवसर पर हमीरपुर सांसद ने आम जनमानस के जीवन में सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ तीर्थ अभियान के आह्वान पर केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के ऊना के प्रसिद्ध डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम में श्रमदान करते हुए परिसर की साफ-सफाई की। उन्होंने लोगों से तीर्थों को स्वच्छ बनाने के लिए करें श्रमदान करने का आह्वान किया। इसके बाद अनुराग ठाकुर ऊना में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए किए गए विभिन्न कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला।



डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम में साफ-सफाई करते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया आईजीएमसी का दौरा

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश का सबसे बड़ा अस्पताल आईजीएमसी में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल रविवार को आईजीएमसी में दौरा किया। इस दौरान मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने अस्पताल में दाखिल राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत भारत स्काउट एंड गाइड वालंटियर ऋतांशु शर्मा का हालचाल जाना। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री के साथ उनकी बेटी डॉ. दीपाली डौल भी मौजूद रही। स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टर को उनका बेहतर इलाज देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में सभी पहलुओं को देखने के बाद बेहतर इलाज कैसे दिया जा सकता है, उसपर डॉक्टर काम करें।





वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की शुरुआत मणिपुर के थौबल से हुई, जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू विशेष रूप से शामिल हुए।

**आह्वान**

## 'समाज को लौटाने' की भावना से राजकीय स्कूलों को गोद ले सकेंगे जन-प्रतिनिधि व आम जन

# अपना विद्यालयः जन सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की अभिनव पहल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

समाज के समावेशी विकास में मूल्य आधारित शिक्षा प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका है। छात्रों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए मजबूत शैक्षणिक अधोसंरचना का निर्माण भी बेहद आवश्यक है। इसी उद्देश्य के साथ शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए निरंतर अभिनव पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जन प्रतिनिधियों व कुशल पेशेवरों की साझेदारी से सरकारी स्कूलों में सुधार लाने के उद्देश्य से 'अपना विद्यालयः द हिमाचल स्कूल एडॉप्शन' कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसके तहत प्रदेशवासियों को राजकीय पाठशालाओं को गोद लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे वह शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने में अपना योगदान दे पाएंगे।

कार्यक्रम के तहत 'मेरा स्कूल-मेरा गौरव' अभियान प्रदेशवासियों एवं संस्थाओं को अपनी पसंद का स्कूल गोद लेने को प्रेरित करेगा। इन स्कूलों में वे छात्रों को सामाजिक सहायता कार्यों से जोड़ने और उनके लिए करियर परामर्श, विभिन्न परीक्षाओं के लिए अतिरिक्त या विशेष कक्षाएं लेने, योग प्रशिक्षण सहित विभिन्न स्तर पर मार्गदर्शन प्रदान कर सकेंगे।

### समाज को लौटाने की पहल

**'समाज को लौटाने'** की इस पहल के माध्यम से राजकीय पाठशालाओं के लिए शैक्षिक सहायता टीम और गैर-शैक्षिक सहायता टीम स्थापित की जाएंगी। यह टीम भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव स्थापित करने में बिना किसी वित्तीय या अन्य लाभ के सरकार का सहयोग करेगी। सेवानिवृत्त शिक्षक या कर्मचारियों, पेशेवरों, गृहिणियों और समाज के अन्य व्यक्तियों को इन टीमों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। शैक्षिक सहायता टीम में शामिल लोग पाठशालाओं में शिक्षकों की कमी या अध्यापकों के अवकाश पर होने के चलते छात्रों को पढ़ाएंगे। साथ ही उनका करियर परामर्श और मार्गदर्शन भी करेंगे। वहीं गैर-शैक्षिक टीम छात्रों को खेल, कौशल, कला, चित्रकारी, संगीत, नाट्य और नृत्य आदि में रुचि अनुसार प्रशिक्षण देंगे। इसके अलावा वह स्कूलों में अधोसंरचना निर्माण के लिए वित्तीय सहयोग, उत्कृष्ट छात्रों को छात्रवृत्ति, विभिन्न कार्यक्रमों के प्रायोजन और मिड-डे मील कार्यक्रम में भी योगदान दे सकते हैं। इस तरह की प्रणाली के लिए स्कूलों में उपयुक्त निरीक्षण व्यवस्था स्थापित की जाएगी, जिसमें संबंधित स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों को भी शामिल किया जाएगा।

### गणमान्य भी किसी एक सरकारी स्कूल को लें गोद




**गणमान्य** व्यक्तियों से भी प्रदेश में कहीं भी उनकी पसंद का कम से कम एक सरकारी स्कूल गोद लेकर उसका संरक्षक (पैट्रन) बनने का अनुरोध किया जाएगा। इनमें प्रदेश से चुने गए लोकसभा एवं राज्यसभा सांसद, सभी विधायक, श्रेणी-एक व दो के राजपत्रित अधिकारी, जैसे उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, वन मंडलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपमंडलाधिकारी (ना.), खंड विकास अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी व पुलिस उपाधीक्षक इत्यादि शामिल है। यह कम से कम एक स्कूल गोद लेकर उसके संरक्षक बनेंगे। यह संरक्षक अध्यापकों और स्कूल प्रबंधन समिति को स्कूलों में वांछित सुधार के लिए सुझाव प्रस्तुत करेंगे। इसी प्रकार सचिवालय व निदेशालय में सेवाएं दे रहे शिक्षा विभाग के अधिकारी, उपनिदेशक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के समन्वयक, प्रधानाचार्य, राज्य शिक्षा परिषद अनुसंधान और प्रशिक्षण और हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अधिकारी भी एक-एक स्कूल गोद लेंगे और इसके प्रतिपालक (मेंटर) होंगे।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को मिलेगा सम्मान

**'अपना विद्यालय कार्यक्रम'** के लिए समग्र शिक्षा अभियान द्वारा एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया जाएगा। यह पब्लिक डोमेन पर उपलब्ध रहेगा, ताकि जनता के प्रति जबावदेही सुनिश्चित की जा सके। इस पोर्टल से ऑनलाइन व वास्तविक समय में आकलन, निगरानी और सुधारात्मक कार्रवाई की सुविधा मिलेगी। इस कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण घटक 'व्यवस्थित किशोर प्रबंधन एवं मूल्यवर्द्धन संवाद' है, जिसके तहत विभिन्न विभाग मिलकर स्कूली छात्रों का व्यक्तिगत विकास व सशक्तिकरण करेंगे। इसमें नैतिक मूल्यों को बढ़ावा, अनुभव साझा करना, नशा निवारण एवं रोकथाम के प्रति जागरूकता, महिला सशक्तिकरण संबंधी योजनाएं, पोषण और कानूनी ज्ञान आदि शामिल हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को राज्य एवं जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

### जन सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में होगा सुधार



**राजकीय** पाठशालाओं को गोद लेने की यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रदेश भर में गुणात्मक शिक्षा तंत्र स्थापित के उद्देश्य से की गई है। भारत में सरकारी शिक्षा प्रणाली का एक विस्तृत नेटवर्क है, जिसके तहत देश भर के 68 प्रतिशत छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। हिमाचल में भी 55 प्रतिशत छात्र सरकारी स्कूलों के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अपना विद्यालय कार्यक्रम के तहत सामाजिक सहभागिता से सरकारी स्कूलों में निश्चित ही आशातीत सुधार देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का कहना है कि प्रदेश सरकार 'व्यवस्था परिवर्तन' की भावना के साथ कार्य कर रही है। अपना विद्यालय कार्यक्रम सामाजिक दायित्व के निर्वहन में तो सहायक होगा ही, इसमें जन सहयोग से शिक्षा क्षेत्र में भी सतत सुधार का मार्ग प्रशस्त होगा।

## रूठे कार्यकर्ताओं को मनाएगी युवा कांग्रेसः अरिकेश जंग

**पांवटा साहिब ।** पांवटा युवा कांग्रेस की मासिक बैठक विश्राम गृह पांवटा में हुई। बैठक की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव व युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अरिकेश जंग ने की। बैठक में कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए चर्चा की गई। बूथ-बूथ पर जाकर किस प्रकार कार्य किया जाएगा, इस पर मंथन किया गया। जंग ने बताया कि आगामी चुनाव को लेकर युवा घर घर जाकर पार्टी को मजबूत बनाने का काम करेगा। रूठे कार्यकर्ताओं को मनाने का काम करेगा। हिमाचल प्रदेश सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल शानदार रहा इसकी जानकारी देगा। अरिकेश जंग ने कहा कि युवा चुनाव को लेकर कमर कस चुके हैं। लोगों के बीच जाकर कांग्रेस पार्टी का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान राम हम सभी के हैं, लेकिन भाजपा इस पर राजनीति कर रही है। मंदिर का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है और भाजपा समय से पहले इसका उद्घाटन कर रही है। इस दौरान मोहब्बत अली, मजदूर नेता प्रदीप चौहान, रफीक, शाहरुख खान, राजा, मोनू, जाहिर, हरदेव, जावेद, अशरफ अली, पवन, नरेंद्र सैणी आदि मौजूद रहे।

### शिमला के लक्कड़ बाजार में 1920 में आइस स्केटिंग रिंक का हुआ था निर्माण, यह साउथ एशिया का एकलौता प्राकृतिक आइस स्केटिंग रिंक : मंजीत सिंह

# पर्यटन, अर्थव्यवस्था, खेल को बढ़ावा देती आइस स्केटिंग, राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं भी आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की सुंदरता का दीदार करने के लिए लोग अन्य राज्यों व देशों से आते हैं। महानगरों की दौड़भाग वाली जिंदगी से चंद दिनों की छुट्टी लेकर लोग पहाड़ों में सुकून की तलाश में आते हैं।

बर्फ की चादर से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों के बीच से उगते हुए सूरज की सुनहरी सुबह और शाम को पहाड़ों के पीछे ढलते सूरज का मनमोहक दृश्य लोग अपने जेहन में कैद कर यहां से अपने साथ लेकर जाते हैं। आमतौर पर हर एक व्यक्ति की इच्छा होती है कि जीवन में एक बार गिरते हुए बर्फ का साक्षी बनना। इसी आस में सर्दियों में पर्यटक पहाड़ों की ओर रुख करते हैं। यह बात शिमला आइस स्केटिंग क्लब के सचिव मंजीत सिंह ने कही। आइस स्केटिंग में विभिन्न गतिविधियां होती हैं, जैसे कि फिगर स्केटिंग, स्पीड स्केटिंग और आइस हॉकी जो शिमला में पर्यटकों और स्थानीय लोगों को हर वर्ष सर्दी के मौसम में उपलब्ध रहती है।

## लक्कड़ बाजार में 1920 में बनी शिमला आइस स्केटिंग रिंक



मंजीत सिंह ने बताया कि शिमला के लक्कड़ बाजार में 1920 में आइस स्केटिंग रिंक का निर्माण हुआ था और यह साउथ एशिया का एकलौता प्राकृतिक आइस स्केटिंग रिंक है। इस आइस स्केटिंग रिंक में कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई हैं। रिंक में सर्दी में मौसम साफ होने पर प्राकृतिक तरीके से बर्फ जमाई जाती है। इस वर्ष भी रिंक में बर्फ जमने के साथ ही प्रतिदिन दो सेशन में लोगों और पर्यटकों को आइस स्केटिंग करवाई जा रही है। रोज सुबह आठ से दस बजे और सायं छह से आठ बजे तक बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिक आइस स्केटिंग का आनंद उठा रहे हैं।

### आइस स्केटिंग रिंक का रखरखाव

शिमला आइस स्केटिंग क्लब की ओर से आइस स्केटिंग रिंक का रखरखाव किया जा रहा है, जिसके संरक्षक उपायुक्त शिमला हैं और शहर के अन्य लोग क्लब की कार्यकारिणी के सदस्य हैं, जो क्लब को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, शहर के बहुत सारे लोग क्लब के आजीवन सदस्य हैं।

### बच्चों, बूढ़ों में स्केटिंग का शौक

शिमला की सात वर्षीय कौसवी ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष पहली बार आइस स्केटिंग करना शुरू किया है। आजकल शिमला के स्कूलों में छुट्टियां होने के कारण वह सुबह और शाम दोनों सेशन में आइस स्केटिंग कर रही है और इस खेल की बारीकियां सिख रही हैं।

### बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत प्रशासन

जिला प्रशासन शिमला पर्यटन और साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है, जिसके तहत मौजूदा अवसंरचना को सुदृढ़ करना और नई सुविधाओं को विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। शिमला में साहसिक खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नारकंडा के समीप दोजा रोड पर आइस स्केटिंग रिंक बनाने को लेकर कार्य किया जा रहा है। इस आइस स्केटिंग रिंक के लिए भूमि का हस्तांतरण हो चूका है तथा यह भूमि आइस स्केटिंग के लिए बेहद उपयुक्त है। नारकंडा अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए विश्व प्रसिद्ध है और हर वर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक घूमने आते हैं।

### स्केटिंग के लिए शिमला उपयुक्त

शिमला आइस स्केटिंग के लिए बेहद उपयुक्त स्थान है। यहां का मौसम अन्य राज्यों से ठंडा ही रहता है। स्केटिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाने के लिए भी एक उपयुक्त स्थान बनाती है। शिमला में अच्छे होटल भी उपलब्ध हैं।

### बर्फ जमने का बेसब्री से करते इंतजार

सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त 60 वर्षीय राजेश गुप्ता ने बताया कि वह पिछले दो साल से शिमला आइस स्केटिंग रिंक में स्केटिंग कर रहे हैं। वह हर वर्ष शिमला आइस स्केटिंग रिंक में बर्फ जमने का बेसब्री से इंतजार करते हैं।



आइस स्केटिंग रिंक में स्केटिंग का लुत्फ उठाते बच्चे।

### आल वेदर आइस स्केटिंग रिंक की आवश्यकता

मंजीत सिंह ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से मौसम में काफी बदलाव आया है, जिससे प्राकृतिक तरीके से बर्फ जमाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, शिमला में पिछले कुछ वर्षो से बर्फबारी भी समय पर नहीं होती या फिर काफी कम होती है, इसलिए आइस स्केटिंग को जीवित रखने के लिए आल वेदर आइस स्केटिंग रिंक आवश्यक है। आल वेदर आइस स्केटिंग रिंक बनने से आइस स्केटिंग के लिए मौसम पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी और कई लोगों को रोजगार भी उपलब्ध होगा।

# गेस्ट फैकल्टी के आधार पर शिक्षक भर्ती के फैसले के विरुद्ध उठी विरोध की चिंगारी

### युवा बोले- सरकार ने युवाओं के साथ की वादा खिलाफी, विपक्ष में रहते नेता करते थे अस्थायी भर्ती का विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश सरकार की ओर से गत बारह जनवरी को हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश ग्रामीण क्षेत्रों में पीरियड बेस आधार पर गेस्ट फैकल्टी से 2600 शिक्षकों की भर्ती करने का फैसला लिया है, लेकिन सरकार के इस फैसले पर बवाल खड़ा हो गया है, प्रदेश भर में शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे युवाओं में सरकार के इस फैसले के खिलाफ रोष देखने को मिल रहा है।

शिक्षक बनने के लिए कमीशन का इंतजार कर रहे युवा सरकार के इस फैसले के विरोध में सड़कों पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं। युवाओं का कहना है कि विपक्ष में रहते कांग्रेस नेता अस्थायी भर्ती का विरोध करते हैं और गत वर्ष अप्रैल माह में जब अस्थायी शिक्षक भर्ती



फाइल फोटो।

की खबरें अखबारों में छपी तो मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने खबरों को झूठा बताते हुए कहा था कि सरकार किसी भी तरह की अस्थायी और बैक डोर एंट्री नहीं करेगी। सारी नियुक्तियां पब्लिक सर्विस कमीशन के माध्यम से होंगी। सरकार की अस्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की कोई योजना नहीं है, लेकिन अब मंत्रिमंडल ने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पीरियड आधार पर गेस्ट फैकल्टी से शिक्षकों की भर्ती को मंजूरी प्रधान की है, जो बहुत दुर्भाग्य पूर्ण है। युवाओं ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार अपने फैसले पर पुनर्विचार करके इसको तुरंत वापस लेकर कमीशन आयोजित कर स्थायी शिक्षकों की भर्ती करें अन्यथा प्रदेश का युवा इस फैसले के खिलाफ सड़कों पर

> कांगड़ा के रहने वाले रूपांश राणा का कहना है कि पीरियड बेस आधार पर अस्थायी शिक्षकों की भर्ती प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है सरकार को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए।

> **कुल्लू** जिले के आनी की रहने वाली अंजली ठाकुर का कहना है कि सरकार की इस तरह की नीतियां युवाओं के साथ धोखा है। कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले युवाओं को सरकारी क्षेत्र में एक लाख व कुल पांच लाख रोजगार देने की बात कही थी, जिसकी वजह से युवाओं ने कांग्रेस का भरपूर सहयोग किया, लेकिन सत्ता में आने के बाद कांग्रेस युवाओं के साथ वादा खिलाफी कर रही है।

> **सिरमौर** जिले के शिलाई के रहने वाले बीएड धारक विरेंद्र का कहना है कि वो लंबे समय से कमीशन का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से एकाएक इस तरह का निर्णय लेना बहुत दुर्भाग्य पूर्ण है। कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले युवाओं के साथ बड़े-बड़े वादे किए थे और युवाओं ने पूर्व भाजपा सरकार से तंग आकर कांग्रेस का साथ दिया, लेकिन सरकार अब युवाओं के साथ वादा खिलाफी कर रही है।

> **छात्र** संगठन एसएफआई के राज्य सचिव अमित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार गेस्ट फैकल्टी के नाम पर चहेतों को भर्ती करना चाहती है। प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार के आगे घुटने टेक दिए हैं। इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति जैसी शिक्षा व्यवस्था को तबाह करने वाली नीति को हिमाचल में लागू कर रही है अमित ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्लोज 5.7 इस तरह की भर्तियों को मंजूरी देता है। एसएफआई मांग करती है कि प्रदेश में सभी भर्तियां कमीशन के आधार पर होनी चाहिए।

> **एबीवीपी** के मंत्री आकाश नेगी ने गेस्ट फैकल्टी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को युवाओं के साथ धोखा करार दिया है। प्रदेश सरकार के इस तरह के निर्णय से साफ दिखता है कि सरकार प्रदेश में शिक्षा को किराए पर देने का प्रयास कर रही है। एबीवीपी सरकार के इस फैसले का कड़ा विरोध करती है।

# मकर संक्रांति की धूम, एक क्विंटल चावल से बनाया खिचड़ी का प्रसाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में जगह-जगह मकर संक्रांति के अवसर पर लोगों को खिचड़ी का प्रसाद दिया गया। सनातन धर्म सभा, गंज मंदिर में सभा की ओर से खिचड़ी, घी, दही और पापड़ प्रसार के रूप में लोगों को बांटा गया। इसके लिए यहां पर भंडारे का आयोजन किया गया था। शहर के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मकर संक्रांति में करीब एक क्विंटल चावल की खिचड़ी तैयार की गई थी।

दोपहर बाद से शाम तक यहां पर लोगों को प्रसार वितरण किया गया। सनातन राम सभा के अध्यक्ष अजय सूद ने बताया कि सनातन धर्म मंदिर गंज में वर्ष 1885 से मक्रर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी व घी बांटने की परंपरा चलाई थी। पूर्वजों ने परंपरा को शुरू किया था, तब से पीढ़ी दर पीढ़ी सनातन धर्म के लोग इस परंपरा का निर्वहन करते आ रहे हैं। इसमें सभा के अध्यक्ष अजय सूद के अलावा अशोक मित्तल, रजनीश चोपड़ा आदि मौजूद रहे।



मकर संक्रांति के अवसर पर आईजीएमसी में भंडारे के दौरान प्रसाद ग्रहण करते लोग।

### छोटा शिमला गुरुद्वारे में बंटा लंगर

मक्रर संक्रांति पर जहां शहर में जगह-जगह खिचड़ी बांटी गई, तो वहीं दूसरी ओर छोटा शिमला गुरुद्वारे में लंगर का आयोजन किया गया था। यहां पर भी सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारा सिंह सभा मंदिर कमेटी के प्रधान अजय ने बताया कि 17 जनवरी को प्रकाश पर्व पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सहज पाठ, स्त्री सतसंग सभा और कीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा।

### आईजीएमसी में बांटा खिचड़ी का प्रसाद

शहर के बाजारों व अस्पतालों में लंगर लगाए गए। इसके अलावा जरुरतमंदों को राशन भी वितरित किया गया। आईजीएमसी अस्पताल में नोफल संस्था ने खिचड़ी का लंगर लगया। इस दौरान कई लोगों ने खिचड़ी का स्वाद लिया। अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों व तीमारदारों ने खिचड़ी चखी। संस्था की ओर से लोगों को राशन भी वितरित किया गया।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से कम हुई पानी की पंपिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में गिरी पेयजल परियोजना में बिजली ट्रांसफार्मर खराब हो गया है, जिस कारण शहर में पानी की पंपिंग कम हुई है। गिरी पेयजल परियोजना से 19 एमएलडी पानी शिमला शहरवासियों को मिलता है। पानी की पंपिंग कम होने से लोगों को पानी की समस्या हो सकती है। रविवार को गिरी पेयजल परियोजना से सात एमएलडी ही पानी की पंपिंग हो पाई, जो कि अन्य दिनों से 12 एमएलडी कम है।

राजधानी शिमला में पानी की कमी लोगों को सता रही है। लिहाजा रविवार के दिन लोगों को 23.52 एमएलडी पानी मिला, जो कि जरूरत से 25 एमएलडी कम है। बिजली बोर्ड के कर्मचारियों की ओर से ट्रांसफार्मर को ठीक करने का काम किया जा रहा है, लेकिन शाम तक भी बिजली

- **शहर में कम हो सकती है पानी की सप्लाई**
- **लोगों को 23.52 एमएलडी पानी मिला, जो कि जरूरत से 25 एमएलडी कम है**

**शहर में आया कुल पानी**

- गुम्मा - 7.86
- गिरी - 7.12
- चुरट - 3.29
- सियोग - 0.16
- चैहड़ - 0.90
- कोटि ब्रांडी - 4.19
- कुल पानी - 23.52

आपूर्ति नहीं हो सकी। पेयजल कंपनी का कहना है कि जैसे ही बिजली बोर्ड अपना काम पूरा कर लेता है, वैसे ही सप्लाई सुचारु रूप से शुरू हो जाएगी। पेयजल कंपनी की ओर से कोई परेशानी नहीं हो रही है।

## हरिद्वार तुल्य तीर्थ माइपुल में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ठियोग**

ठियोग सहित ऊपरी शिमला के हरिद्वार तुल्य प्रसिद्ध तीर्थ माइपुल में मकर संक्रांति एवं माघी पर्व के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

इस दौरान प्रसिद्ध तीर्थ स्थल माईपुल में सबसे पहले सुबह पांच क्षेत्र के आराध्य देवता भूतेश्वर महाराज ने पवित्र गिरी गंगा घाट में स्नान किया। इसके उपरांत आसपास के क्षेत्र सहित विभिन्न के क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं ने गिरी गंगा घाट में स्नान किया। इस दौरान मंदिर कमेटी के प्रधान हेतराम भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर हर वर्ष मंदिर कमेटी की ओर से विशेष प्रबंध किए जाते हैं और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठहरने की व्यवस्था भी मंदिर कमेटी की ओर से की गई थी। उन्होंने बताया कि प्रसिद्ध तीर्थ



माइपुल में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम।

स्थल माईपुल में हर वर्ष 10 से 15 हजार श्रद्धालु मकर संक्रांति के अवसर पर शीश नवा ने आते हैं और देवता महाराज से अपने जीवन में सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

इस वर्ष इस तीर्थ स्थल पर तुलादान की व्यवस्था भी की गई थी। मंदिर कमेटी की ओर से एक विशाल भंडारे का भी आयोजन इस दौरान किया गया है तथा श्रद्धालुओं के जलपान की व्यवस्था भी की गई है। मकर संक्रांति पर्व की सफल आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिला है और यातायात को दुरुस्त रखने के लिए पुलिस कर्मियों की ओर से विशेष सहयोग दिया गया। गिरी नदी में स्नान के लिए भी पुख्ता प्रबंध किए गए थे, जबकि मंदिर में भी पूजा-अर्चना का कार्यक्रम पूरा दिन भर चलता रहा।

## वीकेंड पर शिमला में कम हुई पर्यटकों की संख्या

**शिमला।** राजधानी शिमला में इस बार वीकेंड पर कम सैलानी देखने को मिल रहे हैं। रविवार को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान, माल रोड और अन्य स्थानों पर बहुत कम सैलानी दिखाई दिए हैं। आपको बता दें कि नया साल शुरू होते ही शिमला में पर्यटक बर्फ देखने के लिए राजधानी का रुख कर रहे थे, लेकिन बर्फबारी न होने से सभी सैलानी निराश होकर शिमला से वापस लौटने के लिए मजबूर हो गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 17 और 18 जनवरी को मौसम खराब रहने का अनुमान लगाया गया है व इससे लोगों को थोड़े और समय तक बर्फ का इंतजार करना होगा। इस हफ्ते में शहर के होटलों के कमरों की ऑक्यूपेंसी 30 से 40 प्रतिशत तक रही है । नारकंडा, नालदेहरा सहित अन्य पर्यटन स्थलों में भी पर्यटकों की चहल-पहल कम हो गई है। पर्यटकों की संख्या कम होने से व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों में भी निराशा देखने को मिल रही है।

## साल में सड़क दुर्घटनाओं में चेहरे बिगड़ने के आ रहे 300 मामले



दुर्घटनाओं में मानव चेहरे पर लगने वाली चोटों पर जागरूकता अभियान में बताते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारत सरकार की एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन ऑफ इंडिया की हिमाचल इकाई ने 11 से 17 जनवरी तक आयोजित किए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शिमला में सड़क दुर्घटनाओं में मानव चेहरे पर लगने वाली चोटों एवं उनकी रोकथाम के संबंध में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

एसोसिएशन की हिमाचल इकाई के अध्यक्ष डॉ. योगेश भारद्वाज ने इस मौके पर कहा कि सड़क दुर्घटनाएं न केवल जानलेवा चोटों के मामले में घातक हो सकती हैं, बल्कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वे मानव चेहरे को पूरी तरह से बर्बाद और क्षत-विक्षत कर सकती हैं। इसके विनाशकारी भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक परिणाम हो सकते हैं। शिमला शहर में प्रतिदिन औसतन एक से दो मामले ऐसे आ रहे हैं, जो भविष्य में और बढ़ सकते हैं। इसीलिए लोगों में सड़क दुर्घटनाओं को लेकर जागरूकता बढ़ाना जरूरी है। इनमें से 25 प्रतिशत मामलों में बड़े ऑपरेशन की आवश्यकता होती है, जबकि बाकी 75 प्रतिशत मामलों को किसी न किसी रूप में छोटे ऑपरेशन जैसे की जबड़े की वायरिंग की आवश्यकता होती है, जिससे मरीज के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर भी अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ता है।

**राहत** स्वजनों को अपनी गाड़ी पार्क करने को लेकर परेशानी का नहीं करना होगा सामना

# केएनएच में जल्द मिलेगी पार्किंग की सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के कमला नेहरू अस्पताल में पार्किंग की समस्या से अब जल्द ही लोगों को निजात मिलने वाली है।

अस्पताल में मरीजों के लिए पार्किंग बनाई जा रही है। इसके बनने के बाद स्वजनों को अपनी गाड़ी पार्क करने को लेकर परेशानी का सामना नहीं करना होगा। लोक निर्माण विभाग की ओर से इस पार्किंग को बनाया जा रहा है। इस पार्किंग के बनने के बाद स्वजनों को पार्किंग के लिए नहीं जूझना पड़ेगा। पार्किंग को बनाने का काम शुरू हो गया है। हालांकि अभी तक केएनएच में स्वजन अपने मरीज को लेकर आते हैं, तो उन्हें पहले मरीज को छोड़ने से ज्यादा पार्किंग की चिंता रहती है। अस्पताल में आधे से ज्यादा स्टाफ अपनी गाड़ियों में



केएनएच में बन रही पार्किंग

आता है, जिस कारण अस्पताल में गाड़ी पार्क करने की जगह नहीं होती। जितनी भी महिलाएं इलाज करवाने आती हैं, वह टैक्सी या निजी वाहनों का प्रयोग करती है। पार्किंग की सुविधा न होने के कारण यहां पर मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस अस्पताल में शिमला के ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों से भी लोग इलाज करवाने के लिए आते हैं व अन्य जगह से भी मरीजों को यहां पर रेफर किया जाता है।

इस कारण अस्पताल में रोजाना बहुत ज्यादा भीड़ देखने को मिलती है। पार्किंग बनने के बाद स्वजनों को काफी राहत मिलेगी। अस्पतालों में मरीजों को गाड़ी खड़ी करने के लिए भटकना नहीं होगा।

कई बार लोग सड़क के बीचों-बीच गाड़ी खड़ी करके चले जाते हैं, इससे अस्पताल की सड़क में जाम की स्थिति बन जाती है। इस कारण एंबुलेंस को निकालने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### रोजाना होती हैं 600 के करीब ओपीडी

अस्पताल में रोजाना 500 से 600 ओपीडी महिला मरीजों की होती है। राज्य के एकमात्र महिला विशेषज्ञ अस्पताल होने के कारण यहां पर मरीजों की संख्या काफी ज्यादा रहती है। राज्य भर से महिला रोगी अपने इलाज के लिए यहां पहुंचती हैं।

> अस्पताल में पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। इसके बाद मरीजों को अस्पताल में परेशान होने की जरूरत नहीं है। लोक निर्माण विभाग इस पार्किंग को बना रहा है। अस्पताल में मरीजों को हर सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> **डॉ. रमेश चंद, एमएस कमला नेहरू अस्पताल।**

## गेस्ट और पार्ट टाइम टीचर की भर्ती करने का किया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रदेश भर में अतिथि शिक्षकों को स्कूल और कॉलेज में पीरियड के आधार पर भर्ती करने की बात कही है। एसएफआई इसका पूर्ण रूप से विरोध कर रही है। शुक्रवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में दुर्गम, जनजातीय सहित अन्य क्षेत्रों में रिक्त पदों को भरने के लिए यह फैसला प्रदेश सरकार की ओर से लिया गया है।

स्कूल व कॉलेजों में गेस्ट फैकल्टी की नियुक्ति करने की तैयारी में है। एसएफआई का कहना है कि प्रदेश सरकार ने केंद्र की भाजपा सरकार के आगे घुटने टेक लिए हैं। इसलिए यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति जैसी शिक्षा व्यवस्था को तबाह करने वाली नीति को प्रदेश में लागू करने पर उतारू हो रही है। एसएफआई के अध्यक्ष रमन थारटा ने कहा कि प्रदेश के स्कूलों में रिक्त पदों को नियमित आधार पर न भरते हुए वहां पर गेस्ट लेक्चरर के नाम से पार्ट टाइम अध्यापकों की भर्ती की जा रही है।

एसएफआई ने सरकार को इस फैसले को जल्द वापस लेने को कहा है, यदि सरकार इस फैसले को तुरंत वापस नहीं करती है, तो एसएफआई आने वाले समय में आंदोलन करेगी।

- **छात्रों के विश्वास और भविष्य के साथ खेल रही प्रदेश सरकारः एसएफआई**

### शिक्षक वीर इसी नीति का था नतीजा

शिक्षक वीर इसी नीति का नतीजा था, जिसका विरोध होने के बाद प्रदेश सरकार ने शिक्षक वीर नीति के बारे में चर्चा की थी। उसके बाद आश्वासन दिया गया था कि इस तरह की कोई भी नीति प्रदेश सरकार नहीं ला रही है। कुद महीनों बाद ही प्रदेश सरकार शिक्षक वीर नीति लागू करने जा रही है ।

## आवारा कुत्तों के स्टरलाइजेशन के बाद लगाया जाए चिन्ह

**शिमला।** नगर निगम शिमला के न्यू शिमला वार्ड में रविवार को वार्ड सभा का आयोजन किया गया। इसका आयोजन वार्ड पार्षद निशा ठाकुर ने किया। वार्ड सभा निगम शिमला के संयुक्त आयुक्त भुवन शर्मा की अध्यक्षता में की गई। इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस सभा में उपस्थित लोगों ने कहा कि निगम शिमला आवारा कुत्तों की स्टरलाइजेशन के बाद उन कुत्तों पर चिन्ह लगाया जाना चाहिए। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। इसके अलावा पेड़ों की लॉपिंग और सड़क के मामले पर भी चर्चा की गई। वार्ड पार्षद निशा ठाकुर ने पार्क में टूटे झूले को ठीक करने ,ड्रेनेज सिस्टम, कम्युनिटी हॉल और वार्ड में सुलभ शौचालय बनाने की मांग की है। शहर के इस वार्ड के विकास के लिए पूरा एक प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

- **न्यू शिमला में किया गया वार्ड सभा का आयोजन**

# माता इच्छापूर्ति मंदिर में दानपात्र से नकदी चोरी, माइक भी ले उड़े

## दानपात्र का ताला तोड़ने के प्रयास में टूटा शिव का त्रिशूल और कीर्तन वाला चिमटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

कुमारहट्टी के वीरभद्र परिसर में स्थित माता इच्छापूर्ति मंदिर में चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें पड़ी दान की रकम पर तो हाथ फेरा ही, मंदिर में रखे दो माइक व एंप्लीफायर भी उड़ा ले गए। आज सुबह मंदिर के पुजारी के पहुंचने पर चोरी की घटना का खुलासा हुआ।

मंदिर के संचालकों ने डगशाई पुलिस चौकी में मामले की जानकारी दी। पुलिस की टीम ने मौके का निरीक्षण करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने चोरी की इस घटना को शनि-रविवार की रात को अंजाम दिया। आज सुबह जब मंदिर के पुजारी बालक राम पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचे, तो मंदिर का प्रवेश द्वारा टूटा देख हैरान रह गए, जब वे मंदिर के अंदर पहुंचे, तो उन्हें अंदर रखा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा मिला। भगवान शिव का त्रिशूल टूटा पड़ा था, कीर्तन में प्रयोग होने वाला चिमटा भी मुड़ा पड़ा था। चंदन घिसने वाला पत्थर भी दानपात्र के पास पड़ा मिला। दानपात्र का ताला टूटा हुआ था। ऐसा लगता है कि चोरों ने दानपात्र का ताला तोड़ने के लिए पहले भगवान शिव के त्रिशूल का सहारा लिया, लेकिन जब त्रिशूल टूट गया, तो चिमटे से ताला तोड़ने की कोशिश की गई, जब चिमटे का अगला हिस्सा मुड़ गया, तो चंदन घिसने वाले पत्थर से मारकर दानपात्र का ताला तोड़ा गया।


शिव लिंग के पास टूटा पड़ा त्रिशूल

### समिति के पदाधिकारियों को करवाया अवगत

उन्हें यह पता नहीं कि दानपात्र में कितने रुपए पड़े थे, लेकिन आज दानपात्र पूरी तरह से खाली पड़ा था। दानपात्र पर जूते के निशान साफ दिखाई पड़ रहे थे। उन्होंने घटना से मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों को अवगत करवाया। जहां से उगशाई पुलिस चौकी को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस की टीम ने आकर मौके का मुआयना किया। फिलहाल पुलिस चोरी की इस घटना की जांच में जुटी है।

## लड़ रहे शराबी बाप बेटे को छुड़ाया, तो मिली धमकियां

**अर्की।** कुहनार में देवता के कार्यक्रम के दौरान शराब पीकर आपस में भिड़ रहे बाप-बेटे का बीच बचाव करने एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। अगले दिन पिता से लड़ाई करने वाला बेटा उसके घर में ही आ धमका और उसके साथ जमकर गाली-गलोच के साथ उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कुहनार पुलिस थाने में तहरीर सौंपकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार जमनादास नामक व्यक्ति ने दी गई तहरीर में कहा है कि शुक्रवार के उसके गांव में देवता की पूजा थी। जमनादास का आरोप है कि दोनों ने ही शराब पी रखी थी। कार्यक्रम के दौरान पिता-पुत्र किसी बात पर आपस में लड़ने लगे। जमनादास ने दोनों का बीच-बचाव किया और उन्हें घर के लिए विदा कर दिया। शनिवार को आशीष उसके घर पहुंचा और आंगन में आकर उसके साथी गाली-गलौच करने लगा। लोगों को एकत्रित होते देख आशीष उसे जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। जमनादास की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# इस बार लोस चुनाव में दोगुनी होनी चाहिए रेणुका क्षेत्र से लीड

**अनंत ज्ञान, श्रीरेणुका जी**


सांसद सुरेश कश्यप को स्मृति चिन्ह भेंट करते गोसदन के पदाधिकारी

शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप ने रविवार को सती बाग गोसदन में भवन का भूमि पूजन किया। यहां आयोजित एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह भवन एक माह में पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए सांसद निधि से तीन लाख रुपए की प्रथम किस्त दे दी गई है।

गोवंश के विकास के लिए यह बहुत बड़ा कदम है। इस गोशाला में लोगों की मेहनत देखने को मिलती है। अयोध्या के राम मंदिर का जिक्र करते हुए सुरेश कश्यप ने कहा कि 22 जनवरी का ऐतिहासिक पल हिंदू समाज को 500 वर्षों बाद मिला है। इसके लिए भाजपा अपने आप को सौभाग्यशाली समझती है, जिन्हें शिलान्यास का मौका विश्व हिंदू परिषद ने दिया है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम के विराजमान होने पर दीप जलाकर दिवाली मनाए। सांसद कश्यप ने कांग्रेस सरकार के एक साल के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि सुख की सरकार का एक साल का कार्यकाल निराशा भरा रहा।

प्रदेश में विकास थम गया है, प्रदेश की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। कांग्रेस के लोग भी व्यवस्था परिवर्तन को स्वीकार नहीं कर रहे हैं। वह प्रत्येक पंचायत में आपदा के समय लोगों तक पहुंचे हैं। उन्होंने लोगों को राशन भी पहुंचाया है। कश्यप 2024 के लोकसभा के इलेक्शन को लेकर काफी आश्वस्त नजर आए। 2024 में नरेंद्र मोदी की ही सरकार बनेगी। 2018 की लोकसभा चुनाव में रेणुका विधानसभा क्षेत्र से उन्हें 16000 मतों की लीड मिली थी, जिसे डबल करना होगा। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी नारायण सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, पंचायत प्रधान पंकज गर्ग, शकुंतला देवी, विजयपाल ठाकुर, अरुण गर्ग, हरीश गर्ग व प्रेम ठाकुर सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बातल शिव मंदिर कार्यक्रम का लुटरु महादेव के संतों को आमंत्रण


लुटरु महादेव मंदिर के संतों को निमंत्रण देते मंदिर समिति के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

अयोध्या में होने वाले श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन प्रत्येक शहर, गांव में धार्मिक अनुष्ठान, सामूहिक यज्ञ के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में बातल पंचायत के ग्राम वासियों ने लुटरु महादेव अर्की के संतों को 22 जनवरी को बातल के शिव मंदिर में होने वाले धार्मिक अनुष्ठान में आने का निमंत्रण दिया है। कार्यक्रम आयोजन समिति ने बताया कि 21 जनवरी रविवार गांव में भजन-कीर्तन करते हुए शोभायात्रा निकाली जाएगी व अखंड रामायण का पाठ आरंभ होगा। 22 जनवरी को सुबह सामूहिक विजय मंत्र का जाप, यज्ञ व अयोध्या में श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाने के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसी दिन रात्रि को जागरण व सामूहिक आरती के समय प्रत्येक घर से एक दीपक लाकर शिव मंदिर में दीपोत्सव मनाया जाएगा व गांव के प्रत्येक मंदिर व हर घर में दीप जलाए जाएंगे।

# 33 केवीए सब स्टेशन साढ़े तीन दशक पुराना, नहीं बदल पाया विभाग

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़**

वैसे तो बिजली विभाग की ओर से हमेशा अपने उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवाएं प्रदान करने के दावे किए जाते हैं और इसके लिए राजीव गांधी ग्रामीण बिजलीकरण मिशन के तहत करोड़ों रुपए का बजट पिछले कुछ सालों में राजगढ़ उपमंडल में विभाग की ओर से खर्च भी किया गया है, लेकिन उपमंडल मुख्यालय राजगढ़ में आज भी बाबा आदम के जमाने के विद्युत सब स्टेशन से काम चलाया जा रहा है।

यह सब स्टेशन विभाग का सबसे प्रमुख सब स्टेशन है, जहां से अनेक स्थानों के लिए बिजली सप्लाई जाती है। उपमंडल मुख्यालय राजगढ़ में बिजली विभाग का 33 केवीए सब स्टेशन करीब साढ़े तीन दशक पुराना है, लेकिन विभाग इसे अभी तक नहीं बदल पाया है, जिसके चलते समूचे राजगढ़ क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति अक्सर बाधित रहती है। बिजली के कट सर्दियों में लगना तो आम बात हो गई है। आए दिन बिजली की आपूर्ति सुचारु न होने से लोगों में रोष व्याप्त है। राजगढ़ में वर्ष 1989 में सब स्टेशन की स्थापना की गई थी।

उस समय यहां एसीबी प्रणाली वाला सब स्टेशन लगा था। आज 34 वर्षों का समय गुजर जाने के बाद भी इस सब स्टेशन का आधुनिकीकरण नहीं किया जा सका है। यह प्रदेश भर का शायद सबसे पुराना सब स्टेशन होगा, जिसमें समय के साथ बदलाव नहीं हो पाया, जबकि अन्य स्थानों पर वीसीबी प्रणाली के आधुनिक सब स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं, अब तो इस पुराने सब स्टेशन के कलपुर्जे भी मिलने बंद हो चुके हैं। खराब होने की स्थिति में इसे जुगाड़ तंत्र से चलाया जा रहा है। किसी भी लाइन में फाल्ट होने पर इस आधुनिक सब स्टेशनों में एसीबी बंद हो जाते हैं।

विभाग कई वर्षों से यहां नया सब स्टेशन लगाने का प्राकलन उच्च अधिकारियों को भेजता रहा है, लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि बिजली बोर्ड के आला अधिकारी इस कार्य को प्राथमिकता पर करने के स्थान पर फाइल को इधर से उधर घुमाते रहते हैं। (अनंत ज्ञान)

### अदालत में जनहित याचिका दायर की जाएगी

लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि विभाग ने जल्द यहां सब स्टेशन नहीं बदला, तो विभाग के खिलाफ अदालत में जनहित याचिका दायर की जाएगी। ग्रामीणों ने उच्च न्यायालय से इतनी बड़ी कोताही के इस मामले का स्वतः संज्ञान लेने की भी गुहार लगाई है। इस बारे में अधिशाषी अभियंता नरेंद्र ठाकुर से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि यहां सब स्टेशन के आधुनिकीकरण का करीब साढ़े तीन करोड़ का प्राकलन बिजली बोर्ड की स्वीकृति के बाद निदेशक वित्त को चला गया है। निदेशक वित्त की स्वीकृति मिलने के बाद ही यह कार्य करवाया जा सकेगा।

# साइंस फार्मा के कर्मचारियों ने 105 यूनिट रक्त किया दान



लोहड़ी पर लगाए गए शिविर में रक्तदान करते लोग।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

नेंज फार्मा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने रोटरी क्लब के सहयोग से लोहड़ी पर्व के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें कंपनी के कई कर्मचारियों ने रक्तदान किया। रामपुरघाट स्थित कंपनी परिसर में रोटरी क्लब की अध्यक्षा सहित पूरी टीम पहुंची।

शिविर में आइएमए ब्लड बैंक देहरादून से टीम पांवटा साहिब पहुंची। इस रक्त दान शिविर में नेंज मेड साइंस फार्मा के कर्मचारियों ने लगभग 105 यूनिट रक्त दान किया गया। इस प्रोजेक्ट के मैनेजर सरदार मनमीत सिंह मल्होत्रा रहे। सरदार मनमीत सिंह रोटरी क्लब के प्रमुख सदस्य व नेंज फार्मा के निदेशक भी हैं। मनमीत सिंह ने कहा कि रक्तदान जीवन का महादान है और इसे समय-समय पर सभी को करना चाहिए। नेंज मेड साइंस फार्मा प्राइवेट लिमिटेड की ओर से इस रक्त दान शिविर में दूध, फल, जूस आदि का वितरण भी किया गया। इस दौरान क्लब की प्रेजिडेंट कविता गर्ग, राकेश गर्ग, डॉ. परवेश सबलोक, शांति गुप्ता एवं नेन्ज फार्मा के मानव संसाधन विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक अमनदीप सिंह, दीप्ति कपूर, धीरज शर्मा और बलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## सलोनी का उत्तर क्षेत्रीय अंतर विवि प्रतियोगिता में चयन

**सोलन।** डिग्री कॉलेज नालागढ़ की छात्रा सलोनी का उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 18 से 21 को हरियाणा के भिवानी स्थित चौधरी बंसी लाल यूनिवर्सिटी में होगी। प्रतियोगिता में सलोनी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।

सलोनी वर्तमान में महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है। इससे पूर्व सलोनी जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर रजत पदक जीत चुकी है। सलोनी का चयन पिछले माह सुंदरनगर के महाराजा लक्ष्मण सेन महाविद्यालय में हुई हिमाचल प्रदेश अंतर-महाविद्यालय महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में किए गए शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। उनके चयन पर प्राचार्य डॉ. सपना पंडित, शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप खेल सहायक आशीष तथा अन्य खिलाड़ियों ने प्रसन्नता जाहिर की तथा उम्मीद जताई है।

# रेणुका विकास बोर्ड ने मकर संक्रांति पर किया हवन यज्ञ


हवन यज्ञ करते रेणुका विकास बोर्ड के सीईओ रविंद्र गुप्ता व अन्य।

**अनंत ज्ञान, श्री रेणुका जी**

मकर संक्रांति के पर्व पर रविवार को रेणुका विकास बोर्ड ने हवन यज्ञ का आयोजन किया।

रेणुका विकास बोर्ड के कार्यकारी सीईओ रविंद्र गुप्ता, इंद्रप्रकाश गोयल, अजय गर्ग, गौरव गुप्ता, देवा रमेश, कपिल सहित कई लोग उपस्थित थे। मकर संक्रांति के पुण्य पर्व पर श्रद्धालुओं ने रेणुका झील में रविवार को स्नान किया। भगवान परशुराम व माता रेणुका के मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। हिमाचल प्रांत के श्री महंत व महामंडलेश्वर दयानंद भारती ने बताया कि संक्रांति पर्व में स्नान करने का महत्व भागीरथी, अन्य नदियों व समुद्र में स्नान करने के बराबर फल पवित्र रेणुका झील में स्नान करने से मिल जाता है। संक्रांति पर्व में स्नान करने से मनुष्य के कायिक, वाचिक व मानसिक पाप नष्ट हो जाते हैं। उधर, भगवान परशुराम के पिता जमदग्नि यानी टप्पे के टीले पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। बताया जाता है मकर संक्रांति को यहां जाने पर लोगों की मन्नत पूरी होती है। इस दौरान यहां भंडारे का आयोजन भी किया गया।

# सरकारी अस्पताल में मरीजों के लिए चाय और ब्रैड की सेवा शुरू

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

सर्व सहायता संगठन ने ठंड को देखते हुए बद्दी के सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों के लिए चाय व ब्रैड की व्यवस्था की है। विदित रहे कि बद्दी सरकारी अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की लाइन लगनी शुरू हो जाती है।

उनके लिए हर वर्ष सर्व सहायता संगठन शीतकालीन सत्र में चाय, बिस्किट, ब्रैड की सेवा प्रदान करता है। संगठन के अध्यक्ष कपिल शर्मा के नेतृत्व में चाय की सेवा का शुभारंभ हुआ। संगठन के अध्यक्ष कपिल शर्मा व सेवादार मदन गोपाल गुप्ता ने कहा कि ठंड के कारण काफी मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिसको ध्यान में रखते हुए हमारी पूरी टीम इस कार्य के लिए हर वर्ष सभी के सहयोग से चाय, बिस्किट, ब्रेड की सेवा का आयोजन करती है। इस आयोजन में क्षेत्रीय निवासी भी भाग लेते हैं और अपनी शादी की सालगिरह, जन्मदिन आदि खुशियों के मौके पर इस सेवा के स्टाल पर जाकर अपनी सेवा देते हैं, जिससे प्रतिदिन 300 से 350 मरीजों व उनके तीमारदारों को इसका लाभ मिलता है। सेवा स्थल पर एक सेवा का पात्र भी लगाया गया है, अगर कोई अपनी स्वेच्छा से सेवा करना चाहता है, तो वह भी सेवा दे सकता है।

इस कार्य का संचालन मदन गोपाल गुप्ता की देख-रेखा में किया जाएगा। अगर कोई अपना सहयोग देना चाहता है, तो सरकारी अस्पताल के निकट मदन गोपाल गुप्ता से संपर्क कर सकते हैं।


अस्पताल में निशुल्क चाय सेवा के लंगर का शुभारंभ करते सर्व सहायता संगठन के सेवादार।

## मतदाताओं को दिया ईवीएम व वीवीपैट का प्रशिक्षण

**राजगढ़।** राजगढ़ में ईवीएम का प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं तहसीलदार राजगढ़ उमेश शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचन भागीदारी कार्यक्रम (स्वीप) के तहत राजगढ़ में मतदाताओं को लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया। इसके तहत मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के विषय में लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई।

उमेश शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 में प्रयोग की जाने वाली एम-तीन ईवीएम और वीवीपैट मशीनें जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता के लिए राजगढ़ विकास खंड के स्कूलों-कॉलेजों व पंचायतों में ईवीएम का प्रशिक्षण दिया गया। चुनाव ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों की ओर से आमजनमानस व युवाओं व नए मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपेट की पूरी जानकारी दी गई।

# युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों में हिस्सा लेना चाहिए


प्रतियोगिता के शुभारंभ पर ट्रॉफी के साथ उपस्थित अतिथि।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

रविवार को पातालेश्वर महादेव क्रिकेट ट्रॉफी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व ऊर्जा मंत्री व पांवटा दून के विधायक चौधरी सुखराम ने शिरकत की। उन्होंने शॉट मारकर प्रतियोगिता का आगाज किया व खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए विभिन्न खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। गोल्ड मेडल जीतकर लाने चाहिए और अपने क्षेत्र और देश का नाम रोशन करना चाहिए। खेलने से शारीरिक फिटनेस भी ठीक रहती है और शरीर तंदुरुस्त रहता है। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि जब खेलेगा भारत तभी तो जीतेगा भारत। इस मुहीम के तहत पूरे देश में युवाओं को मोटिवेशन मिलता है।

इस समारोह में पंचायत प्रधान सज्जन सिंह, राहुल चौधरी, मोहन सहोता, गुरुबचन चौधरी, जसवीर सिंह, संजू और सभी क्लब के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य आयोजनकर्ता लकी फौजी और पूरे क्लब के सदस्य रहे हैं।

**समस्या** मिल्ला के पंचायत घर में न तो खिड़कियां और न ही दरवाजे लगाए, अधिकारियों ने नहीं की कार्रवाई

# आठ साल से अधर में लटका पंचायत भवन का कार्य

**प्रीति चौहान, पांवटा साहिब**

जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र का गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं भी कुछ खास नहीं हैं। इन गांवों में विकास की तस्वीर बयां करता मिल्ला पंचायत का आधा अधूरा पंचायत भवन पूरे शिलाई क्षेत्र के विकास कार्यों की बानगी पेश कर रहा है। यह इलाका काफी दुर्गम है और टिंबी से लगभग 10 किलोमीटर ऊपर है।

नेता यहां केवल चुनाव के समय आते हैं। बाकी समय तो यहां के लोगों को ही नेताओं की तलाश में यहां से वहां भटकना पड़ता है। इस बारे में जब स्थानीय निवासी हेमराज राणा ने बताया कि पिछले आठ साल से मिल्ला के पंचायत भवन का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। आज तक पंचायत घर का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। पंचायत घर में न तो खिड़कियां लगाई गई हैं और न ही दरवाजे। हेमराज राणा ने एप 1100 के माध्यम से कई बार शिकायत दर्ज करवाई। मगर स्थानीय अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। वे बार-बार आवाज उठाते हैं कि क्षेत्र में ग्रामीणों को अच्छी सुविधाएं मिलें। कई सालों से ग्रामीण प्रयास कर रहे हैं कि पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूरा हो जाए। गौर हो कि मिल्ला गांव के लोग काफी समय से पंचायत भवन निर्माण कार्य के लिए आवाज उठा रहे हैं। मगर न तो कोई नेता, न ही प्रशासन इस और ध्यान दे रहा है। लोगों को सवाल है कि आखिर कैसे पंचायत में विकास होगा, जब पंचायत भवन ही अधूरा है। (अनंत ज्ञान)




मिल्ला पंचायत का अधूरा बना पंचायत भवन (दाएं) भवन में खिड़कियों पर बैनर लगाकर किया जा रहा काम।

# साहब! पर्यावरण से हो रहा खिलवाड़ खनन विभाग पहुंचा पुलिस के द्वार

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

गिरी नदी में ट्रैक्टर की ओर से खनन किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण को भी खतरे में डाला जा रहा है। अब माइनिंग विभाग भी इस अवैध खनन की शिकायतों पर अपनी मोहर लगा चुका है। माइनिंग इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने पुरुवाला पुलिस स्टेशन में दी गई तहरीर में गिरी नदी में अवैध खनन की शिकायत दी है।

माइनिंग इंस्पेक्टर ने कहा कि मानपुर देवड़ा बांगरण के आसपास कुछ अज्ञात लोग रात के समय में अवैध खनन में लिप्त रहते हैं, पिछले दिनों खनन माफिया के खिलाफ पुलिस व खनन विभाग ने संयुक्त रूप से छापेमारी की थी, लेकिन टीम को देखते ही सभी लोग मौके से ट्रैक्टर लेकर भाग गए। माइनिंग विभाग की तरफ से पुरुवाला पुलिस थाने के प्रभारी को दी गई तहरीर में आवश्यकता जताई गई है कि क्षेत्र में पुलिस व खनन विभाग की संयुक्त टीम बनाकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहनी चाहिए।

माइनिंग निरीक्षक ने खनन माफिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग भी उठाई है। उन्होंने पुलिस को आश्वासन दिया है कि खनन विभाग पुलिस का इस मामले में पूर्ण रूप से सहयोग करेगा। इससे पहले भी जिला खनन अधिकारी कुलभूषण शर्मा के निर्देशों के बाद माइनिंग इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने अवैध खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई की थी, पहले भी वे खनन माफिया के खिलाफ मुकदमे दर्ज करवा चुके हैं।

जिला खनन अधिकारी कुलभूषण शर्मा ने कहा कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ विभाग लगातार कड़ी कार्रवाई कर रहा है तथा उन्होंने निर्देश दिए हैं कि उनके कर्मचारी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाएं, ताकि खनन माफिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।


गिरी नदी में खनन करते ट्रैक्टर।

हैप्पी बर्थडे



लव (जवाली) के वरुण कृष्णा को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की तरफ से हार्दिक बधाई

## राज्य स्तरीय लोहड़ी उत्सव परागपुर में कलाकार मोहित गर्ग, कुमार सहिल व अनुज शर्मा ने नचाए दर्शक

# 'बोतल रह गई ठेके... कोई नशा कराईदे'

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

धरोहर गांव परागपुर में चलने बाला राज्य स्तरीय लोहड़ी मेले की स्टार नाइट लाखों प्रशंसकों के दिलों में राज करने वाले पहाड़ी लोक गायक मोहित गर्ग, कुमार साहिल व इंडियन आइडल फेम अनुज शर्मा के नाम रही।

एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस स्टार संध्या में बतौर चीफ गेस्ट मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने शिरकत की। जबकि जसवां परागपुर के दिग्गज कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया विषेश अतिथि के रूप मे माजूद रहे। पहाड़ी गानों के सरताज मोहित गर्ग ने रात करीब आठ बजे मंच संभालते ही लोगों की फरमाइस पर रुनझुनुआ गाने की प्रस्तुति दी। इसके बाद मोहित गर्ग ने बारी बिच बेईके मुंडा निंबुआं निचोड़ा, बोतल रह गई ठेके आदि पहाड़ी गानों पर ऐसी झड़ी लगाई कि पंडाल में बैठे युवा दर्शक नाचने पर मजबूर हो गए। वहीं, थाना प्रभारी गुरदेव सिंह के नेतृत्व में पहुंची रक्कड़ पुलिस को काबू करने के लिए सर्दी में भी खूब पसीना बहाना पड़ा। वहीं, इसके पश्चात ज्योति ही इंडियन आइडल फेम कुमार साहिल मंच पर पहुंचे तो पंडाल में बैठे तमाम दर्शकों की सीटियों व तालियों की गड़गड़ाहट से समूचा क्षेत्र गूंज उठा। कलाकार कुमार साहिल ने हिंदी गाने दर्दे दिल दर्दे जिगर, बदन पे सितारे लिपेटे हुए से शुरुआत करने के बाद दर्शकों की फरमाइस पर इस गराएं देया लंबड़ा ओ इन्हा छोरुआं जो लिया समझाई, नच मेरी घुंघरिए, कजरा मोहब्बत वाला आदि पहाड़ी गानों पर ऐसा समा बांधा कि वहां दर्शक स्टेज के निकट आकर इस कद्र झूमने शुरू हो गए कि पुलिस को उन्हे काबू करने के लिए एक बार फिर कड़ी मशक्कत करना पड़ी। इंडियन आइडल फेम अनुज शर्मा ने भी एक के बाद एक दर्शकों की फरमाइस पर पहाड़ी, पंजाबी व हिंदी गानें सुनाकर खूब समां बांधा। इससे पूर्व लोक गायक सुरेश कुमार ने आने से उसके आए बहार, पहाड़ी गायिका कुसम ने प्यार का दीवाना आदि गाने सुनाकर राज्य स्तरीय लोहड़ी महोत्सव को और चार चांद लगा दिए।






स्टार संध्या में बतौर चीफ गेस्ट पहुंचे मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल कार्यक्रम का आनंद लेते हुए।

### भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत

**कलाकार** कुमार साहिल ने हिंदी गाने दर्दे दिल दर्दे जिगर, बदन पे सितारे लिपेटे हुए से शुरुआत करने के बाद दर्शकों की फरमाइस पर इस गराएं देया लंबड़ा ओ इन्हा छोरुआं जो लिया समझाई, नच मेरी घुंघरिए, कजरा मोहब्बत वाला आदि पहाड़ी गानों पर ऐसा समा बांधा कि वहां दर्शक स्टेज के निकट आकर इस कद्र झूमने शुरू हो गए कि पुलिस को उन्हे काबू करने के लिए एक बार फिर कड़ी मशक्कत करना पड़ी।

## रक्कड़ में मा की महिमा का गुणगान

**डाडासीबा।** रक्कड़ स्थित ऐतिहासिक माता स्वस्थानी मंदिर में रविवार को माता का जन्मदिन 12वां जन्मदिन बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इसमें चौली के मशहूर जागरण ग्रुप सरगम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा माता का गुणगान किया। सर्वप्रथम मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर में झंडा रस्म की अदायगी की गई व उसके बाद हवन यज्ञ का भी भव्य आयोजन किया गया। गरली से भजन गायक विक्रम ठाकुर द्वारा मनवा तेरा गणपति लाड़ला गणेश वंदना के साथ शुरुआत की। तदोपरांत हिमाचल के मशहूर भजन गायक सुदर्शन सरगम द्वारा माता रानी की विभिन्न हाजरियां लगाई गयी। सुदर्शन द्वारा रचना श्याम दे नाल पर वहां उपस्थित संगत को नाचने पर मजबूर कर दिया। तदोपरांत गायक अक्षय शर्मा द्वारा शेरा वाली पसन्द क्यों आयी भजन गाकर भक्तों को निहाल किया। स्थानीय मंदिर कमेटी मुकेश शर्मा, संजीव शर्मा, नवीन शर्मा, राजीव शर्मा, विशाल शर्मा, अनुज शर्मा, रणजीत, उमेश डोगरा द्वारा वहां उपस्थित सभी कलाकारों को माता की चुनरी पहनाकर सम्मानित किया गया।

## धरना 19 को

**धर्मशाला।** पठानकोट-जोगेंद्रनगर रेल लाइन पर 18 जनवरी तक ट्रेनें बहाल न हुई तो 19 जनवरी को दिल्ली के जंतर मंतर में धरना दिया जाएगा और इस संबंध में उपायुक्त कांगड़ा के माध्यम से रेल मंत्री को ज्ञापन भी भेजा गया है। यह बात धर्मशाला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए नव भारत एकता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीसी विश्वकर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि पहली अगस्त, 2023 से रेल लाइन पर ट्रेनें बंद पड़ी हैं।

# सांबा गांव में बंदूक साफ करते गोली चली, व्यक्ति घायल

## घायल टांडा अस्पताल के बाद पीजीआई रैफर

**अनंत ज्ञान, डरोह**

पुलिस थाना भवारना की ग्राम पंचायत सांबा में एक व्यक्ति से अपनी ही बंदूक की सफाई करते समय गोली चल गई, जिससे वह घायल हो गया।

हादसा रविवार दोपहर करीब 12:30 पेश आया। परिजन उसे टांडा लेकर गए जहां से नाजुक हालत को देखते पीजीआई चंडीगढ़ रैफर किया गया है। भवारना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, उन्हें डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा से सूचना मिली कि उनके पास भवारना पुलिस थाना क्षेत्र के तहत एक व्यक्ति घायल अवस्था में आया है जिसे गोली लगी है। इसके बाद भवारना थाना से पुलिस कर्मी टांडा पंहुचे जहां पर घायल व्यक्ति बयान देने की स्थिति में नहीं था तो उसकी पत्नी मधुबाला ने बताया कि उसके पति दिलबाग सिंह दिन में अपनी बंदूक साफ कर रहे थे कि अचानक उनके हाथ से ही ट्रिगर दब गया और वह गोली उनको छूती हुई चल गई, जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

वहीं, डीएसपी, पालमपुर लोकेंद्र नेगी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि गोली किन कारणों से चली है।एक टीम टांडा अस्पताल भेजी है। घायल व्यक्ति को पीजीआई रैफर किया गया है।

## धर्मराज शिव मंदिर परिसर में सजा हवन



**डाडासीबा।** गांव पिरथीपुर फकुटी के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक शक्तिपीठ प्राचीन धर्मराज शिव मंदिर परिसर में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर विशाल हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर आयोजक पंडित राम गौपाल डोगरा की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस धार्मिक कार्यक्रम मे सैकड़ों श्रद्धालुओ ने यहां पहुचं कर यहां मंदिर में बिराजमान पडिंत विद्वानों द्वारा मंडप मे बैठकर पूरे विधि विधान से हवन यज्ञ करवा कर अपने मोक्ष का मार्ग सिद्ध किया। मंदिर पुजारी अशीश डोगरा ने बताया कि वर्ष मे एक बार मकंर संक्रांति का दिन धर्मराज पूजन के लिए विशेष महत्व माना गया है। लिहाजा मंकर संक्रांति के दिन जिला कांगड़ा भर से ही नहीं बल्कि हमीरपुर ऊना आदि कई इलाकों के श्रदालु यहां पहुचं कर धर्मराज की विशाल मूर्ति के समक्ष बैठकर हवन यज्ञ करवाते है।

# 18 जनवरी को तिनबड़ में किया जाएगा मंत्री गोमा का भव्य स्वागत




बैठक के मौजूद अखिल भारतीय कोली समाज के सदस्य।

**अजय पाल, पंचरुखी**

अखिल भारतीय कोली समाज की कांगड़ा इकाई की बैठक विश्राम गृह पंचरुखी में जिला अध्यक्ष कालिदास की अध्यक्षता में सम्पन्न की गई। बैठक में 18 जनबरी को धार क्षेत्र के मझेड़ा जोन की तरफ से रखे किबैनेट मंत्री यादविंद्र गोमा के कार्यक्रम व कोली समाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में एसडीएम उदयपुर के साथ किए गए जातीय वेदभाव की निंदा की।

बैठक में आए सभी सदस्यों के आपसी विचार विमर्श के बाद यह निर्णय लिया कि कोली समाज कांगड़ा इकाई समस्त समाज की भलाई के लिए एक संस्था का गठन करेगा। इसमें कोली समाज के सदस्य अपनी इच्छानुसार आर्थिक सहयोग कर सकते हैं। संस्था में जो भी सहयोग राशि इक्कठी होगी उससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बच्चों की पढ़ाई, जरूरतमंद बीमार लोगों व गरीब लड़कियों की शादी में सहायता करेंगे। अध्यक्ष कालिदास ने कहा कि ये बड़े गर्व की बात है कि जयसिंहपुर विधानसभा से पहली बार कोली समाज से मंत्री बना है। मंत्री का पैतृक गांव भी धार क्षेत्र में ही है इसलिए 18 जनवरी को जो तिनबड़ में कार्यक्रम रखा है। उसमे कैबनेट मंत्री यादविंद्र गोमा का भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से आग्रह किया है कि 18 जनवरी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर मंत्री का स्वागत करें। कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसलिए लोगों के जो भी कार्यों संबंधी समस्याएं हो उनको भी मंत्री महोदय के सामने रख सकते हैं। इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रताप चंद प्राकम, मुख्य संरक्षक पंजाब सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, रामेश्वर गोमा, पीके प्रेमी, मुलखराज, लेखराज, कुलजीत सिंह, भीम सिंह, रणजीत शास्त्री, दलीप सिंह,जगत राम, मोहिंद्र कुमार, दुर्गा दास, देश राज, राजेंद्र पाल व प्यार चंद मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# रेनबो इंटरनेशनल स्कूल में 'इक जिंदड़ी'

## स्कूल में 'उड़ान' समारोह की धूम, छात्रों का डांस देख सब दंग



उड़ान समारोह कार्यक्रम के दौरान रेनबो इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को सम्मानित करने का दौर।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां में रविवार को कक्षा प्री नर्सरी से लेकर कक्षा दूसरी तक भव्य 'उड़ान' समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में स्कूल की कक्षा प्रीवनर्सरी से लेकर दूसरी कक्षा तक के लगभग 600 बच्चों ने भाग लिया। इन बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां दीं।

इस भव्य समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए नगरोटा बगवां के विधायक व हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन आरएस बाली की धर्मपत्नी भूमिका बाली, फॉर्टिस हॉस्पिटल की एमडी डॉक्टर रति बाली, शारदा शर्मा ने गणमान्य व्यक्तियों के रूप में शिरकत की। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. छवि कश्यप ने अतिथिगण को पुष्प वृंद भेंटकर कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत एलके जी वलोटस के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा भगवान गणेश के गाने द्वारा की गई। नर्सरी रोज के बच्चों द्वारा 'इक जिंदड़ी', नर्सरी लोट्स के बच्चों द्वारा मौज-मस्ती ऑफ संडे पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के चलते पहली रोज के बच्चों द्वारा श्लेट्स फ्रिज द मोंमेंट श्गाने पर, एलकेजी व रोज द्वारा अपनी संस्कृति को दर्शाते हुए कठपुतली पर शो प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्कूल के जिम्नास्टकों द्वारा पावर योगा पर विशेष प्रस्तुति दी गई। इसके बाद दूसरी ट्यूलिप के बच्चों द्वारा बल्ले-बल्ले बिट्स पर पंजाबी नृत्य व दूसरी लोट्स के बच्चों द्वारा पहाड़ी नाटी, पहली लोटस के छात्रों द्वारा डांस का भूत पर नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात दूसरी रोज के छात्रों द्वारा भारतीय संस्कृति को उजागर करते हुए लोहड़ी उत्सव पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के चलते स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर छवि कश्यप ने सभी बच्चों की इस आश्चर्यमयी प्रतिभा को देखकर प्रसन्नता जाहिर की। प्रधानाचार्या ने वहां उपस्थित सभी अभिभावकों को संबोधित किया और स्कूल की उपलब्धियों अकादमीक अचीवमेंट्स, खेलो इंडिया, माइक्रोसॉफ्ट, जर्मन भाषा, एवटीवएलव, जिम्नास्टिक, टेबल टेनिस, वेटलिफ्टिंग आदि से अवगत करवाया। कार्यक्रम के चलते डॉक्टर रति बाली ने कहा कि आज इन बच्चों ने जो प्रदर्शन किया है वह वास्तव में प्रेरणादायक है। साथ ही उन्होंने स्वर्गीय जीवएसव बाली को याद करते हुए कहा कि उन्होंने नगरोटा विधानसभा क्षेत्र को अपने कार्यों से ऊंचाइयों तक पहुंचाया है और अब उन्हीं के पुत्र आरवएस बाली भी उन्हीं के पदचिह्नों पर चल रहे हैं।

### कार्यक्रम के दौरान ये रहे उपस्थित

**इस** अवसर पर एडमिनिस्ट्रेटिव मैनेजर मधु चौधरी, अकादमिक हैड रेणु मराठा, एक्टिविटी इंचार्ज सरिता शर्मा, नर्सरी बिंग की को-ऑर्डिनेटर नीना दत्त, यूवकेवजीव, पहली व दूसरी कक्षा के सभी शिक्षक गण भी उपस्थित रहे।

### होनहार छात्रों को किया सम्मानित

**प्रधानाचार्य** द्वारा विगत वर्ष शैक्षणिक क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व स्कूल के भूतपूर्व (एलुमिनीज) छात्रों आर्यन धीमान, वंशुल व्यास, आरुषि राणा, अनुज, कृष्णा, निधिश, अखिल, अकांक्षा धूपर, अंकिता और क्षितिज ठाकुर को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

### आईटीआई नैहरनपुखर में कैंपस इंटरव्यू 19 जनवरी को

**गरली।** आईटीआई नैहरनपुखर में एक बार फिर युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। आगामी 19 जनवरी को स्वराज माजदा लिमिटेड द्वारा युवाओं को आईटीआई नैहरनपुखर में कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा। कंपनी के एचआर विभाग के अधिकारी ने बताया कि 19 जनवरी को होने वाले कैंपस इंटरव्यू मे भाग लेने के शैक्षणिक योग्यता आईटीआई के तकनीकी व्यवसाय मशीनिस्ट, टर्नर, मैकेनिक मोटर व्हिकल, मेकेनिक ट्रैक्टर, मेकेनिक डीजल, टूल व डाई मेकर में कोर्स पूरा कर चुके सभी पुरुष व महिला अभ्यर्थी पात्र होंगे। कंपनी द्वारा चयनित युवाओं मे फ्रेशर को 12,688, दो वर्ष अनुभव के साथ 13,598, व तीन वर्ष अनुभव के साथ 14,638 रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त कंपनी द्वारा वर्ष 2020,2021, 2023 में आईटीआई पास कर चुके अभ्यर्थियों को बतौर अप्रेंटिशिप ट्रेनी चयन किया जाएगा। अप्रेंटिशिप ट्रेनी को प्रतिमाह 10,640 रुपए भत्ता दिया जाएगा।

# धर्मशाला में विधायक सुधीर शर्मा ने किया सबसे ऊंचे तिरंगे का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



धर्मशाला में तिरंगे का लोकार्पण करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए सुधीर शर्मा।

स्मार्ट सिटी धर्मशाला में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने दो सौगातें हिमाचलवासियों के नाम कर दी। रविवार को सुबह सुधीर शर्मा ने धर्मशाला के कचहरी चौक पर 150 मीटर ऊंचे तिरंगे का लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने दाड़ी में दुनिया के सबसे ऊंचे फिडलहैड लुंगड़ू स्कल्पचर का भी लोकार्पण किया। यह फडलहैड लुंगड़ू स्कल्पचर दुनिया में सबसे ऊंचा बताया जा रहा है। इसके सत्यापन के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकाड्र्स को लिखा गया है।

सुधीर शर्मा ने कहा कि सबसे ऊंचा तिरंगा व फडलहैड लुंगड़ू धर्मशाला में पर्यटन का नया अध्याय लिखेंगे। देश-दुनिया से आने वाले पर्यटकों के लिए ये आकर्षण का केंद्र बनेंगे। इससे पहले कचहरी चौक पर तिरंगे का लोकार्पण करते हुए सुधीर शर्मा ने कहा कि स्मार्ट रोड प्रोजेक्ट के तहत यह तिरंगा लगाया गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने बताया कि इससे पहले तिरंगे का ट्रायल किया गया था। इसके बाद इस तिरंगे को जनता के नाम समर्पित किया गया है। सुधीर शर्मा ने बताया कि स्मार्ट सिटी के 75 प्रोजेक्टों में स्मार्ट रोड एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। धर्मशाला में इस प्रोजेक्ट पर अब तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि जिस समय यह परियोजना बन रही थी, उसी समय उन्होंने इस बारे में एक सपना देखा था। वह चाहते थे कि धर्मशाला शहर में किसी एक जगह ऊंचा तिरंगा स्थापित किया जाए, जिससे देश-विदेश से आने वाले सैलानियों में अच्छा संदेश दिया जा सके। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने बताया कि यह तिरंगा दिन-रात रोशनी से जगमग होगा। धर्मशाला में बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा, एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम, शहीद स्मारक, शिक्षा बोर्ड, जिला मुख्यालय आदि प्रमुख पहचान हैं। सुधीर शर्मा ने कहा कि धर्मशाला हलके में समग्र विकास किया जा रहा है। सडकों और पुलों का काम तेजी पकड़ रहा है।

# आदि हिमानी चामुंडा में लाइट्स उखाड़ना गलत, करेंगे आंदोलन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

आज न भाजपा नेता, न पूर्व विधायक, न संस्था का अध्यक्ष केबल आदि हिमानी चामुंडा का भक्त वोल रहा हूं। प्रवीन कुमार ने रुंधे गले से कहा जितना मर्जी शक्ति का दुरप्रयोग कर कलम का हथोड़ा चला लो याद रखना भगवान की लाठी से छेड़ नहीं होती।

प्रवीन कुमार ने कहा एक तरफ 22 जनवरी को अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम लला जी के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की आपार खुशी, तो दूसरी तरफ शिखर पहाड़ी पर स्थित सिद्ध शक्ति पीठ मां आदि हिमानी चामुंडा मंदिर के रास्ते पर लगी सोलर लाईटों को उखाड़ने के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ व उप कार्यालय शिमला के अधिकारियों के आदेशों ने एक किस्म का वज्रपात करते हुए दिल को तोड़ करके रख दिया। पूर्व विधायक ने कहा यह धार्मिक आस्था पर बहुत बड़ा प्रहार है। शायद ही इस कृत्य के लिए इन्हें व शिकायतकर्ताओं को कोई माफ करे।

प्रवीन कुमार ने कहा इस मंदिर को माता वैष्णो देवी की तर्ज पर विकसित करने का संकल्प लेकर ही कड़ी मेहनत से इसे चामुंडा नंदिकेश्वर ट्रस्ट के साथ मर्ज करवाया। फिर हैलिकॉप्टर सेवा शुरू करवाई। तत्कालीन राज्य सभा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार से 50 लाख रुपए मंजूर करवाकर वन मंडल पालमपुर के माध्यम से साढे चार किलोमीटर मंदिर का रास्ता बनवाया। लेकिन अब लाइट्स उखाड़ कर अच्छा नहीं किया। अगर जल्द इस मामले में कार्रवाई नहीं की तो न्यथा बहुत बड़े धार्मिक उग्र आंदोलन का सामना करना पड़ेगा।

## अरण्यपाल का घेराव करेगी भाजपा

**धर्मशाला।** जिला कांगड़ा भाजपा की वर्चुअल अपातकालीन बैठक का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें आदि हिमानी चांमुडा मंदिर के रास्ते से सोलर लाइटों को हटाने को लेकर कड़ा आक्रोश प्रदेश सरकार व वन विभाग के अधिकारियों के प्रति जताया गया। इसके साथ ही भाजपा नेताओं ने अपने कार्यकताओं व सैकड़ों लोगों के साथ वन विभाग के मुख्य अरण्यपाल का उनके कार्यालय में घेराव करने सहित डीसी कांगड़ा से शिकायत करने की भी रणनीति बनाई है। वर्चुअल बैठक में हिमाचल प्रदेश के पूर्व विस अध्यक्ष, भाजपा कांगड़ा-चंबा प्रभारी एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार, हिमाचल भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर, संगठनात्मक जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सचिन शर्मा, विधायक पवन काजल, पूर्व विधायक अरूण कुमार कूका व भाजपा नेता राकेश चौधरी ने भाग लिया।

गुड न्यूज

## सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के दौरान विधायक केवल सिंह पठानिया ने किया ग्राउंड का भूमिपूजन

# गुब्बर गांव में 15 लाख रुपए से बनेगा खेल मैदान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

शाहपुर विधानसभा के चंगर क्षेत्र में विधायक केवल सिंह पठानिया ने मकर संक्रांति के अवसर पर लपियाना पंचायत के डिब्बर में आयोजित में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं तथा अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निदान के लिए निर्देश भी दिए गए।

विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि वर्तमान सरकार आम लोगों की समस्याओं के त्वरित निदान सुनिश्चित करने के लिए कृतसंकल्प है तथा इसी के तहत कारगर कदम उठाए जा रहे हैं, प्रत्येक पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके पश्चात विधायक केवल सिंह पठानिया ने परगोड़ पंचायत के गुब्बर में लगभग 15 लाख से निर्मित होने वाले खेल मैदान का भूमि पूजन किया तथा ठेहड़ में 12 लाख से निर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन करके जनता को समर्पित किया। वहीं परगोड़ के लिए बस को हरी झंडी देकर रवाना किया। इससे पहले शहीद परसराम एव कांग्रेस बूथ प्रभारी स्वर्गीय अवतार राणा की आत्मा की शांति के लिए दो मिंट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। बूथ कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मिलखी राम, शिवाय महिला मंडल प्रधान शारदा देवी, युवा मंडल प्रधान रजिंद्र राणा एवं सभी सदस्यों ने विधायक को शॉल टोपी पहनाकर सम्मानित किया। वहीं, विधायक केवल पठानिया ने डिबर से कपाड़ से मनेई सड़क बनाने की वादा किया। उन्होंने कहा कि डिबर के खेल के मैदान को चौड़ा करने के लिए डंगा लगाया जाएगा। लपियाना स्कूल के रास्ते के लिए पुली बनाई जाएगी। डिबर सड़क को बस सुविधा के योग्य बनाया जाएगा तथा राशन का डिपो खोला जाएगा। चंगर क्षेत्र में बिजली की समस्या को दूर किया जाएगा। शिवाय महिला मंडल डिबर को 11 हजार देने की घोषणा की कही। टांडा के लिए बस सेवा आरंभ करने का आश्वासन भी दिया। पंकज चड्ढा डीएम एचआरटीसी, अंकज सूद, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अमन चौधरी, अधिशाषी अभियंता बिजली बोर्ड अजय सोहल एसडीओ जलशक्ति विभाग, डीसी राणा नायब तहसीलदार हारचकियां, संदीप चौधरी अधिशाषी अभियंता एचपीटीसीएल कंवर सिंह बीडीओ वीपुल पुंज एसडीओ, अखिल संदू जेई जलशक्ति विभाग, सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवदत शर्मा, सुरजन सिह (चंगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष),मिलरखी राम (बूथ प्रभारी), रजिंद्र सिंह राणा (युवा मंडल प्रधान), प्रधान परगोड़ हेमराज, प्रधान मनेई निशा देवी, प्रधान मंजीत सिंह, उपप्रधान जग्गो राम, विक्रम सिंह, चमन सिंह, अमर सिंह, ठाकुर दास, जगदेव सिंह, रजिंद्र ठाकुर, सुभाष चंद प्रधान किसान सुधार क्लब डिबर, नानक चंद, शिवाय महिला मंडल प्रधान शारदा देवी, नीलम कुमारी, सावित्री देवी, मुख्तयार सिंह, तरसेम सिंह, दिवान सिंह, विधि चंद, करनैल राणा, विक्रम राणा, गिरधारी राणा, निर्मल जसरोटिया, जोगिंद्र सिंह पप्पू, अनूप सिंह पूर्व उपप्रधान, विक्रम सिंह, कैलाश गुलेरिया, भीखम सिंह पटियाल उपप्रधान, अशोक भारती, प्रभात सिंह, गिरधारी लाल मौजूद रहे।




गुब्बर गांव में 15 लाख रुपए से बनने वाले खेल मैदान के लिए भूमिपूजन करते विधायक केवल पठानिया।

## हर जगह अनंत ज्ञान



अंकुश शर्मा और विकास शर्मा धर्मशाला में अनंत ज्ञान पेपर पढ़ते हुए।



पंचायत सन्हूं के उपप्रधान संतोष कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### लखदाता ढाटी सांबा छिंज 20 जनवरी को

**डरोह।** लखदाता ढाटी सांबा छिंज मेला कमेटी की बैठक मेला ग्राउंड में की गई, जिसकी अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह राणा ने की। इसमें 20 जनवरी को होने वाले भंडारे के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह राणा द्वारा सभी सदस्यों को अलग-अलग कार्य बांटे गए। सभी ने इसे पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रण लिया। साथ ही एक ग्रुप फोटो भी लिया गया। इस दौरान कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### 15 को होने वाली जनसुनवाई की निरस्त

**धर्मशाला।** प्रशासक पुनर्वासन और पुनः स्थापन व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी रोहित राठौर ने बताया कि गगल एयरपोर्ट विस्तारीकरण परियोजना हेतु 15 जनवरी को प्रस्तावित जनसुनवाई को निरस्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देशों की अनुपालना में इस जनसुनवाई को रद्द किया गया है। उन्होंने प्रभावित लोगों को सूचित किया है कि पूर्व में 15 जनवरी को ग्राम सभा में होने वाली जनसुनवाई को निरस्त कर दिया गया है।

### 30 परिवारों ने थामा कांग्रेस का दामन

**डाडासीबा।** जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत जंडौर के गांव अमलेहड़ के 30 परिवारों ने कांग्रेस का दामन थामा। जसवां परागपुर भाजपा को बड़ा झटका लगा है। ग्राम पंचायत जंडौर के गांव अमलेहड़ मे रविवार को 30 लोगों ने अपनी पार्टी को दरकिनार कर कांग्रेस का दामन थामा है। जंडौर पंचायत के उपप्रधान सुखचैन सिंह की अगुआई में डाडासीबा में जसवां परागपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुशल सपेहिया एवं पूर्व कामगार कर्माचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया की उपस्थिति में 30 लोगों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। वहीं, इस मौके पर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं का कांग्रेस ज्वाइन करने पर स्वागत किया।

### मोटिवेशन फिटनेस क्लब के सदस्यों ने की सफाई



लोअर लंबागांव मोटिवेशन फिटनेस क्लब के सदस्य साफ-सफाई करते हुए।

**जयसिंहपुर।** लोअर लंबागांव मोटिवेशन फिटनेस क्लब के सदस्यों ने रविवार को ऐतिहासिक प्राकृतिक जल स्रोत बाबड़ी के पास सफाई की। इस ऐतिहासिक प्राकृतिक जल स्रोत बाबड़ी में पानी निरंतर रहता है। कुछ दिन पहले जब पानी का संकट आया था तब पूरे गांववासियों ने इसी प्राकृतिक जल स्रोत बाबड़ी में से पानी भर था। लोअर ग्राम पंचायत की तरफ से इस स्थान पर कूड़ा न फेंकने का बोर्ड भी लगाया हुआ है, उसके बावजूद भी यहां पर लोग कूड़ा-कचरा फैंक जाते है, जिससे पानी भी दूषित हो जाता है। मोटिवेशन फिटनेस क्लब के अध्यक्ष विकास राणा ने लोगों से विनम्र प्रार्थना की है कि कृप्या यहां कूड़ा-कर्कट न फेंके और प्राकृतिक जल स्रोत बाबड़ी के पानी को दूषित न करें।

## प्रवासी लेबर के खुले में शौच करने से फैल रही गंदगी; गंदा पानी मिल रहा चैंबरों में, जल्द मांगा समस्या का समाधान

# दूषित पानी पीने को मजबूर नूरपुर के लोग

**संजीव महाजन, नूरपुर**

नूरपुर की पंचायत सदवा के गांव वासियों ने इंदौरा घराट में बने मोक्षधाम में फैली गंदगी को लेकर रोष प्रकट किया ।

वर्षों से इस मोक्षधाम में सदवा के साथ-साथ और भी कई पंचायतों से लोग अंतिम संस्कार करने आते हैं। इस मोक्षधाम में गंदगी का ऐसा अलम है कि यहां खुले में कुछ लोग शौच कर रहे हैं और इस शौच का पानी पास में बने पीने के पानी के चैंबरों में जा रहा है। इस पानी को नूरपुर की जनता के साथ-साथ की ओर पंचायतों के लोग भी पी रहे हैं लोगों ने इस पवित्र स्थान पर फैली शौच की गंदगी को लेकर रोष प्रकट किया तथा नूरपुर एसडीएम को एक ज्ञापन भी सौंपा और जिनकी वजह से यह गंदगी फैल रही है उनपर कार्रवाई करने का अनुरोध भी किया है। बीडीसी सदस्य राजेश कुमार कूक्की ने कहा कि हम मीडिया के माध्यम से प्रशासन को अवगत करवाना चाहते हैं हम इंदौरा घराट श्मशानघाट में आए हैं



हमारा यहां इकट्ठा होने मुख्य कारण यह है कि यहां पर दो तीन पंचायत के लोग अंतिम संस्कार करने आते हैं यहां पर पिछले पांच छह सालों से ऐसी स्थिति बनी हुई है कि यहां आप एक फीट में भी पैर नहीं रख सकते हैं यहां गंदगी का अमल यह है कि अब लोग अपने श्मशानघाट को बदलने के बारे में विचार कर रहे हैं कि दूसरी कहीं जगह ले जाए। एक प्रतिनिधि होने के नाते अपना एक दायित्व समझता हूं कि में इस मुद्दे को प्रशासन के आगे जनता का भारी आक्रोश इस समस्या को लेकर। इस गंदगी का मुख्य कारण यह है कि जब से यहां पर ईंटों का भट्ठा बना हुआ है इनके पास जो लेवर आती है उनके शौच की व्यवस्था बनाई है या नहीं बनाई है। अकसर देखने में आता है कि वह सभी लोगों खुले में शौच करते हैं, जिसकी वजह से यहां गंदगी फैली हुई है यहां पास मैं पीने के पानी के चैंबर भी बने हुए हैं। इसका पानी नूरपुर तथा आसपास की पंचायत में सप्लाई भी होता है यह शौच की गंदगी वाला पानी उन चैंबरों में जाता है। लोग ऐसा गंदा पानी भी पी रहे इसके साथ अपनी पूजा-अर्चना में इस्तेमाल कर रहे। यह सबकी आस्था के साथ खिलवाड़ भी हो रहा। वहीं, लोगों ने कहा कि हमने इससे पहले बीडीओ कार्यालय में शिकायत की थी पर इस मामले पर अब तक कोई भी तक कार्रवाई नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)



सीवरेज का फाइल फोटो।

### बीमारियां फैलने का बढ़ा खतरा

**गांववासी** रोहित ने कहा कि हमारे यहां जो एक ईंट की फैक्टरी लगी हुई है इसकी लेवर खड्डु में आकर खुले में शौच कर रही है। यहां हमारा श्मशान घाट है और यहां इतनी गंदगी है कि यहां चलना भी मुश्किल है। इसके साथ यह शौच पानी में मिक्स होकर पीने के पानी के चैंबर में भी जा रहा जिसे हम सब लोग पी भी रहे और अपने पूजा स्थल में भी इस्तेमाल कर रहे हैं। इस गंदगी से बीमारियों के फैलने का खतरा में भी।

### गंदा पानी हो रहा मिक्स

**पूर्व** वार्ड मेंबर सदवा अश्वनी धीमान ने कहा कि यहां इतनी गंदगी फैली हुई यहां जो भी बाहर से इस श्मशानघाट पर आता है वह क्या देखता होगा कि यहां पंचायत के श्मशानघाट पर इतनी गंदगी फैली है। यहां ईंट के भट्ठे की लेवर के लोग खुले में शौच कर रहे साथ में ही यहां पीने के पानी की स्कीम लगी हुई है यह शौच का पानी उसमें भी मिक्स हो रहा है।

## नगरोटा के वार्ड नंबर-पांच के लोग कूड़े की बदबू से परेशान



नगरोटा बगवां के वार्ड-पांच में खुले में फेंका कूड़ा।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगर परिषद नगरोटा बगवां के वार्ड-पांच के केसीसी बैंक के साथ स्थानीय निवासियों, स्थानीय दुकानदारों ने नगर परिषद नगरोटा बगवां के अधिकारियों, स्थानीय पार्षद से गुहार लगाते हुए कहा है कि उक्त बैंक के साथ स्कूल की दीवार, दुकानों एवं घरों के आस पास इतनी गंदगी इकट्ठी हो जाती है कि यहां से आने जाने वाले लोगों, स्कूली बच्चो को गंदी बदबू से भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

पीड़ित लोगों विकेश कुमार, कृष्ण कुमार दुलु, दीपक वालिया, सुशील कुमार आदि ने प्रेस के नाम जारी बयान में नगर परिषद के अधिकारियों, वार्ड-पांच के पार्षद से गुहार लगाते हुए कहा है कि इस वार्ड में फैलती गंदगी को तुरंत हटाया जाए। लोगों ने बताया कि यदि इस वार्ड से गंदगी को नहीं हटाया गया तो स्थानीय दुकानदारों सहित लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस बारे वार्ड पांच की पार्षद मधु शर्मा से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि इस कूड़े-कचरे को स्वयं लोग फेंक जाते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा है कि सभी लोग नगर परिषद द्वारा कूड़ा-कचरा ले जाने के लिए आने वाले वाहन में कूड़ा डालें, जिससे कूड़ा कचरा जमा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कई बार इस गंदगी को हटवाया गया है, लोग सहयोग करें।

# आदि हिमानी चामुंडा मंदिर में दोबारा लगेंगी लाइट्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आदि हिमानी चामुंडा मंदिर के रास्ते उखाड़ी गई सोलर लाइटें दोबारा लगाई जाएंगी। यह बात कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने कही। रविवार को वीडियो बयान जारी करके सुधीर शर्मा ने कहा कि इस गंभीर मसले पर उनकी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से बात हुई है। इसके बाद उन्होंने लाइटों को दोबारा लगाने के आदेश जारी किए हैं। सुधीर शर्मा ने इस बारे में सबसे पहले मसला उठाते हुए पुलिस में शिकायत दी थी।

सुधीर शर्मा ने आगे कहा कि त्रियुंड में भी वन विभाग ने फीस वसूलने का फैसला लिया था, उस पर भी सीएम ने रोक लगाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया के लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र आदि हिमानी चामुंडा मंदिर के रास्ते से सोलर लाइटें काटना व खोलना शर्मनाक है। आदि हिमानी चामुंडा के रास्ते दर्जनों सोलर लाइटें लगाई गई थीं। रात के समय इन लाइटों से मंदिर का अनूठा नजारा दुनिया भर के भक्तों को आकर्षित कर रहा था। आदि हिमानी चामुंडा हिमाचल में धार्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बन रहा है। वहीं, सुधीर शर्मा ने कहा कि जदरांगल में ही सेंट्रल यूनिवर्सिटी का काम होगा। प्रदेश सरकार जल्द इसके लिए 30 करोड़ रुपए जमा करवाने जा रही है।

### एसीसी सीमेंट कंपनी ने खिलाड़ियों को दी जर्सी



**नगरोटा बगवां।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामीण विकास खेल एकता मैदान नोरा में खेले जा रहे क्रिकेट ट्रॉफी के मुकाबले के दूसरे दौर के मुकाबले में बड़ाई टीम की उम्दा फिल्डिंग और गेंदबाजी के आगे 12ओवर में मात्र 40 रन ही बना पाई मस्सल टीम। बड़ाई टीम के आगे बल्लेबाजी में चुनौती न दे पाने खुद असमर्थ मानते हुए बड़ाई टीम को विजयी घोषित कर दिया। बड़ाई टीम के लिए एसीसी टीम जर्सी भेंट की। एसीसी सीमेंट कंपनी के प्रबंधकों ने अवाम संस्था के प्रयासों की सराहना की।

## विधायक महोदय, उद्घाटन से पूर्व पीएम मोदी का करें धन्यवाद



मकर संक्रांति पर मां चामुंडा परिसर में सफाई करते पूर्व विधायक विशाल नैहरिया।

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

विधायक महोदय, उद्घाटन करने और विकास के नाम पर क्रेडिट लेने से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करें। यह तंज धर्मशाला के पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने प्रधानमंत्री के आह्वान पर रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर मां चामुंडा मंदिर परिसर में छेड़े स्वच्छता अभियान में भाग लेने के दौरान मौजूदा विधायक पर कसा। पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने कहा कि धर्मशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग से शहर का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है और विधायक इसका श्रेय ले रहे हैं।

पूर्व विधायक ने कहा कि धर्मशाला में हो रहे विकास कार्यों के शिलान्यास और उद्घाटन करने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद जरूर करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर रविवार को मकर सक्रांति के अवसर पर पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने मां चामुंडा मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान छेड़ा। इस दौरान पूर्व विधायक ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर परिसर की सफाई की। स्वच्छता अभियान के शुभारंभ अवसर पर पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने कहा कि धर्मशाला के विकास में सहयोग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत सहयोग रहा है। धर्मशाला को स्मार्ट सिटी की देन भी प्रधानमंत्री की है। इसके माध्यम से ही धर्मशाला का विकास हो रहा है, लेकिन धर्मशाला के विधायक विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन करते समय एक बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद नहीं कर रहे।

पूर्व विधायक ने कहा कि यह अब सर्वविदित है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार धर्मशाला सहित जिला कांगड़ा से सौतेला व्यवहार कर रही है। कांगड़ा के पर्यटन क्षेत्रों में अवैध वसूली हो या फिर धार्मिक क्षेत्रों में लाइट के साथ तोड़-फोड़ के मामले हों, ऐसे कई मामले प्रदेश की कांग्रेस सरकार के निर्देशों पर सामने लाए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश कांग्रेस सरकार में तालमेल की कमी

**प्रदेश** की कांग्रेस सरकार और उनके विधायकों के बीच तालमेल नहीं बैठ रहा, जिसका सीधा नुकसान क्षेत्र की आम जनता को उठाना पड़ रहा है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार के निर्देशों पर मां आदि हिमानी चामुंडा के रास्ते में लगी सोलर लाइट को तोड़ रहे हैं, वहीं स्थानीय विधायक इसके खिलाफ एफआईआर की मांग कर रहे हैं। इस कृत्य से यह साफ दिख रहा कि सरकार और उनके विधायकों के बीच तालमेल नहीं बैठ रहा। इससे पूर्व भी त्रियुंड ट्रेक पर एंट्री फीस के नाम पर सरकार के निर्देशों पर अवैध वसूली की जा रही है, तो कांग्रेस के ही स्थानीय विधायक इसका विरोध कर रहे हैं।

## 2डी राष्ट्रीय दृश्य कला उत्सव प्रतियोगिता में छाया अखिल

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**

जयसिंहपुर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत आशापुरी के मसंद बस्ती गांव के अखिल ने 2डी दृश्य कला उत्सव राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह प्रतियोगिता दिल्ली बाल भवन में 7 से 14 जनवरी तक चली। इसमें अखिल ने 2डी दृश्य कला में प्रथम स्थान प्राप्त करके जयसिंहपुर विधानसभा का नाम रोशन कर दिया है।

अखिल का चयन इस प्रतियोगिता के लिए जिला कांगड़ा शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा हुआ है, अखिल कोसरी गवर्नमेंट स्कूल में बारहवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा है। अखिल को पेंटिंग करने का शौक बचपन से ही था। इस कारण आज सबसे कम उम्र में इस मुकाम तक पहुंचा है, अखिल के पिता का नाम अनिल कुमार है, वह कारपेंटर का कार्य करते हैं और माता गृहिणी है। घर पर एक छोटी बहन भी है, वह आठवीं कक्षा में पढ़ती है। अखिल ने पेंटिंग के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी अखिल विद आर्ट्स करके यूट्यूब चैनल भी बनाया है। इसमें अपनी पेंटिंग की प्रतिभा को लोगों को दिखाता रहता है। अखिल ने इस सफलता का श्रेय अपने कोसरी स्कूल के गुरुजनों व अपने माता-पिता को दिया है। वहीं, जयसिंहपुर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत आशापुरी के मसंद बस्ती गांव के अखिल ने 2डी दृश्य कला उत्सव राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। (अनंत ज्ञान)



मेडल के साथ अखिल।

### हिम आईकॉन अपार्ट कार्यक्रम 21 को

**गरली।** हिम जागृति मंच अगामी 21 जनवरी को जिला कांगड़ा स्थित उपमंडल देहरा के अंतर्गत केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर गरली में हिम आईकॉन अपार्ट का विशाल आयोजन करने जा रहा है। वहीं, इस दौरान जागृति मंच हिमाचल भर की उन 20 नामी हस्तियों को हिम आईकॉन अवॉर्ड से सम्मानित करेगा, जिन्होंने नेक कार्य करके एक नया रुतबा हासिल किया है। जानकारी देते हुए जागृति मंच की चेयरमैन मंजु जसवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में देवभूमि के होनहार उभरते हुए चाइल्ड को भी मंच द्वारा अवॉर्ड दिए जाएंगे। मंजु जसवाल ने कहा कि आईकॉन अवॉर्ड 21 जनवरी को केंद्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी बलाहर देहरा में हो रहा है। इसमें मुख्य तौर पर डॉक्टर ज्योतिष्ण जैन के आलावा हिमाचल भर के लोक प्रिय पहाड़ी गायक सुनील राणा, अमूल लाल शर्मा, करनैल राणा, धीरज शर्मा, संजीव कुमार दीक्षित, कुमार साहिल, अभिषेक सैनी, राखी गौतम आदि शामिल रहे।

## पूर्व सरकार की शुरू की गई महत्वपूर्ण योजनाओं को कांग्रेस ने ठंडे बस्ते में डाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया को-ऑर्डिनेटर एवं हिमाचल भाजपा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी विश्व चक्षु ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनता-मीडिया-सरकार के निचले हिमाचल व कांगड़ा सेतु को कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने ध्वस्त कर दिया है। पूर्व भाजपा की प्रदेश सरकार की ओर से निचले हिमाचल व जिला कांगड़ा के लोगों-लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया व सरकार की कड़ी को स्थापित किया था।

इसके चलते राज्य सचिवालय धर्मशाला स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में पहली बार मीडिया को-ऑर्डिनेटर टू सीएम को तैनात किया था। पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने जिला कांगड़ा के महत्व को सर्वोपरि रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए थे, जिसमें से यह महत्वपूर्ण निर्णय उक्त भी रहा था। मीडिया सह-प्रभारी ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि अब 13 माह कांग्रेस सरकार को प्रदेश में बितने को हैं, लेकिन अब तक जिला कांगड़ा की ओर देखना भी उचित नहीं समझ रहे हैं। जबकि जिला कांगड़ा की पूर्व सरकार में शुरू की गई महत्वपूर्ण योजनाओं को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया है। पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर (मुख्यमंत्री) विश्व चक्षु ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि 13 माह में एक बार भी सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू व उनके मंत्रियों ने धर्मशाला सचिवालय में अपने कमरे तक नहीं देखे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल जनता भी उठा रही है कि कैसे आम लोगों की समस्याएं, मुद्दें व परेशानियां सरकार तक पहुंच पाएंगी। जिला कांगड़ा-चंबा सहित अन्य निचले हिमाचल के लोगों के लिए सरकार व नुमाइंदों के धर्मशाला सचिवालय में बैठने से पहुंच आसान हो जाती है। जबकि आम लोग सरकार से मिलने के लिए शिमला नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में उन्होंने सुक्खू सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए जनता के साथ की जा रही बेइंसाफी को लेकर जबाव मांगें हैं। विश्व चक्षु ने कहा कि सरकार ने करोड़ों रुपए से धर्मशाला में बकायदा बड़ा भवन व इंफास्ट्रक्चर तैयार किया है, जिसमें मुख्यमंत्री, मंत्रियों व अधिकारियों के कार्यालय हैं। लेकिन अब हालत भी दयनीय होने लगी है। पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने जब सचिवालय में मीडिया को-ऑर्डिनेटर को तैनात किया था, तो कांगड़ा-चंबा, ऊना, हमीरपुर के पत्रकारों सहित आम लोगों की समस्याएं सीधे सरकार तक पहुंच रही थी, परंतु वर्तमान सरकार ने महत्वपूर्ण व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया है।

### भाजपा ने रखा था पत्रकारों का उचित ध्यान



**उन्होंने** कहा कि पूर्व भाजपा की जयराम सरकार ने पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण लिए, जिसमें चौथे स्तंभ के बंधुओ को लैपटॉप की सुविधा प्रदान की। साथ ही धर्मशाला में सरकारी क्वार्टर प्रदान किए जाने की व्यवस्था को लेकर प्रक्रिया शुरू की, जिसे भी वर्तमान सुक्खू सरकार ने अंडगा अड़ा दिया है। विश्व चक्षु ने कहा कि राज्य सरकार व सीएम सुक्खू को प्रदेश व जिला कांगड़ा के अधिकार जल्द से जल्द प्रदान करने चाहिए, अन्यथा भाजपा आंदोलन का बिगुल बजाएगी।

**गुस्सा** — आदि हिमानी चांमुडा की सोलर लाइट्स उखाड़ने पर पूर्व मंत्री विपिन सिंह परमार ने घेरी कांग्रेस सरकार

# धार्मिक आस्थाओं से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं होगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा भाजपा प्रभारी एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने आदि हिमानी चामुंडा के मंदिर के रास्तों की सोलर लाइटों को हटाए जाने पर प्रदेश सरकार व वन विभाग पर कड़ा प्रहार किया है।

उन्होंने कहा कि उजड़ी हुई सरकार अब देवभूमि हिमाचल प्रदेश के राज्य ही नहीं देश-विदेशों में आस्था के प्रतीक मंदिरों-आस्थाओं को उजाड़ने का प्रयास कर रही हैं। श्री चामुंड़ा शक्तिपीठ का उदगम स्थल आदि हिमानी चामुंडा लाखों लोगों की श्रद्धा का प्रतीक है। पूर्व विस अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने कहा कि आदि हिमानी चामुंडा में सुशोभीत लाइट्स हटाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार, मुख्यमंत्री व वन विभाग तुरंत उचित कदम उठाते हुए लाइट्स को दुरुस्त करें अन्यथा भाजपा को बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। भाजपा के कांगड़ा-चंबा प्रभारी ने देवभूमि के लाखों लोगों की भावनाएं आहत करने पर सीएम से माफी मांगें जाने की बात कही है। विपिन सिंह परमार ने कहा कि धार्मिक आस्था रखने वाले लोगों ने आपसी सहयोग से आवाजाही करने वाले श्रद्धालुओं के लिए सोलर लाइट्स की व्यवस्था की है, कोई अवैध भवन व अन्य अतिक्रमण नहीं किया है। ऐसे में अब आस्था को अघात पहुंचाने वाले कृत्य को जल्द दुरूस्त करने का कार्य करें। पूर्व विस अध्यक्ष व कांगड़ा-चंबा के प्रभारी विपिन सिंह परमार ने कहा कि देवभूमि हिमाचल सहित देश-विश्व के लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र आदि हिमानी चामुंडा मंदिर के रास्ते से सोलर लाइटें काटना व खोलना शर्मनाक है। इस मामले में प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को उचित कदम उठाने चाहिए। परमार ने कहा कि आदि हिमानी चामुंडा के रास्ते में मिनी संसद पंचायतों व लोगों के सहयोग से दर्जनों सोलर लाइटें लगाई गई थीं। रात के समय इन लाइटों से मंदिर का अनूठा नजारा दुनिया भर के भक्तों को आकर्षित कर रहा था। आदि हिमानी चामुंडा हिमाचल में धार्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बन रहा है, लेकिन प्रदेश की पर्यटन व विकास विरोधी सरकार को यह बात गवारा नहीं है। विपिन सिंह परमार ने कहा लोगों की धार्मिक आस्थाओं के साथ किए जा रहे खिलवाड़ को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



फाइल फोटो।

### भाजपा करेगी आंदोलन



**विपिन** सिंह परमार ने कहा लोगों की धार्मिक आस्थाओं के साथ किए जा रहे खिलवाड़ को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा प्रभारी विपिन सिंह परमार ने कहा कि इस विषय पर सरकार, मुख्यमंत्री व वन विभाग के तुरंत उचित कदम न उठाने पर भाजपा बड़ा आंदोलन इस कृत्य के प्रति चलाएगी।

### पर्यटन राजधानी बनाए जाने के झूठे आश्वासन दे रही कांग्रेस

**उन्होंने** कहा कि एक तरफ सरकार जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाए जाने के झूठे आश्वासन देकर भ्रमित कर रही है। जबकि राज्य भर सहित जिला कांगड़ा के पर्यटन को उजाड़ने का कार्य किया जा रहा है। इसमें पहले मुख्य ट्रैकिंग साइटों पर मनमाने तरीके से वसूली किए जाने का खेल खेला जा रहा है। जबकि अब सुविधाएं बढ़ाने के स्थान पर लोगों की ओर से बनाई गई व्यवस्था को भी धड़ाम करने का प्रयास है। भाजपा प्रभारी विपिन सिंह परमार ने कहा कि इस विषय पर सरकार, मुख्यमंत्री व वन विभाग के तुरंत उचित कदम न उठाने पर भाजपा बड़ा आंदोलन इस कृत्य के प्रति चलाएगी।

# खिचड़ी-कुल्लवी पकवानों की खूशबू से महकी घाटी

## ◗ जिलेभर में धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति का त्योहार ◗ लोगों ने लगाई तीर्थ स्थलों में आस्था की डुबकी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला कुल्लू में रविवार को मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह ही लोगों ने जहां ब्रह्म मुहूर्त में जिले के विभिन्न तीर्थ स्थानों में जहां श्रद्धालुओं ने आस्था की डूबकी लगाई। वहीं उसके बाद अपने घरों में अलग-अलग तरह के कुल्लवी व्यंजनों के अलावा खिचड़ी बनाई और मेहमानबाजी का दौर भी शाम तक जारी रहा। घाटी पहाड़ी व्यंजनों और देसी घी व खिचड़ी की खूशबू से महक उठी। वहीं जिलाभर के मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की गई। इसके अलावा जिला मुख्यालय कुल्लू के रघुनाथपुर स्थित रघुनाथ जी के मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना हुई।

दोपहर के समय भगवान रघुनाथ जी के पुजारियों ने सबसे पहले रघुनाथ जी, सीता माता व भगवान नरसिंह जी को खिचड़ी का भोग लगाया और उसके पश्चात पुजारियों व महंत समुदाय के लोगों ने भी खिचड़ी का लुत्फ उठाया। इस मौके पर मंदिर में दिनभर भक्तों की भीड़ रही और भजन-कीर्तन का दौर भी लगातार जारी रहा।




भगवान रघुनाथ जी के मंदिर में मकर संक्रांति के मौके पर मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह व अन्य पुजारी पूजा-अर्चना करते हुए तथा महेश्वर सिंह को जौ की दूब भेंट करते हुए पुजारी।

रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने बताया कि हर वर्ष माघ माह के पहले प्रविष्ट मकर संक्रांति के मौके पर रघुनाथ मंदिर में खिचड़ी बनाई जाती है और सबसे पहले भगवान रघुनाथ जी को भोग लगाने के बाद खिचड़ी को प्रसाद के रूप में भक्तों को परोसा जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी परंपरा का बखूबी निर्वहन किया गया और परंपरानुसार पुजारियों व महंत समुदाय के लोगों के अलावा सभी भक्तों ने प्रसाद चखा। (अनंत ज्ञान)



मकर संक्रांति के अवसर पर भगवान रघुनाथ जी के मंदिर में भजन-कीर्तन करते श्रद्धालु।

### एक-दूसरे को दूब भेंट कर देवी-देवताओं के साथ-साथ बुजुर्गों का भी लिया आशीर्वाद

**उधर,** जिलाभर में लोगों ने एक-दूसरे को जौ की दूब भेंट की और देवी-देवताओं के साथ-साथ बुजुर्गों का भी आशीर्वाद लिया। वहीं अधिकतर मंदिरों में देवी-देवता स्वर्ग प्रवास से संक्रांति की शुभ बेला में अपने-अपने देवालय लौटे, जबकि कुछेक घाटी के देवता फाल्गुन की संक्रांति को अपने देवालय लौटेंगे। जिला में देवताओं ने गुर के माध्यम से देवी-देवताओं ने भविष्यवाणियां भी कीं। मकर संक्रांति के दिन जिला कुल्लू के विभिन्न तीर्थ स्थलों वशिष्ठ, मणिकर्ण, ब्यास-पार्वती संगम स्थल जिया भुंतर सहित विभिन्न तीर्थ स्थलों में श्रद्धालु संक्रांति का स्नान करके पुण्य कमाया। उधर, जिला के बंजार में लोग हर वर्ष अलग अंदाज में मकर संक्रांति मनाते हैं। बंजार के कुछ क्षेत्रों में सुबह चार बजे उठकर एक स्थान पर एकत्र होने के पश्चात लोग ढोल-नगाड़ों की थाप पर प्राकृतिक जल स्रोत तक अंधेरे में मशालों के साथ गए और वहां पर प्राकृतिक जल स्रोत में संक्रांति का स्नान किया। इसके अलावा पुरातन गांव मलाणा में माइनस तापमान के बीच लोगों ने माघी साजे के मौके पर नल के पानी में संक्रांति का स्नान कर पुण्य कमाया। जिला का मलाणा गांव अपने ऐतिहासिक रीति-रिवाजों के लिए देश व दुनियाभर में प्रसिद्ध है और यहां पर देव आदेश ही सर्वोपरि माना जाता है। मलाणा पंचायत के प्रधान राजूरामजी व उपप्रधान रामजी ठाकुर ने बताया कि गांव में स्नान के साथ ही सभी घरों में खिचड़ी बनाई गई। वहीं, दोपहर के समय देवस्थल के समीप हर घर से कुछ न कुछ सामान जिसमें बिस्कुट, फल आदि एक जगह एकत्र कर बाद में उसे लोगों में प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। जिला देवी-देवता कारदार संघ के अध्यक्ष दोत राम ठाकुर ने बताया कि पोष माह से जिला के देवी-देवता स्वर्ग प्रवास पर थे, कुछ देवी-देवता जहां वापस लौट आए हैं जिससे संक्रांति पर कुछ मंदिरों में पूजा-पाठ व अन्य देव कार्य शुरू हो गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ



श्रीश्री नाग युवक मंडल सुचैहन की ओर से वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छह टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सुचैहन टीम विजेता रही, जबकि उपविजेता मशाला टीम रही। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर रोपा पंचायत के पूर्व वार्ड पंच महिंद्र सिंह व भाजपा के नरवाली बूथ के पूर्व अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख सूरत राम मुख्यातिथि रहे।

### कसोल में जल्द खुलेगी एसबीआई की नई ब्रांच

**कुल्लू।** मिनी इजराइल के नाम से मशहूर खूबसूरत पर्यटन स्थली कसोल में जल्द ही भारतीय स्टेट बैंक अपनी नई शाखा खोलने जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार 15 जनवरी को बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रवीण प्रसाद चंद्र कसोल में नई शाखा का विधिवत शुभारंभ करेंगे। एसबीआई की नई शाखा के खुलने से कसोल के स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को बैंक की सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिला कुल्लू में खुलने वाली स्टेट बैंक की यह 19वीं शाखा है। उन्होंने कहा कि शाखा में सरकारी योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कसोल के स्थानीय लोगों से अपील की है कि स्टेट बैंक की नई शाखा के शुभारंभ कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।




कसोल में खुली स्टेट बैंक की नई शाखा।

### कैटल ग्राउंड में कूड़े को लगी आग



ढालपुर कैटल ग्राउंड में कूड़े में लगी आग को बुझाते हुए दमकल विभाग कर्मी।

**कुल्लू।** ढालपुर स्थित कैटल ग्राउंड में स्थित इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम के ठीक सामने रखे कूड़े के ढेर में आग लगने से अचानक अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रविवार को दमकल दस्ते को ढालपुर स्थित कैटल ग्राउंड में आग लगने की सूचना प्राप्त हुए और सूचना प्राप्त होते ही दमकल दस्ते ने फौरन ढालपुर मैदान की तरफ रुख किया और पांच-सात मिनट के अंदर ही घटनास्थल पर पहुंच गए। घटना स्थल पर पहुंचते ही दमकल दस्ते ने फौरन आग बुझाने का कार्य शुरू किया, लेकिन दमकल दस्ते ने आग की लपटों से वहीं पर साथ में पार्क किए वाहनों को क्षति पहुंचने से ही समय रहते बचा लिया। हांलाकि कूड़े के ढेर के पास मौजूद एक बुजुर्ग महिला ने दावा किया वह कूड़े का ढेर नहीं है और जो कपड़े आग में जल चुके थे वे उसके अपने इस्तेमाल के लिए रखे थे। उक्त महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रही थी। इस दौरान कूड़े के पास ही रह रहे कुत्तों और उनके नवजात पिल्लों को बचाया। अग्निशमन विभाग के एसडीओ प्रेम शर्मा ने बताया कि ढालपुर कैटल ग्राउंड में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसे समय रहते बुझा दिया गया।

# आनी में मंदिरों के कपाट एक माह के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, आनी**

जिला कुल्लू के कई क्षेत्रों में जहां मकर सक्रांति के अवसर पर देवालयों के कपाट खुले, जबकि कुछ जगह पर देवी-देवता स्वर्ग प्रवास से नहीं लौटे हैं। वहीं, आउटर सिराज आनी क्षेत्र के देवी-देवता मकर संक्रांति पर स्वर्ग प्रवास पर चले गए हैं, जिससे अब यहां के मंदिरों के कपाट अब एक माह के लिए बंद हो गए हैं।

अब एक माह तक क्षेत्र में कोई धार्मिक कार्य नहीं होगा। रविवार को आनी में मकर संक्रांति पर्व की खूब धूम रही। जिला कुल्लू के प्रसिद्ध शमशरी महादेव मंदिर में मकर सक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पर्व पर ग्रामीण इलाके में लोगों ने प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर विधिवत पूजा-पाठ व हवन आदि किए और परिवार सहित संबंधियों को जौ व पाजे की डाली भेंटकर मकर संक्रांति की बधाई दी। इस दिन घरों में माश व चावल की खिचड़ी बनाई गई, जिसका देसी घी के साथ लोगों ने खूब जायका लिया। इस पर्व पर विशेष रूप से बनी घी खिचड़ी की खुशबू से घाटी खूब महकी। घाटी के मंदिरों में अपने ईष्ट देवताओं के दर्शन को भक्तों का भारी जन-सैलाब उमड़ा। मंदिरों में देव दरबार झाड़े का आयोजन भी किया गया। जिसमें देवता के शक्ति अंश गुर ने खेल में आकर लोगों के कष्टों का चावल के दानों के रूप में निवारण किया। पर्व के मौके पर कई मंदिरों में भक्तों के लिए प्रसाद के रूप में खिचड़ी भी बांटी गई।



मकर संक्रांति पर मंदिर में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब।

इस धार्मिक आयोजन के उपरांत मंदिरों के कपाट घृतमा लगाकर एक माह के लिए बंद कर दिए गए हैं। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन से देवता स्वर्ग प्रवास पर निकलते हैं, जो देव तवार को वापस लौटते हैं। संस्कृति संरक्षक एवं लेखक पंडित जगदीश चंद्र शर्मा, हितेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, शिवराज शर्मा तथा छविंद्र शर्मा का कहना है कि हमारा ग्रामीण समाज देवी देवताओं की मान्यता पर निर्भर है और इसी के फलस्वरूप लोगों में अपने ईष्ट देवताओं के प्रति अगाध श्रद्धा है। उन्होंने लोगों से प्राचीन देव परम्पराओं को संजोए रखने पर बल दिया।

# मनु मार्केट में लगी आग, लाखों का नुकसान



मनु मार्केट में धू-धू कर जलती दुकान।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली की मनु मार्केट में देर शाम एक कपड़े की दुकान में आगजनी की घटना पेश आई है। इस घटना में लाखों का नुकसान हुआ है, जबकि लाखों की संपत्ति अग्निशमन विभाग व स्थानीय लोगों के सहयोग से बचा ली गई है। आग मनु मार्केट के गौरव शर्मा सुपुत्र स्वर्गीय सोहन लाल शर्मा की दुकान में लगी। आग के कारणों का कोई पता नहीं लग पाया है। अग्नि शमन तथा स्थानीय लोगों की सहायता से शीघ्र ही आग पर काबू पाया गया। अग्नि शमन प्रभारी प्रीतम सिंह ने बताया कि दुकान मालिक की लगभग आठ लाख की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आग पर तुरंत काबू पा लिया गया अन्यथा मनु मार्केट की दुकानें जो साथ साथ बनी हुई हैं अगर ज्यादा आज फैल जाती तो करोड़ों रुपए की संपत्ति स्वाह हो सकती थी। फिलहाल अभी आग पर काबू पा लिया गया है।

### यांगला पर्यटन स्थल बना पर्यटकों की पहली पसंद

**केलांग।** लाहौल घाटी का यांगला पर्यटन स्थल अब पर्यटकों की पहली पसंद बनने लगा है। कोकसर सहित यांगला में ही पर्यटकों को बर्फ के दीदार हो रहे हैं। बर्फबारी न होने से मनाली के पर्यटन स्थलों में वीरानगी छाई हुई है। मनाली आ रहे पर्यटकों को जनवरी के मध्य में भी मजबूरन लाहौल का रुख करना पड़ रहा है। मनाली के पर्यटन स्थल सुनसान है, जबकि लाहौल के यांगला पर्यटन स्थल में साहसिक खेलों की धूम मची हुई है। कोकसर सहित यांगला में पर्यटक बर्फ का आनंद ले रहे हैं। रविवार को भी पर्यटकों ने अटल टनल के पार यांगला व कोकसर में दस्तक दी। मनाली के सभी पर्यटन कारोबारियों को हिमपात का इंतजार है। हिमपात न होने से पर्यटकों का सैलाब नहीं उमड़ रहा है। बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों की संख्या भी घटकर 700 के करीब रह गई है। शनिवार को भी बाहरी राज्यों से लगभग 700 वाहन मनाली पहुंचें। यांगला निवासी पूनम व दीपा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से यांगला पर्यटकों का पसंदीदा स्नो प्वाइंट बन रहा है। उन्होने बताया कि हालांकि अभी संख्या कम है, लेकिन धीरे-धीरे पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। दूसरी ओर कोकसर के पर्यटन कारोबारी विक्रम व राहुल ने बताया कि रविवार को डेढ़ हजार से अधिक पर्यटक वाहन कोकसर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घाटी में हिमपात होना जरूरी है। हिमपात के बाद ही यहां रौनक दो गुना होगी। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि सभी पर्यटन स्थल पर्यटकों के लिए बहाल है। अटल टनल होते हुए पर्यटक लाहौल पहुंच रहे हैं।



लाहुल घाटी के यांगला स्थित पर्यटन स्थल।

### स्वामी विवेकानंद के 161वें जन्मदिन पर राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह मनाया

# स्वच्छता पर लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, केलांग**

युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की ओर से नेहरू युवा केंद्र संगठन केलांग द्वारा स्वामी विवेकानंद के 161वें जन्मदिन के अवसर पर 12-19 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में नेहरू युवा केंद्र की ओर से रविवार को सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला मंडल लोअर केलांग के साथ मिलकर आयोजित किया गया।



महिला मंडल लोअर केलांग की महिलाएं साफ-सफाई करती हुईं।

लोअर केलांग की महिलाओं ने केलांग के नेशनल हाई-वे के आसपास, डॉ. रेजिडेंस के आसपास, राजकीय प्राथमिक केंद्रीय पाठशाला केलांग सहित साथ लगते अन्य स्थानों में साफ-सफाई की गई। नेहरू युवा केंद्र व स्थानीय महिलाओं ने सफाई अभियान चलाने के साथ ही लोगों को स्वच्छता बारे जागरूक किया। माहिला मंडल की प्रधान छिम्मेद ढोलकर ने बताया कि सभी लोग यदि स्वयं जागरूक होंगे तो किसी को भी सफाई करने की जरूरत ही नहीं रहेगी। वहीं, इस मौके पर युवा केंद्र केलांग के उपनिदेशक राम सिंह ने बताया कि समय-समय पर ऐसा कार्यक्रम चलाया जाना चाहिए, ताकि गांव स्वच्छ रहे। उन्होंने लोगों से भी स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

# बैडमिंटन में माही और योगी टीम बनी विजेता

**अनंत ज्ञान, सैंज**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सैंज इकाई द्वारा युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कॉलेज परिसर सैंज में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सैंज कॉलेज की टीम के अलावा अन्य आठ टीमों ने इस भाग लिया। बंजार भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश ठाकुर ने इस प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने कहा कि युवा वर्ग हमारे देश का आने वाला कल है और खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। जरूरी नहीं है कि हर बच्चा पढ़ाई में अच्छा हो, कुछ बच्चे खेलों व अन्य गतिविधियों में भी आगे बढ़ने का जज्बा रखते हैं। ठाकुर ने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा पर जीवन में लक्ष्य प्राप्ति होने तक निरंतर मेहनत करनी चाहिए। इसके उपरांत मुख्यातिथि ने विजेता व उपविजेता टीम को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में टीम माही और योगी टीम विजेता, जबकि मनु और छविंद्र की टीम उपविजेता रही। इससे पूर्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मुख्यातिथि का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर वेद प्रकाश, अनिल, विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष सुभाष भारद्वाज, इकाई अध्यक्ष पारस सोनी, उपाध्यक्ष धनवंती देवी, प्रदेश सदस्य गुमत राम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी ओम प्रकाश ठाकुर व अन्य के साथ।

# शाइज, हिरनी व सेऊबाग में लगाए स्वास्थ्य शिविर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

नग्गर ब्लॉक में कार्यांवित हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट-चार के द्वारा ग्राम पंचायत गाहर के शाईज गांव में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत गाहर के पूर्व उपप्रधान ओम प्रकाश तथा आशा कार्यकर्ता दलपतू के योगदान से सफल हुआ। शिविर में लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच के साथ सभी को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं और लाभार्थियों को निशुल्क लैब टेस्ट की सुविधा भी प्रदान की गई। सीजनल फ्ल्यू तथा थायराइड के बारे में लोगों को जागरूक करवाया गया। इस दौरान शाइज गांव में 40 से अधिक लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई।

हेल्थ कैंप के दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉ. अश्मिता शर्मा ने सभी लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच की। उधर, यूनिट ने 14 दिनों तक सोलंग स्थित बस्तियों, हिरनी व सेऊबाग में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। साथ ही स्वस्थ शरीर के दौरान थायराइड के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान 130 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य निरीक्षण किया गया व आवश्यक अनुसार लैब टेस्ट भी किए गए। साथ ही लोगों को औषधियां भी वितरित की गई। इस मौके पर मोबाइल मेडिकल यूनिट 1 में डॉ. रमेश शर्मा, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी आयुषी सूद, लैब टेक्नीशियन नागन देवी, फार्मासिस्ट सीमा ठाकुर आदि मौजूद रहे।

लोगों के द्वारा हंस फाउंडेशन की इस अनूठी मुहिम की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को संचालित करते रहने की स्वीकृति दी है।




स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान ग्रामीण।

**योगाभ्यास** सूर्य नमस्कार एक प्राचीन योगाभ्यास है जो सूर्य की आराधना और स्वास्थ्य लाभ के लिए किया जाता है

# बंजार में मकर संक्रांति पर करवाया सूर्य नमस्कार

**अनंत ज्ञान, बंजार**

आयुष उपमंडल बंजार के अंतर्गत विविध स्थान पर मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार के लाभ और इसका दैनिक दिनचर्या में प्रयोग के बारे में योगाचार्य राम लाल आयुर्वेद मार्ग-दर्शक बलौन ने लोगों को बताया।

उन्होंने बताया है कि सूर्य नमस्कार एक प्राचीन योगाभ्यास है जो सूर्य की आराधना और स्वास्थ्य लाभ के लिए किया जाता है। इसमें सात आसनों का समृद्धि से क्रमबद्ध समाहित होता है, जो शरीर को मजबूत और स्वस्थ बनाने में मदद करता है। यह प्राणायाम, ध्यान, और शारीरिक शक्ति को बढ़ाने का एक संपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार के कई शारीरिक लाभ हैं जैसे सूर्य नमस्कार से शरीर की कसरत होती है जिससे मांसपेशियों को मजबूती मिलती है और शारीरिक संतुलन बना रहता है।



आयुष उपमंडल बंजार के अंतर्गत मकर संक्रांति पर सूर्य नमस्कार करवाते हुए।


उन्होंने बताया कि तंतु मंत्र कस्तु को सुधार यह अभ्यास मानसिक स्थिति को सुधारने में मदद करता है और ध्यान को बढ़ाता है। वहीं श्वास मंत्र संयम सूर्य नमस्कार के दौरान विशेष प्रकार के श्वास प्रणायाम से श्वासमंत्र का संयम बनता है, जिससे श्वास तंतु में सुधार होता है। यह अभ्यास आंतों को सक्रिय करके पेट की सफाई में मदद करता है।

### संतुलन में सुधार

**यह** अभ्यास शरीर के सभी हिस्सों को संतुलित रखने में मदद करता है सूर्य नमस्कार के आयोजन में उप मंडल बंजार के अंतर्गत आने वाले गांव वासियों ने बढचढ कर भाग लिया।

### योग को जीवन शैली का बनाएं हिस्सा

**पतलीकूहल।** आयुर्वेद अस्पताल कटराईं के चिकित्सकों तथा स्टाफ के अन्य सदस्यों द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिव मंदिर कटराईं के प्रांगण में एक छोटे से कार्यक्रम के अंतर्गत उपरोक्त आयोजन संपन्न हुआ। आयुर्वेदिक अस्पताल कटराईं के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉक्टर जसविंद्र कपूर ने बताया कि हर साल सूर्य के मकर राशि में प्रवेश को मकर संक्रांति के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भगवान सूर्य देव की आराधना का बहुत ही विशेष महत्व बताया गया है। इस वर्ष आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश भर में अलग-अलग स्थानों पर सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उसी के तहत कटराईं में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपने जीवन शैली का हिस्सा बनाना चाहिए। खासकर प्रतिदिन सूर्य नमस्कार को अपने जीवन में अवश्य शामिल करना चाहिए, क्योंकि सूर्य नमस्कार हमारे शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य में बहुत ही चमत्कारिक प्रभाव उत्पन्न करता है, जिससे जीवन सदा स्वस्थ व निरोगी बना रहता है। इस अवसर पर स्थानीय चिकित्सालय के डॉ. मीरा, डॉक्टर सुषमा के अतिरिक्त स्टाफ के अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे।



सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के आयोजन में भाग लेते कर्मचारी।

# मंडी शहर की गलियों पर अवैध निर्माण की छत

## बारिश में छाते पर गिरते भवनों के झरने करते हैं नगर निगम के हाल बयां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम मंडी में भवन निर्माण से सिकुड़ती गलियों पर कोई कार्रवाई न होना शहरवासियों को रास नहीं आ रहा है। बारिश के समय गलियों में गुजरना किसी झरने से कम नहीं होता, क्योंकि भवनों का सारा पानी राहगीरों पर गिरता है, जिससे छाता भी टूट जाता है। फुटपाथ पर सजे विक्रेताओं पर कड़ी कार्रवाई न होना भी कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाने के लिए काफी है। ऐतिहासिक सेरी चानणी में चाय बनाने वालों को मंडी प्रशासन से लेकर नगर निगम प्रशासन की खुली छूट मंडी में कानून की बंद किताबों से धूल झाड़ने की कोशिशें अब उग्र रूप धारण करने लगी हैं। शहर की कई संस्थाएं प्रशासन के द्वार जाकर अवैध निर्माण को रोकने की गुहार लगा चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई के रूप में केवल नोटिस ही जारी होते हैं। रविवार को शहर के वरिष्ठ नागरिकों ने चौहाटा में बैठक कर आगामी रणनीति बनाई। वरिष्ठ नागरिकों ने शीघ्र ही डीसी मंडी से मिलकर गलियों में अवैध पार्क किए गए वाहनों को हटाने और भूतनाथ व चिंतपूर्णी मंदिर के बाहर अवैध रूप से खड़े किए वाहनों के चालान काट उन्हें जब्त करने की गुहार लगाने का निर्णय लिया। वरिष्ठ नागरिकों में सत्यजीत, विजय सिंह, अश्वनी और द्वारिकादास ने कहा कि गलियों में दोपहिया वाहनों का स्पीड से आना-जाना आतंक से कम नहीं है।

> नगर निगम मंडी के क्षेत्र में बिना मंजूरी के किया गया अवैध निर्माण स्वीकार नहीं किया जाएगा। अवैध कब्जाधारकों को नोटिस देकर उनसे जवाब तलबी करने के साथ अल्टीमेटम भी दिया है। यदि समय सीमा के भीतर अवैध निर्माण नहीं हटाया गया, तो नगर निगम प्रबंधन कड़ी कार्रवाई करेगा। इसके साथ ही शहर के कई अन्य अवैध कब्जाधारकों को भी नोटिस जारी किए गए हैं।
>
> **-एचएस राणा, आयुक्त, नगर निगम मंडी।**

### नोटिस दिए

नगर निगम मंडी ने अवैध निर्माणकर्ताओं को नोटिस जारी किए हैं। वहीं नगर निगम मंडी की कार्यप्रणाली भी कटघरे में खड़ी हो चुकी है कि पड्डल में जब अवैध निर्माण हो रहा था तो नगर निगम मंडी केवल नोटिस-नोटिस खेल रहा था। कड़ी कार्रवाई से परहेज किया जा रहा था और अब फिर नोटिस जारी करने की बात कही जा रही है। नगर निगम मंडी ने अब अवैध कब्जाधारकों को 30 दिन का समय देकर चेतावनी दी है कि अवैध निर्माण को गिराया जाए नहीं तो निगम कार्रवाई करेगा। नगर निगम प्रबंधन द्वारा अब हर अवैध भवन के बाहर नोटिस चस्पां किए जा रहे हैं।

## भाजपा ने राम मंदिर कार्यक्रम को अपने निजी हित से जोड़ा

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने भाजपा पर राम मंदिर के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। आम लोग आने वाले लोकसभा चुनावों में इस तरह के झांसों में नहीं आएंगे। भाजपा को इस मुद्दे पर राजनीति करने की अपेक्षा बेरोजगारी, महंगाई जैसी समस्याओं के समाधान के लिए आगे आना चाहिए। यह बात रविवार को मंडी दौरे के दौरान राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के सह संयोजक हीरापाल ठाकुर ने कही। हीरापाल ठाकुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा द्वारा 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को अपने निजी हित साधने के लिए जोड़ा है। इस मंदिर का निर्माण सर्वोच्च न्यायालय आदेशों के आधार पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा राम जन्मभूमि न्यास के माध्यम से किया जा रहा है, वहीं राम मंदिर के निर्माण में समाज के हर वर्ग ने अपना सहयोग दिया है।

# मंडी में विकास कार्यों को रफ्तार के लिए 46 लाख किए जारी

## सांसद प्रतिभा सिंह ने जिले को दी सौगात, रुके कामों को मिलेगी गति

- गोहर, धनोटू, चच्योट और गोपालपुर में खर्च होगी राशि
- सांसद ने दौरे के दौरान की थी राशि देने की घोषणा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सांसद प्रतिभा सिंह ने मंडी जिले में विकास कार्यों को गति देने के लिए लगभग 46 लाख रुपए जारी किए हैं। यह धनराशि जिले के गोहर, धनोटू, चच्योट, गोपालपुर और सरकाघाट क्षेत्र में खर्च होगी। बता दें कि सांसद ने इन क्षेत्रों के अपने दौरे में विभिन्न विकास कार्यों के लिए धनराशि उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। अब घोषणाओं के मुताबिक कार्यान्वयन एजेंसियों संबंधित बीडीओ और लोक निर्माण विभाग को अलग अलग 30 विकास कार्यों के लिए यह धनराशि प्रदान की गई है।

**धनोटू ब्लॉक में होंगे ये काम**

सांसद ने धनोटू ब्लॉक की ग्राम पंचायत भौर के निर्माणाधीन पंचायत घर के कार्य को पूर्ण करने के लिए पांच लाख रुपए प्रदान किए हैं। गोहर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत कांडी में अलीनाल से मुख्य मार्ग तक सड़क सुधार के लिए 1.50 लाख, वहीं ग्राम पंचायत तुन्ना में जोहानाला में मोक्षधाम के लिए 1.50 लाख प्रदान किए हैं। उन्होंने धनोटू ब्लॉक की ग्राम पंचायत डुगरैण के सेवा युवक मंडल के लिए खेल सामग्री तथा अन्य साजो सामान की खरीद के लिए 1.50 लाख तथा डुगरैण के निर्माणाधीन पंचायत भवन के लिए 1.50 लाख व पंचायत में मोक्षधाम के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए दो लाख प्रदान किए हैं। सांसद ने धनोटू ब्लॉक की भौर पंचायत के शीतला महिला मंडल के लिए खेल व अन्य सामग्री के लिए एक लाख रुपये तथा नवीन युवक मंडल भौर को 50 हजार प्रदान किए हैं।

उन्होंने धनोटू ब्लॉक की ग्राम पंचायत भलाना की भलानाधार में अनुसूचित जाति बस्ती में सामुदायिक भवन के लिए दो लाख प्रदान किए हैं। उन्होंने चुराग ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुटाहाची में कुटावाची-डामलदली सड़क के लिए 1.50 लाख तथा ग्राम पंचायत खन्योरी में गलीधार से चुडूधार पथ निर्माण के लिए दो लाख और गोहर ब्लॉक में ग्राम पंचायत नंदी के बदली में फुट ब्रिज के कार्य के लिए दो लाख प्रदान किए हैं। सांसद ने धनोटू ब्लॉक की ग्राम पंचायत मग्गर पधरू में ओडा में फुट ब्रिज तथा पथ निर्माण के लिए एक लाख प्रदान किए हैं। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जयदेवी स्कूल के लिए कबड्डी मैट और बॉक्सिंग किट खरीदने को जिला खेल एवं युवा सेवाएं अधिकारी को दो लाख रुपए प्रदान किए हैं। उन्होंने गोहर की ग्राम पंचायत काशन में झालों से डुआन गाड़ रोपा सड़क के मरम्मत कार्य के लिए 1.50 लाख, धनोटू ब्लॉक की ग्राम पंचायत चंबी में गुरु रविदास एससी बस्ती कांगड़ में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए एक लाख प्रदान किए हैं। ग्राम पंचायत छपराहन के लिए 10 सोलर खरीदने को एक लाख रुपए, धनोटू ब्लॉक की ग्राम पंचायत महादेव में एनएच 21 से रैहन गांव तक पेवर रोड के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए 1.50 लाख रुपए प्रदान किए हैं।

### सरकाघाट में इन कामों को मिला धन

सांसद ने सरकाघाट क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग को ग्राम पंचायत चौरी में कलश से लोअर कलश तक सड़क निर्माण कार्य पूरा करने को 2.50 लाख रुपए तथा ग्राम पंचायत रिस्सा में खराना मोड़ से रतन चंद के घर तक संपर्क मार्ग के निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए जारी किए हैं। उन्होंने गोपालपुर ब्लॉक में ग्राम पंचायत परसादा हवानी में मुख्य सड़क से धर्मपाल के घर तक पक्का रास्ता तथा डंगा लगाने के लिए 75 हजार रुपए, ग्राम पंचायत जमणी में खलाणू से रोपड़ी नाला तक संपर्क सड़क के लिए एक लाख रुपए, ग्राम पंचायत मसेरन में दून गांव में मोक्षधाम के लिए 1.50 लाख, ग्राम पंचायत चौरी में जखेनी से मोक्षधाम तक संपर्क मार्ग के कार्य के लिए एक लाख रुपए, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिक्कर के प्रार्थना सभा भवन निर्माण के लिए एक लाख, ग्राम पंचायत चौक ब्राड़ता में संदोआ गांव में सामुदायिक भवन के लिए दो लाख प्रदान किए हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत भद्रवाड़ में कलेरी गांव में सामुदायिक भवन के लिए दो लाख, ग्राम पंचायत रखोटा में खरोटा खड्ड में मोक्षधाम के लिए एक लाख, ग्राम पंचायत मसेरन में ब्राड़ा में सामुदायिक भवन के लिए 75 हजार रुपए तथा खाटी रा डोह में सामुदायिक भवन के लिए 75 हजार रुपए प्रदान किए हैं।

# जल्द मामला नहीं सुलझाया तो किया जाएगा आंदोलन

- संदिग्ध मौत मामले में पुलिस कार्रवाई पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सज्याओपिपलु में 27 दिसंबर को संजय कुमार की डेड बॉडी एक पेड़ से लटकी हुई मिली थी। संजय कुमार 23 दिसंबर से घर से लापता था। इस कथित हत्या की गुत्थी सुलझाने में धर्मपुर पुलिस अभी तक नाकाम साबित हुई है, जिससे इलाके में दहशत फैली हुई है, क्योंकि पिछले कुछ समय से इस इलाके में इस तरह के पांच मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन कोई भी अपराधी नहीं पकड़ा गया है।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने संजय कुमार की कथित हत्या के बारे में पुलिस द्वारा अपनाई जा रही सुस्त कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। 20 दिन गुजर जाने पर भी किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया गया है, जबकि संजय कुमार चार दिन घर से लापता होने पर भी उसकी कोई सूचना पुलिस को किसी भी परिवारजन ने नहीं दी जो अपने आप में ही सवाल खड़े करता है।

भूपेंद्र सिंह ने इस बारे स्थानीय विधायक से भी हस्तक्षेप करने की मांग की है और इस मामले में पुलिस को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश देने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि अगर पुलिस ने जल्दी इस मामले को सुलझाने में कदम नहीं उठाया, तो वे स्थानीय लोगों महिला मंडलों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर 25 जनवरी को मुख्यमंत्री के सामने मुद्दा उठाएंगे और जरूरत पड़ी तो सड़क पर उतर कर आंदोलन भी करेंगे। पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने चेताया है कि इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए।

# जाहू में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए घर-घर जाकर हस्ताक्षर

## नबाही वार्ड जिला परिषद सदस्य मुनीष शर्मा ने छेड़ा अभियान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हमीरपुर, मंडी और बिलासपुर तीन जिलों का संगम स्थल जाहू में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाए जाने की मांग एक बार फिर मुखर हो चुकी है। इस मांग को प्रधानमंत्री और केंद्रीय विमानन मंत्री तक पहुंचाने के लिए नबाही वार्ड के युवा जिला पार्षद मुनीष शर्मा सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव-गांव और घर-घर जाकर बकायदा हस्ताक्षर अभियान छेड़े हुए हैं।

सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़े मुनीष शर्मा ने बताया है कि जाहू क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण के लिए उनके हस्ताक्षर अभियान को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है और पिछले 53 दिनों में वे लगभग 183 गांवों में घर-घर जाकर हजारों हस्ताक्षर करवा चुके हैं। उन्होंने बताया कि लोग इस बात को समझ रहे हैं कि बल्ह घाटी की उपजाऊ भूमि को उजाड़ना ठीक नहीं है।



हवाई अड्डे के लिए हस्ताक्षर करते ग्रामीण।

जाहू क्षेत्र में लोगों को विस्थापित किए बगैर हवाई अड्डे का निर्माण किया जा सकता है और जाहू को नेरचौक या सुंदरनगर से टनल के माध्यम से जोड़ा जा सकता है। भाजपा के वरिष्ठ पूर्व विधायक कर्नल इंद्र सिंह ने जाहू में हवाई अड्डा बनाए जाने को लेकर न सिर्फ अपनी ही सरकार के मुख्यमंत्री द्वारा बल्ह में हवाई अड्डा बनाए जाने का विरोध किया था बल्कि विधानसभा में बाकायदा जाहू में हवाई अड्डा बनाए जाने की मांग रखी थी। उन्होंने साफ कहा था कि फॉग की समस्या के चलते बल्ह में कभी भी हवाई अड्डा नहीं बनाया जा सकता है।

## जमीनी विवाद पर सड़क पर पत्थरों का ढेर लगाकर बंद कर दी सड़क

**सरकाघाट।** एक दबंग व्यक्ति ने जमीनी विवाद के चलते सड़क पर बोल्डर पत्थरों से भरे टेंपो को सड़क पर गिराकर सड़क ही बंद कर दी। सड़क बंद होने से परेशान लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस, लोक निर्माण विभाग और पंचायत के तमाम अधिकारियों जनप्रतिनिधियों द्वारा सड़क खुलवाने के सारे प्रयास किए गए, परंतु जमीन मालिक सड़क खोलने को राजी नहीं हुआ। मिली जानकारी अनुसार रविवार सुबह बरच्छवाड सरोहली बाग सूरजपुरबाड़ी सड़क पर एक व्यक्ति ने सड़क पर बोल्डर पत्थरों से भरे टेंपो को उल्टा कर सड़क बंद कर दी। सड़क बंद होने के बाद गांव के लोगों के साथ-साथ स्थानीय पंचायत द्वारा उस व्यक्ति से सड़क खुलवाने का अनुरोध किया गया, परंतु उसने सड़क नहीं खोली। डीएसपी संजीव गौतम ने कहा कि लोक निर्माण विभाग से सड़क और जमीन के कागज मांगे गए हैं। कब्जा नहीं हटाया तो केस दर्ज करना पड़ेगा।

# सरकाघाट में बास्केटबाल प्रतियोगिता शुरू

## तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 350 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल प्रदेश बास्केटबाल एसोसिएशन द्वारा राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट के रामदास बास्केटबाल स्टेडियम में 44वीं अंडर-19 राज्य स्तरीय तीन दिवसीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव पवन ठाकुर द्वारा किया गया।

इस प्रतियोगिता में 10 लड़कियों की टीमें व 13 लड़कों की टीमें भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता में 300 खिलाड़ी वह 50 ऑफिशल स्टाफ भाग ले रहा है। शुरुआती मुकाबले में डीएवी कांगड़ा ने कुल्लू को 68/32, आर्मी पब्लिक स्कूल डगशाई ने बाल स्कूल बिलासपुर को 57/21 से ऊना ने बिलासपुर को 66/ 39 से मंडी ने शिमला को 60/ 26 से कांगड़ा ने सोलन को 55/31 से डीएवी कांगड़ा ने मंडी को 52/31 से वहीं लड़कियों के मुकाबले में स्पोर्ट्स हॉस्टल सरकाघाट ने आर्मी पब्लिक स्कूल डगशाई को 50/2 से शुभम ने आर्मी पब्लिक स्कूल डगशाई को 23 /2 से बिलासपुर ने कांगड़ा को 20/10 से शिमला में सोलन को 28/11 से हमीरपुर में कुल्लू को 60/15 के बड़े अंतर से हराया। इस अवसर पर पवन ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ियों को खेलों के साथ-साथ अपनी पढ़ाई में भी ध्यान रखना चाहिए। खेलें हमें अनुशासन में रहना सिखाती हैं।

खेलों से व्यक्ति का शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से भी दूर रहें। नशा आज हमारे युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है। हमें इसके सेवन से बचना चाहिए। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# भरौण के कल्याहर को नगर निगम से किया जाए बाहर

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

लगभग अढ़ाई वर्ष पहले नगर निगम मंडी के गठन के लिए जनसंख्या व मतदाता पूरे करने की कशमकश और आनन-फानन में जोड़े गए ग्रामीण क्षेत्र आज भी शहरी सुविधाओं से वंचित हैं जबकि यहां टैक्स लगाने की तैयारियां चल रही हैं। हालांकि कांग्रेसी पार्षदों ने टैक्स लगाने का विरोध करते हुए मांग की है कि जब तक इन ग्रामीण क्षेत्रों में शहर की भांति सीवरेज, स्ट्रीट लाइट या अन्य सुविधाएं बराबर नहीं हो जाती तब तक यहां टैक्स न लगाया जाए। जब इन ग्रामीण क्षेत्रों को नगर निगम में शामिल किया जा रहा था तो यहां वाशिंदों और नेताओं ने इसका विरोध जताया था। विरोध जताने वालों में से कुछ तो निगम में चुनकर प्रतिनिधि बन चुके हैं। ग्राम पंचायत भरौण के कल्हयार गांव वासियों ने तो छिटका हुआ इलाका होने की वजह से भी उन्हें नगर निगम से बाहर करने की गुहार पहले ही लगाई है।



बल्हघाटी के चक्कर में बैठक के दौरान मौजूद ग्रामीण।

रविवार को बल्हघाटी के चक्कर में आसपास के ग्रामीणों ने एक आपात बैठक करके विरोध का बिगुल बजा दिया है। बैठक में गुटकर, चक्कर, बगला, नागचला हनुमान मंदिर के आस पास के ग्रामीणों जिनमें महंत राम पूर्व प्रधान, राम सिंह पूर्व उपप्रधान, जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू, दयाल सिंह, धर्म सिंह, राघव, जस्सू नरयाल, मुरारी शर्मा, सहित कई ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए इस बैठक में शिरकत की। उन्होंने कहा कि जब इन इलाकों को नगर निगम के वार्ड 15 दौंहदी में मिलाया जा रहा था तो लोगों से यह वादा किया गया था कि दो-तीन साल के बाद बाहर कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम में आने पर न चाहते हुए भी कई तरह के टैक्स देने पड़ते है जबकि इन क्षेत्रों में शहरी नहीं ग्रामीण लोग ही रहते हैं। लोगों ने मीटिंग में शामिल होकर हिमाचल सरकार और नगर निगम से उन्हें नगर निगम से बाहर करने की अपील की है। ग्रामीण एक ज्ञापन उपायुक्त मंडी को सोमवार को सौंपेंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि इन गांवों को नगर निगम धौंदी वार्ड 15 से बाहर नहीं किया तो हम आगामी लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# नेरचौक में क्षत्रिय संघ ने लगाया खिचड़ी का लंगर



क्षत्रिय संघ सुंदरनगर व बल्ह इकाई के पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

क्षत्रिय संघ सुंदरनगर व बल्ह इकाई के सौजन्य से लाल बहादुर शास्त्री नागरिक चिकित्सालय नेरचौक में दूध, ब्रैंड, चाय, रस का लंगर मरीजों और तीमारदारों के लिए लगाया गया। बल्ह इकाई के अध्यक्ष राजेंद्र पाल ने कहा कि लंगर का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस तरह का आयोजन नियमित रूप में भविष्य में भी किया जाता रहेगा। राजेंद्र पाल ने बताया कि लोक राज सैनी समाजसेवी द्वारा खिचड़ी का लंगर लगाया गया। क्षत्रिय संघ सुंदरनगर के सलाहकार कृष्ण चंद्र महादेविया ने कहा कि सुंदरनगर और बल्ह इकाई मिलजुल कर सभी तरह के सामाजिक कार्य करते रहेंगे। इसके साथ ही निकट भविष्य में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बल्ह और सुंदरनगर की विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता बिलासपुर कहलूर राजपूत सभा के अध्यक्ष सुखदेव सिंह ठाकुर करेंगे।

## बंदरों और बेसहारा पशुओं से किसान परेशान

**धर्मपुर।** अरसे से चली आ रही समस्याओं का निदान न होने से क्षेत्र के किसान चिंतित हैं। बता दें इन दिनों उत्पाती बंदरों ने किसानों के नाक में दम कर रखा है। वहीं पर सारी फसल भी बर्बाद कर रहे हैं। बीज बोने से लेकर फसल पकने तक इन का हमला बरकरार रहता है और दूसरी तरफ बेसहारा पशु किसानों द्वारा बिजी गई फसल को चट कर जाते हैं। बेशक सरकार द्वारा बेसहारा पशुओं के लिए गोसदन तो बने हैं, लेकिन इधर शरारती तत्व रात के अंधेरे में पशुओं को छोड़कर चले जाते हैं। वहीं पर बंदरों की पलटनों का भी कारगर उपाय न होने लोगों की चिंता बढ़ रही है।

**बुलंदी** कोरोना महामारी की चुनौतियों से पाया पार, बच्चों ने स्कूल के नाम हासिल की अनेक उपलब्धियां

# डीएवी जोगिंद्रनगर ने तीन साल में हासिल किया मुकाम

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर की स्थापना सन 2021 में कोरोना महामारी के समय हुई थी। इस दौरान बच्चों की संख्या 133 थी और सितंबर तक बच्चों की संख्या 214 तक पहुंच गई। शैक्षणिक सत्र 2021-22 समय चुनौतीपूर्ण था, जिसमें दुनिया को कोरोना महामारी और लॉकडाउन से बच्चों की पढ़ाई को नकारात्मक असर हुआ, लेकिन स्कूल के एआरओ कुलदीप सिंह गुलेरिया और उनके स्टाफ सदस्यों की बड़ी मदद से नेटवर्क समस्याओं का सामना करने वाले हर बच्चे की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन कक्षाएं सफलतापूर्वक शुरू की।

अक्तूबर 2021 के महीने में बच्चों की नियमित पढ़ाई शुरू की गई। स्कूल प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने बताया कि डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर का 2021-22 स्कूल का स्थापना वर्ष स्कूल के लिए फलदायी साबित हुआ। इसी वर्ष स्कूल ने केवल आठवीं कक्षा तक कक्षाएं आयोजित की गई और कक्षा तीसरी पांचवी और आठवीं का शत प्रतिशत परिणाम दिया। छात्रों ने विभिन्न अंतर-स्कूल और जिला-स्तरीय टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मास्टर लोकेंद्र ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में स्कूल का राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिनिधित्व किया। लंबीकूद में प्रथम, 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार नंदिनी ने गोला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी के विपुल ने 400 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में रितेश को दूसरा स्थान मिला। दसवीं कक्षा के कनिक ने 100 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान हासिल किया। वॉलीबाल में स्कूल के तीन छात्रों, वंशज, सुजल और आशीष ने इस वर्ष गाजियाबाद (नई दिल्ली) में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### बच्चों की उपलब्धियां

सत्र 2021-22 में दो छात्र रिषान आर्य और सक्षम को जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चुना गया और 2022-23 बाल विज्ञान कांग्रेस में कक्षा नौवीं के छात्र ने गणित ओलंपियाड में कक्षा दसवीं के छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा की और उपप्रभाग स्तर पर पहले और जिला स्तर पर चौथा स्थान हासिल किया। बोर्ड परीक्षा में स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा पांचवी में 15 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जिसमें हर्षिका ने 98 प्रतिशत, समर्थ ठाकुर ने 97 प्रतिशत, शिवेंद्र सूद ने 96 प्रतिशत और कक्षा आठवीं की बोर्ड की परीक्षा में पांच छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल के छात्र-छात्राएं कलचर्च एक्टिविटी, खेलकूद प्रतियोगिता और अन्य एक्टिविटी में भी स्कूल का नाम रोशन किया है।

### बच्चों के लिए स्कूल में सुविधा



बच्चों को खेलने के लिए पार्क।

डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में बच्चों के लिए एक बड़ी लाइब्रेरी है और साथ ही कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, म्यूजिक लैब और प्रार्थना सभा व खेलकूद के लिए मैदान भी है। बच्चों को स्कूल ले आने और ले जाने के लिए बसों की सुविधा भी है। इसके साथ शैक्षणिक हितों का समर्थन करने के लिए पत्रिकाएं और डिजिटल संसाधन उपलब्ध हैं। डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म और ई लर्निंग संसाधन पेश किए हैं, जिससे और अधिक सक्षम बनाया जा सके। परिसर में सभी की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए बेहतर प्रवेश नियंत्रण और सीसीटीवी स्थापना सहित अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लागू किए हैं। डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर ने सत्र 2024-25 के लिए एडमिशन शुरू कर दी गई है और इसी सत्र से स्कूल को माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक का दर्जा भी मिल




डीएवी पब्लिक स्कूल का भवन।



डीएवी पब्लिक स्कूल प्रबंधक व स्टाफ।

### विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी

शैक्षणिक सत्र 2023-24 ईईडीपी अनुभाग की खिलती हुई कलियों के लिए मजेदार और उल्लासपूर्ण था। प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के लिए भी। नृत्य, गायन, कहानी जैसी विभिन्न गतिविधियां बताना, फैंसी ड्रेस आदि सभी राष्ट्रीय दिवस स्कूल परिसर में मनाए गए। स्कूल के छात्रों को चार अलग-अलग सदनों में बांटा गया है। इंटर हाउस गतिविधियों में अधिकतम संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। दिन-प्रतिदिन की गतिविधियां, प्रतियोगिताएं व्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से आयोजित की जाती हैं।

### हेड ब्वॉय और हेड गर्ल

विद्यार्थी परिषद केवल छात्रों के लिए एक प्रतिनिधि संरचना है। कक्षा दसवीं के मास्टर दिव्यांश हेड ब्वॉय और वंशिका चौधरी को मौजूदा सत्र के लिए हेड गर्ल चुना गया। शिक्षक भी शिक्षार्थी हैं। अपडेट रहना किसी भी क्षेत्र में, विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में सफलता की कुंजी है। हमारे शिक्षक कार्यशालाओं और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर लगातार अपडेट रहने का प्रयास करते हैं।

# लोकसभा चुनाव के लिए जुट जाएं

## डलहौजी में बैठक के दौरान विधायक डीएस ठाकुर का आह्वान

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक डीएस ठाकुर ।

अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल डलहौजी की बैठक मोर्चा जिलाध्यक्ष सीएल ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में डलहौजी विस क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने विशेष रूप से उपस्थिती दर्ज करवाई। बैठक में मौजूद अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल डलहौजी के पदाधिकारियों व सदस्यों का मार्गदर्शन करते हुए विधायक डीएस ठाकुर ने बताया कि डलहौजी विस क्षेत्र की जनता व विशेष तौर पर भाजपा व मोर्चा पदाधिकारियों व सदस्यों ने विस चुनाव में जो विश्वास उन पर व्यक्त किया है आशा है कि वह विश्वास लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिलेगा। जिसके लिए हर पदाधिकारी, सदस्यों व कार्यकर्ताओं को अभी से ही कार्य क्षेत्रों में जुट जाना होगा। उन्होंने कहा कि गत एक वर्ष के भीतर ही राज्य सरकार करनी व कथनी के परिणाम जनता के समक्ष है। वहीं दूसरी ओर पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा गत नौ वर्षों के शासन काल में भारत में विकास की रफ्तार को ही नहीं बढ़ाया बल्कि जनता से किए वादों को भी पूर्ण किया है। मोर्चा जिलाध्यक्ष सीएल ठाकुर ले कहा कि कुछ माह में लोकसभा के चुनाव होने है। जिसके चलते संगठन के द्वारा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के हर बूथ पर 10 अनुसूचित जनजाति कार्यकर्ता जोड़ने पर कार्य शुरू हुआ। अनुसूचित जनजाति मोर्चा ग्राम केंद्र वह जोन प्रभारियों की नियुक्ति की गई ताकि हर बूथ पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के 10 नए सदस्यों को पार्टी में जोड़ा जाए। इस दिशा में डलहौजी मंडल द्वारा भी कार्य को आरंभ करने सहित इसकी रोजना रिपोर्ट अपडेट करनी है। जबकि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में हर घर निमंत्रण देने के लिए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं की भागीदारी को भी सुनिश्चित बनाया जाए।

# सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम को धत्ता बताकर निभाई गई 'बलि प्रथा'

## चंबा मुख्यालय में रियासतकालीन लोहड़ी पर्व की पारंपारिक परंपरा का किया गया निर्वहन

**एमएम डैनियल, चंबा**

चंबा जिला के मुख्यालय में मनाए जाने वाले रियासतकालीन लोहड़ी पर्व की पारंपारिक परंपरा इस बार भी चोरी छिपे पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर अदा की गई। हालांकि पुलिस विभाग ने राज व बजीर मढ़ियों सहित हर मढ़-मढ़ी पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। कुछ मढ़ियों में छोटी मोटी हिंसक झड़पे तक मुशारे रोकने व तोड़ने की अवश्य सामने आई। गौर हो कि रियासतकाल से चले आ रहे लोहड़ी पर्व पर बजीर मढ़ी ने अन्य 13 मढ़ियों की परिक्रमा की रस्म राजमढ़ी के स्थान पर अदा करके इस बार पूर्व परंपरा ने पाबंदी के घेरे को तोड़ डाला है।

न्यायालय व राज्य सरकार के सख्त निर्देश के चलते बलि प्रथा रोक कानून की रक्षा करते हुए जिला पुलिस विभाग द्वारा एक विशेष पुलिस दस्ता सादे कपड़ों में व वर्दी में राजमढ़ी पर तैनात करने सहित वीडियोग्राफी तक की व्यवस्था कर रखी थी, लेकिन इसके बावजूद राजमढ़ी से जुड़े अनुयायी व श्रद्धालु बलि चढ़ाने की रस्म को निभाने में कामयाब रहे। पुलिस के तमाम सुरक्षा उपाय व तंत्र आस्था से जुड़े लोगों की चालाकी को न कैमरे में न ही मौके पर पकड़ पाए। जो कि इस बार लोगों की योजना के आगे बौने सिद्ध रहे। कुछ मढ़ियों में छोटी मोटी हिंसक झड़पें तक मुशारे रोकने व तोड़ने के लिए घटित हुई, मगर मुशारे के साथ तैनात भारी संख्या में पुलिस बल ने हर हिंसक घटना पर वक्त रहते नियंत्रण पा लिया, जिससे कोई बड़ी वारदात घटित नहीं हो पाई। (अनंत ज्ञान)


रियासतकालीन लोहड़ी पर्व के दौरान शनिवार रात बैंड बाजों के साथ अपने पड़ाव की ओर बढ़ता राज मुशारा।


डाकघर चंबा के समीप मढ़ी में राज मुशारा डूबाने की परंपरा निभाते लोग।

> चंबा में लोहड़ी पर्व की परंपरा को शांतिपूर्वक निभाया गया। हालांकि राजमढ़ी मुशारा परिक्रमा के दौरान कुछ स्थलों पर हल्की फुल्की झड़पें हुई। जिन पर मुशारा के संग मौजूद पुलिस दल व मढ़ियों पर तैनात पुलिस ने वक्त रहते ही काबू पा लिया। इसके अतिरिक्त कोई भी बड़ी घटना घटित नहीं हुई।
>
> 
>
> **-जितेंद्र चौधरी,डीएसपी हेडक्वार्टर चंबा।**

# न्यूज ब्रीफ

### सैनिक विश्राम गृह में कैंटीन सुविधा आज से

**चंबा।** कैप्टन अनुमेहा पराशर उप निदेशक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा ने बताया कि मनकोट बटालियन डलहौजी द्वारा 15 व 16 जनवरी को सैनिक विश्राम गृह चंबा में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों व उनके आश्रितों को कैंटीन की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। जिसमें केवल ग्रॉसरी आइटम का सामान ही उपलब्ध करवाया जाएगा। अनुमेहा पराशर ने पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों से अनुरोध किया है कि सैनिक विश्राम गृह चंबा में आकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

### किसानों को दिए जाएंगे हींग के पौधे

**पांगी।** कृषि विकास अधिकारी पांगी नरेश कुमार नायक ने बताया की कृषि विभाग द्वारा घाटी में हींग की खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में किसानों को विभाग द्वारा निशुल्क हींग के पौधे फरवरी माह में वितरित किए जाएंगे। उन्होंने किसानों से आह्वान किया है कि जिनके पास दो बीघा भूमि उपलब्ध है, वे कृषि विभाग के किलाड़ कार्यालय में अपना नाम जल्द पंजीकृत करवा लें।

### सत्य साई समिति ने मनाई मकर संक्रांति

**चंबा।** सत्य सांई सेवा समिति चंबा ने मकर सक्रांति का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर नगर संकीर्तन का आयोजन भी किया गया। इसका संचायल सत्य साई सेवा समिति के संयोजक नरेश पुरी द्वारा किया गया। सत्य साई सेवा समिति की ओर से 25 व्यक्तियों को गर्म वस्त्र व चावल वितरीत किए गए। इस अवसर पर 25 नारायणों का चयन समिति द्वारा किया गया।

## कीड़ी में निकाली अमृत अक्षत कलश यात्रा

**चंबा।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर ग्राम पंचायत कीड़ी में अमृत अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की झांकी निकाली गई। यात्रा का मुख्य मकसद 22 तारीख को होने वाले कार्यक्रम के बारे में लोगों को जानकारी देना रहा। वहीं लोगों को अपने घरों के मंदिरों में घी के दीये जलाने के लिए भी प्रेरित किया। अयोध्या से आए हुए निमंत्रण पत्र को ही लोगों के घर-घर जाकर वितरित किया गया ग्रामीणों ने झांकियों का स्वागत करते हुए अपनी इच्छा अनुसार अनुदान भी दिया और पुष्प वर्षा भी की। ग्रामीणों का कहना है कि राम मंदिर की स्थापना सनातन धर्म की जीत है।

## पांगी में धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति का पर्व

**आरके रांगड़ा, चंबा**

जिला चंबा के पांगी में मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पांगी में मकर संक्रांति को उत्तरायण के नाम से भी मनाया जाता है। जबकि उत्तरायण के दिन मंदिरों के कपाट बंद हो जाते हैं। मान्यता है कि कपाट बंद होने के बाद माता मलासनी व सिद्धबाबा को छोड़कर समस्त देवी-देवता चार माह के लिए प्रवास पर स्वर्ग लोक जाते हैं। गौर हो कि मकर संक्रांति से ही माघ का महीना शुरू होता है। माघ को सबसे सर्द महीने के तौर पर भी जाना जाता है। मकर संक्रांति के साथ कई किवदंतियां भी जुड़ी हुई है। किवदंतियों के अनुसार मकर संक्रांति से फाल्गुन माह की संक्रांति तक समस्त पांगी में राक्षस राज रहता है, जिसके चलते लोग अकेले एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा नहीं करते हैं। सिद्ध बाबा किरयूनी के पुजारी रूप सिंह ठाकुर ने बताया कि मकर संक्रांति का पांगी में अपना ही अलग महत्व है। किवदंती के मुताबिक इस दिन से सूर्य उत्तरायण में आता है। हालांकि, सर्दियों में मनाए जाने वाले त्योहारों के दौरान कुछ मंदिरों में पूजा-अर्चना की जाती है। मकर संक्रांति के दिन भगवान भोलेनाथ को पांगी के लोग शितराज और शितबुड़ी के नाम से पूजते हैं। कैलाश पर्वत से नीचे आकर एक माह तक चंद्रभागा नदी में प्रवास करते हैं। इस दौरान उनके गण मानव जाति की सुरक्षा का जिम्मा लेते हैं। (अनंत ज्ञान)

# गुरु रविदास जयंती पर चंबा में होगी शोभायात्रा व नगर कीर्तन

## श्री गुरु रविदास सभा चंबा ने बैठक के दौरान तैयारियों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंबा**


गुरु रविदास मंदिर मोहल्ला धड़ोग में बैठक के दौरान मौजूद सभा के सदस्य।

श्री गुरु रविदास सभा चंबा के तत्वावधान में सभा प्रधान जितेंद्र सूर्या की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन गुरु रविदास मंदिर मोहल्ला धड़ोग में किया गया। बैठक में गुरु रविदास जन्मोत्सव 2024 के आयोजन संबंधित विचार-विमर्श व प्रस्ताव पारित किए गए। वहीं सभा प्रधान जितेंद्र सूर्या ने कहा कि इस वर्ष गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य पर 23 फरवरी को भव्य शोभायात्रा एवं नगर-कीर्तन का आयोजन श्री गुरु रविदास गुरुद्वारा धड़ोग से शुरू होकर पूरे नगर में कीर्तन करते हुए वापस गुरुद्वारा प्रांगण में समाप्त होगा।

इसके अतिरिक्त 24 फरवरी को जन्मोत्सव के दिन प्रात: आसा दी वार, निशान साहिब रस्म, गुरवाणी कीर्तन, भोग, अरदास व श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया जाएगा। जबकि 26 फरवरी को रात्रि कीर्तन दरबार में पंथ के प्रसिद्ध रागी जत्थों द्वारा गुरु की बाणी से संगत को निहाल किया जाएगा । इस मौके पर श्री गुरु रविदास सभा वरिष्ठ उपप्रधान अविनाश, उपप्रधान सुदेश चंद्रा, महासचिव वीरेंद्र भट्ट, स्टोरकीपर शिवकेश, पूर्व प्रधान जीतेश्वर सूर्या, अनूप राही, महिला मंडल प्रधान अमृता देवी, राजिंद्रा सूर्या, शिव करण चंद्रा, मनोहर हितैषी, राकेश हितैषी, भूषण हितेषी, रत्न रामोत्रा, ऋषिकेश, यशपाल चंद्रा, दलबीर सूर्या, अजय कुमार, जितेश चौहान अनिल अहीर, डॉ. राम कमल, कुलदीप सूर्या, शिव चरण चंद्रा, कार्तिक लुहारच, तरुण वर्धन, संजीव अहीर, मनेश रामोत्र व मोहल्ला निवासी मौजूद रहे।

# जनमानस को सनातन से जोड़ने के लिए सुझाव आमंत्रित किए

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सनातन धर्म सभा चंबा द्वारा सुरेश कश्मीरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन मुहल्ला शहरचीनी (चमेशनी) के चंपावती मंदिर परिसर में किया गया। जिसमें जागरूकता अभियान के साथ - साथ जनमानस को सनातन से जोड़ने और आगामी रणनीति की रूपरेखा तैयार करने के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए।

बैठक में उपस्थित प्रबुद्ध सदस्यों ने सनातन धर्म से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और अपने बहुमूल्य विचार रखे। वहीं नरेश महाजन ने 22 जनवरी को हो रही भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन की रूपरेखा के पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन चंबा शहर में धूमधाम से किया जाएगा। कार्यकम को लाइव दिखाने के प्रयास किए जाएंगे। मंगलेश शर्मा ने घर-घर पहुंचे अक्षत की महिमा पर प्रकाश डाला। बैठक के दौरान भारी संख्या में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति एवं युवाओं की भागीदारी व बड़ो के आशीर्वाद से ही हर संस्थान की सफलता निश्चित होती है।

## बरौर स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न

चंबा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरौर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। समापन समारोह में स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष विक्रम सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि प्रधानाचार्य कंचन कुमारी सहित राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप चौहान, सीमा देवी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर विक्रम सिंह ने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता की दिशा में अहम भूमिका निभाई जा रही है। जिसके समस्त स्वयंसेवी व प्रभारी बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि एनएसएस व अन्य गतिविधियों में भाग लेने सहित विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पूर्ण दिलचस्पी दिखानी चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप चौहान, सीमा देवी ने बताया कि सात दिनों तक चले शिविर में स्वयंसेवियों ने विद्यालय में रहकर विद्यालय परिसर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के साथ-साथ पानी के स्रोतों, रास्तों, शिव मंदिर तथा गोद लिए गावं में स्वच्छता अभियान चलाया।

# समय की जरूरत है संसार में व्याप्त नफरत के दुप्रभाव से मुक्ति पाना

## संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में सत्संग का आयोजन


संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में रविवार को आयोजित सत्संग में मौजूद श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा जगीर की अगुआई में भक्ति पर्व संत समागम का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया, वहीं विनोद कुमार सेवादार निरंकारी मिशन ब्रांच चंबा ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज करवाई। वहीं मंच पर विराजमान महात्मा जगीर ने अपने सार गर्भित प्रवचनों से साधसंगत को भाव विभौर करते हुए कहा कि भक्ति पर्व निरंकारी मिशन के अनमोल रत्न महात्मा संतोख सिंह की याद में मनाया जाता है। महात्मा संतोख सिंह ने अपना पूरा जीवन सदगुरु की भक्ति में यापन किया । महात्मा ने कहा कि भक्त हमेशा भक्ति भरा जीवन जीने के लिए अग्रसर रहते हैं। जहां वह स्वयं रोशनी से युक्त रहते हैं वहीं समाज को भी ऐसी प्रेरणा देते हैं ताकि मानव जीवन सार्थक हो सके। संसार में व्याप्त वैर, ईर्ष्या, नफरत के दुप्रभाव से मुक्ति पाना समय की जरूरत है। भक्त ही होते हैं जो संसार को प्रेम, नम्रता, सहनशीलता, विशालता और शांति व सदभाव का मार्ग दिखाते हैं। इन्ही दिव्य गुणों को अपनाकर जीवन को सुंदर बनाया जा सकता है। भक्त संसार और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनते हैं, अज्ञानता के अंधकार में भटक रहे इन्सानों को सत्य का बोध करा कर दिव्य प्रकाश से अलोकित करते हैं। संत समागम में साहो, जडेरा, राख, जांघी, मैहला, मंगला, मुगला, हरदासपुरा, धड़ोग के श्रद्धालु मौजूद रहे।

# महंत येतेंद्र गिरी को मिला श्रीराम मंदिर अयोध्या का निमंत्रण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



अयोध्या में निर्मित हो रहे भगवान श्रीराम मंदिर की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत निमंत्रण का दौर जहां देशभर में जारी है, वहीं इसी कड़ी में भगवान श्रीराम जन्म भूमि में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए हिमाचल प्रदेश के 62 साधु-संतों और वरिष्ठ नागरिकों को निमंत्रण भेजे जा रहे है। जिसमें ऐतिहासिक दशनाम अखाड़ा चंबा के महंत येतेंद्र गिरी को भी आयोजक कमेटी द्वारा विशेष निमंत्रण पत्र भेजा गया है।

ऐतिहासिक दशनाम अखाड़ा चंबा के महंत येतेंद्र गिरी ने बताया कि यह बहुत हर्ष एवं गर्व का विषय है कि दशनाम अखाड़ा को भी भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए 22 जनवरी को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि 22 को अयोध्या में होने वाले विभिन्न तीर्थस्थलों में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा शामिल होगी। महंत गिरी ने कहा कि प्रोग्राम का डॉक्युमेंटल मीटिंग के बाद न केवल वे, बल्कि पूर्ण मंडल चंबा गौरवान्वित महसूस हो रहा है। वहीं दिगंबर जय कृष्णगिरि आश्रम मैहला के महंत रवि गिरी ने कहा कि 22 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर साधु समाज में उल्लास का माहौल है। उन्होंने कहा कि दशनाम क्षेत्र के महंत को इस ऐतिहासिक एवं भव्य समारोह में बुलाया जाना एक गर्व का विषय है। जिसके चलते कई महंत, साधु-संत, व महात्माओं सहित हजारों गणमान्य व्यक्ति इस समारोह के साक्षी बनेंगे।

**अनदेखी** कांग्रेस के पहले एमएलए के नाम पर एक भी संस्थान; पार्क , स्कूल का नाम नहीं, गुमनामी के दौर में हुआ गुम

# भरमौर को ट्राइबल का दर्जा दिलाने वाले पंडित श्रीराम को भूले


**ओपी शर्मा, भरमौर**

भरमौर को जनजातिय दर्जा दिलाने वाले कांग्रेस के पहले विधायक पंडित श्रीराम के योगदान को यहां पर पूरी तरह से भूला दिया गया है। उनकी स्मृति में यहां पर अभी तक एक भी संस्थान, स्कूल और पार्क तक का नामकरण नहीं किया गया।


हैरानी की बात यह है कि जो पंडित श्रीराम ट्राइबल का दर्जा दिलाने के लिए गद्दी वेशभूषा में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के समक्ष ट्राइबल का दर्जा दिलाने व होली-जालसू सड़क बनाने के लिए अड गए थे, ऐसे शख्स का नाम भरमौर में गुमनामी के दौर में गुजर रहा है। इतने वर्ष बीत जाने के बाद मात्र उनके एक पुराने से घर में लकड़ी के फट्टे पर ही उनका नाम लिखा गया है। कांग्रेस के पहले एमएलए को पार्टी इस कदर भूल चुकी है कि उनके नाम पर आज तक किसी भी पक्ष या विपक्ष के लोगों ने किसी संस्थान, स्कूल और पार्क तक का नामकरण नहीं किया है ताकि इतिहास के पन्नों में उनका नाम दर्ज रहे। जानकारी के अनुसार सादगी वाले पंडित श्रीराम को उस वक्त के मुख्यमंत्री डॉक्टर वाईएस परमार का काफी करीबी माना जाता था। मुख्यमंत्री के कहने पर ही पंडित श्रीराम अपनी पारंपरिक वेशभूषा पहनकर दिल्ली प्रधानमंत्री के पास पहुंचे थे। हालांकि इसके लिए उन्हें तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस परमार ने पूरी तरह से तैयार किया था।

पंडित श्री राम के करीबियों की माने तो तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस परमार ने ही उन्हें भरमौर को ट्राइबल दर्जा दिलाने व होली-जालसू सड़क बनाने के लिए तत्काल प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के समक्ष मांग रखने की सलाह दी थी। बताया जाता है कि जब पंडित श्रीराम प्रधानमंत्री से मिलने पहुंचे थे तो उन्होंने तब तक पैर नहीं छोड़े थे जब तक भरमौर को ट्राइबल का दर्जा घोषित करने की घोषणा नहीं हुई थी।

बावजूद इसके उनकी इस मेहनत व प्रयासों को यहां पूरी तरह से दरकिनार कर दिया गया है और उनका नाम गुमनामी के अंधेरे में डाल दिया गया है। जानकारी के अनुसार पंडित श्रीराम ने अपना पहला चुनाव वर्ष 1967 में लड़ा था जिसमें वह हार गए थे और 1972 में दोबारा चुनाव लड़ा और जनसंघ के रामचंद को हराकर कांग्रेस के विधायक बने। हालांकि वर्ष 1977 में ठाकुर सिंह भरमौरी के बतौर आजाद चुनाव लड़ने के कारण वह चुनाव हार गए, लेकिन उनके प्रयासों के कारण ही प्लानिंग कमीशन के उच्च अधिकारी 1972 में होली में आए थे। उस समय भी उन्होंने खड़ामुख सुराही पास सड़क की वकालत की थी और इस सड़क को बजट में डाला था, लेकिन हैरानी की बात यह है कि कांग्रेस के पहले विधायक के नाम पर पूरे विधानसभा क्षेत्र भरमौर में कोई भी शिलान्यास व उद्घाटन तक की पट्टिका नहीं है, तो वहीं पर अभी तक बड़े-बड़े नेता अपने कार्यक्रमों में उन्हें याद तक नहीं करते हैं जिन्होंने भरमौर को ट्राइबल का दर्जा दिलाया। उन्हें इस कदर कैसे भुलाया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)


फाइल फोटो।

## सरकार से शहीद स्मारक की उठाई मांग



इस बारे में पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद ठाकुर ने कहा कि यह हमारे लिए शर्म की बात है की होली क्षेत्र से संबंध रखने वाले कांग्रेस के पहले विधायक के योगदान को पूरी तरह से भूला दिया गया है। उन्होंने कहा है कि उन्होंने ही भरमौर को ट्राइबल का दर्जा दिलाया था और खड़ा मुख सुराही पास के लिए पुरजोर वकालत की थी । उन्होंने हैरानी जताई है कि वर्तमान में उनका किसी भी पार्टी फोरम व मीटिंग में योगदान का जिक्र तक नहीं किया जाता है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि उनकी याद में संस्थान, स्कूल, पार्क, मैदान का नामकरण किया जाए या उनके नाम से कोई शहीद स्मारक या स्कूल संस्थान या किसी अन्य जगह का नामकरण किया जाए ।

## योगदान को भूलना गलत बात



पूर्व बीडीसी वाइस चेयरमैन कंचन ठाकुर ने कहा है कि जिस शख्स की बदौलत आज होली-उतराला सड़क के लिए सोशल मीडिया पर लड़ाई चल रही है उस शख्स का नाम और योगदान को भूलना बहुत ही गलत बात है। उन्होंने कहा है कि उनकी बदौलत ही भरमौर को ट्राइबल का दर्जा मिला है। उन्होंने कहा है कि पंडित श्रीराम का तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस परमार के साथ बहुत ही करीबी रिश्ता था जिसकी बदौलत ही भरमौर में आज बाहर के लोग जमीन नहीं खरीद सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मकर संक्रांति पर्व पर मां नयना देवी में सुबह से लगी लाइनें, लोगों ने लिया आशीर्वाद

**श्री नयना देवी।** हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नैना देवी में आज मकर संक्रांति के दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता जी के दर्शन किए हवन यज्ञ किया पूजा अर्चना की और माताजी का शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया। हालांकि पिछले कुछ दिनों से पंजाब और हरियाणा में ठंड के चलते श्रद्धालुओं की संख्या में कमी दर्ज की गई थी। लेकिन मकर सक्रांति के दिन श्रद्धालुओं का जमावड़ा मंदिर में लगा रहा और श्रद्धालुओं ने काफी संख्या में पहुंचकर माताजी के दर्शन किए। मंदिर के कबाट भी सुबह दर्शनों के लिए जल्दी खोल दिए गए थे। हालांकि पिछले कुछ दिनों से बाजार में भी मंदी का दौर चला रहा चला था, लेकिन आज मकर सक्रांति के दिन कारोबारी के तौर पर काफी अच्छा रहा और दुकानदारों ने भी राहत की सांस ली।

### शेर चौक से सुनहानी सड़क पर गड्ढों की भरमार, लोगों को हो रही परेशानी

**झंडूता।** उपमंडल झंडुता के तहत शेर चौक से कजेल सुनहानी सड़क गढ्डों में तब्दील हो गई है। इस कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की हर जगह हालात खराब होने के कारण हादसों का खतरा बना रहता है।वहीं लोगो के घरों का गंदा पानी भी सड़क पर फैल रहा है। स्थानिय लोगों का कहना है कि आजकल धुंध के कारण यह गड्ढे दिखाई नही देते है इसके चलते दोपहिया वाहन चालक हादसे का शिकार हो जाते हैं। लोगों का कहना है कि विभागीय कर्मचारी व अधिकारी सड़क की हालत का पता है परंतु कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उधर लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता नितेश कुमार का कहना है कि शेर चौक से सुनहानी सड़क पर खराब सड़क को कुछ जगह लोग सड़क को ठीक नहीं करने देते हैं। कुछ जगह जमीन का विवाद है, जो केस न्यायलय में विचाराधीन है, जिस कारण सड़क को दुरुस्त करने का कार्य नहीं हो रहा है।

### भारत सरकार की योजनाओं से हर व्यक्ति हो रहा लाभान्वित : इंदु धीमान



स्वास्थ्य विभाग, डाक सेवा विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों ने कैंप लगाए थे, जिसमें लोगों के स्वास्थ्य जांच की गई व लोगों के आधार कार्ड भी लिंक करते हुए।

**अंब।** आज विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा का स्वागत अध्यक्ष नगर पंचायत अंब इंदु धीमान की अध्यक्षता में किया गया। धीमान ने बताया भारत सरकार द्वारा गरीबों के उत्थान के लिए कई प्रकार की योजनाएं चलाई गई हैं, जिससे हर व्यक्ति लाभान्वित हो रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपदेश कुमार उपाध्यक्ष, पार्षद अंजलि सूद, अर्चना कुमारी, मेला राम, अशोक ब्लॉक समिति अध्यक्ष सुनीता देवी, कुलदीप, मनोज, अंजू सोनी, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, आशा वर्कर व शहर के निवासी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग, डाक सेवा विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों ने कैंप लगाए थे, जिसमें लोगों के स्वास्थ्य जांच की गई एवं लोगों के आधार कार्ड भी लिंक किए गए।

### शिव मंदिर अमरेहड़ा मलांगढ़ में होगा भव्य कार्यक्रम, जलाए जाएंगे 1100 दीपक



श्री अयोध्या से आए निमंत्रण अक्षत कलश के दौरान प्रधान सीमा देवी, सचिव सरोज शर्मा व अन्य महिलाएं।

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के मलांगढ़ पंचायत के महिला मंडल अमवेहड़ा द्वारा श्री अयोध्या से आए निमंत्रण अक्षत कलश पर प्रधान सीमा देवी सचिव सरोज शर्मा की अध्यक्षता में श्रीराम दरबार सजा। सरोज शर्मा ने बताया कि 22 जनवरी को श्री अयोध्या में होने बाली श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा पर मलांगढ़ शिव मंदिर में 1100 दीपक जलाकर दीपावली बनाई जाएगी और उस दिन भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। सरोज शर्मा ने समस्त जनता से आग्रह किया है कि 22 जनवरी को सुबह दस बजे शिव मंदिर अमरेहड़ा मलांगढ़ में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल भी बनाए और प्रभु श्रीराम जी के इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनकर आशीर्वाद प्राप्त करें।

### भाजपा किसान मोर्चा मंडल चिंतपूर्णी की कार्यकारिणी घोषित, किरपाल बने अध्यक्ष

**अंब।** भाजपा चिंतपूर्णी मंडल अध्यक्ष रविंद्र द्विवेदी ने जिला अध्यक्ष बलवीर चौधरी तथा अन्य नेताओं से चर्चा करने के उपरांत भाजपा किसान मोर्चा मंडल चिंतपूर्णी कार्यकारिणी घोषित कर दी। इसमें अध्यक्ष किरपाल सिंह भगड़ाह, उपाध्यक्ष ओंकार चंद घंग्रेट, सरवन कुमार अमरोह, प्यारा सिंह जुबहड़, राम दयाल बदाऊं, महामंत्री संदीप ठाकुर चरुडू, गुरदीप सिंह पलिया, सचिब रविंद्र चौधरी जोल, सुनील सिंह पोलियां पुरोहित, प्रेम दास पटियाल नंदपुर, अंकुश गौतम धुस्सडा, कोषाध्यक्ष पुष्पिंद्र सिंह ठठल, मीडिया वरिंद्र सिंह सपोरी, प्रवक्ता जोगिंद्र सिंह बेहड जसवा, कार्यकारिणी सदस्य मोहिंद्र सिंह पंजोया, राम कृष्ण धंदडी, संजीवन सिंह लंग्याना, मोहित कुमार सलोई, यश पाल पोलियां पुरोहित, देवराज शर्मा चौल्ली, हरि कृष्ण कुठियाडी, कुलवंत सिंह हंबोली, राकेश कटोहड़ कला, बलजिंद्र सिंह सपौरी, अजय डूहल बटवाला, राम कुमार बेहडवाल, कुलदीप सिंह ज्वार, नवल किशोर नहरी नौरंगा, दिलबाग सिंह, अनिल, धीरज, करतार, सोहन सिंह, कमल देव, विनोद, जरनैल, देवराज, नरेश, राजीव, भारत भूषण को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया।

### भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश के हर गांव में बनाएगा 11 किसान प्रहरी : संजीव देष्टा



भाजपा किसान मोर्चा जिला बिलासपुर की बैठक में मौजूद जिलाध्यक्ष सतदेव शर्मा व अन्य।

**घुमारवीं।** भाजपा किसान मोर्चा जिला बिलासपुर की बैठक आज जिलाध्यक्ष सतदेव शर्मा की अध्यक्षता में घुमारवीं में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा एवं पूर्व मंत्री प्रदेश सरकार राजेंद्र गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए संजीव देष्टा ने कहा कि किसान मोर्चा का कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं केंद्र सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरे प्रदेश में हर गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन करेगा तथा हर गांव में 11 किसान प्रहरी नियुक्त करेगा। भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं मंडल अध्यक्ष देशराज शर्मा ने बताया कि बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के प्रांत उपाध्यक्ष परिवेश शर्मा, जिला के महामंत्री विवेक संख्या विकास कुमार किसान मोर्चा प्रदेश सचिव सुरेंद्र भारती, राम लोक, राजेश मेहता, महेंद्र ठाकुर, दिलाराम, सतपाल वर्मा, धनदेव, राजपाल, किसान मोर्चा के प्रदेश आईटी संयोजक शशि सकलानी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन की अनोखी पहल

- बिलासपुर में एडवेंचर स्पोर्ट्स उत्सव का आयोजन 19 जनवरी से
- तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी करेंगे उत्सव का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**जिला** बिलासपुर में 19 जनवरी से 31 मार्च 2024 तक एडवेंचर स्पोर्ट्स उत्सव का आयोजन किया जाएगा। एडवेंचर स्पोर्ट्स उत्सव में एयरोस्पोर्ट्स और वाटरस्पोर्ट्स गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बिलासपुर शहर के साथ लगते गोबिंद सागर झील में मंडी भराड़ी स्थान पर इस उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव का शुभारंभ 19 जनवरी को प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी।



उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग द्वारा बिलासपुर में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अनोखी पहल की जा रही है। इस उत्सव के माध्यम से जिला में एयरोस्पोर्ट्स और वॉटरस्पोर्ट्स का अनुभव करने के लिए एक मंच तैयार किया जा रहा है, ताकि जिला बिलासपुर के युवा भविष्य में करियर के रूप में एयरोस्पोर्ट्स और अन्य साहसिक खेलों में अपना करियर चुन सकेंगे।

उत्सव में आने वाले लोग तय शुल्क अदा कर हाट एयर बैलूनिंग और पैरामोटरिंग राइड्स और पारा सीलिंग सहित अन्य खेलों का भी लुत्फ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस उत्सव के दौरान पर्यटक वॉटरस्पोर्ट्स का भी आनंद ले सकेंगे।

### पर्यटन का होगा विस्तार, पर्यटकों की बढ़ेगी संख्या

**उपायुक्त** ने कहा कि इस उत्सव के माध्यम से जिला बिलासपुर के पर्यटन को विस्तार और पर्यटकों की आमद पहले की तुलना में बढ़ोतरी करने, किरतपुर नेरचौक फोरलेन के माध्यम से मनाली की ओर जाने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यह कदम जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग द्वारा मिलकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन साहसिक खेलों का आयोजन करने वाली कंपनी पहले ही ऊना में इसका सफल ट्रायल कर चुकी है, जिसको देखते हुए प्रशासन द्वारा कंपनी को इस उत्सव का आयोजन के लिए अनुमति दे दी गई है।

## झंडूता के मंदिरों में साफ-सफाई व सजाने संवारने का कार्य शुरू

**झंडूता।** अयोध्या में नवनिर्मित भव्य राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में झंडूता विधानसभा क्षेत्र के मंदिरों में सफाई और उन्हें सजाने-संवारने का काम शुरू हो गया है। इस कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल खुद आगे आए हैं। रविवार को उन्होंने इसकी शुरुआत गेहड़वीं क्षेत्र में स्थित बड़ोल देवी मंदिर में सफाई अभियान से की। भाजपा और भाजयुमो कार्यकर्ताओं तथा युवक व महिला मंडल के सदस्यों और अन्य लोगों के साथ उन्होंने लगभग चार घंटे तक मंदिर को संवारने के लिए श्रमदान किया। उसके बाद उन्होंने मंदिर में विधिवत तरीके से पूजा-अर्चना करके बड़ोल देवी का आशीर्वाद भी लिया। इसी कड़ी में 19 जनवरी को शाहतलाई में बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में भी सफाई के लिए श्रमदान किया जाएगा।

## रजनीश मेहता ने 20 सूत्री कार्यक्रम का सदस्य बनाने पर शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**घुमारवीं** विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी रजनीश मेहता को बिलासपुर 20 सूत्री कार्यक्रम कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है। मेहता ने अपनी नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार का पिछले एक साल का कार्यकाल बेहतरीन रहा है। सुक्खू ने पूरे देश व प्रदेश की जनता में एक नायक, गरीबों के मसीहा और जनता से सीधा जुड़े हुए एक व्यक्तित्व की अपनी अलग पहचान बनाई है। मेहता ने कहा कि उनकी पहचान युवा कांग्रेस संगठन में एक सिपाही के तौर पर है तथा संगठन के पदाधिकारियों को तरजीह देकर सीएम ने बता दिया वह एक संगठन से निकले हुए साधारण व्यक्ति हैं। उन्होंने हमेशा कहा है कि समय-समय पर संगठन में काम करने वाले पदाधिकारियों को सरकार में काम करने का मौका मिलता रहेगा, जिससे उनका मनोबल ऊंचा होता रहेगा। मेहता ने कहा कि बिलासपुर का 20 सूत्री कार्यक्रम कमेटी का सदस्य बनाने के लिए सीएम सुक्खू, राजेश धर्माणी, विक्रमादित्य सिंह, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस निगम भंडारी, जयवर्धन खुराणा व समस्त युवा कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।



## घुमारवीं में यातायात नियमों की उड़ रहीं धज्जियां

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**घुमारवीं** में यातायात नियमों की जमकर अवहेलना हो रही है। सड़कों पर बिना नंबर प्लेट के वाहन दौड़ रहे है। मालवाहक वाहनों में सवारियों ढोई जा रही हैं। वही दो पहिया वाहनों पर तीन-तीन सवारियों बैठ कर इन्हें दौड़ाया जा रहा है। घुमारवीं शहर के अलावा डंगर, दधोल, भराड़ी, भगेड़ आदि जगहों पर बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट, मोबाइल का प्रयोग करते हुए वाहन चालक देखे जा सकते हैं। किसी भी दुर्घटना के बाद पुलिस प्रशासन यातायात नियमों की अवेहलना करने वाले के खिलाफ बात तो करते हैं, लेकिन वक्त के साथ स्तिथि जस की तस हो जाती है। हालांकि पुलिस द्वारा समय-समय पर सीवर लगाकर भी वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालन करने की जानकारी दी जाती है, लेकिन धरातल पर देखा जाए तो नियमों को ठेंगा दिखाते कई वाहन चालक दिखाई देंगे।

घुमारवीं में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर शिकंजा कसने के लाखों खर्च कर कैमरे लगाए हैं, लेकिन कई युवाओं ने चालान से बचने के लिए नंबर प्लेट तक खोल दी है। ऐसे में पुलिस कार्रवाई करने से रह जाती है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक चंद्रपाल सिंह ने कहा कि पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करती है। इसके अलावा विशेष अभियान के तहत बिना नंबर प्लेट के वाहन को पड़कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




## बीडीटीएस में नीलम चंदेल ने सातवीं बार संभाला प्रिंसिपल सेक्रेटरी का पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** के ट्रक ऑपरेटर नीलम चंदेल को बीडीटीएस में प्रधान सचिव पर नियुक्ति दी गई है। यह जानकारी देते हुए बीडीटीएस के महासचिव प्रदीप ठाकुर ने बताया कि नीलम चंदेल काफी समय से ऑपरेटर मुद्दों को उठाते रहे हैं और ऑपरेटर से लगातार जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि नीलम चंदेल ने जीतराम गुट के साथ आस्था व्यक्त की है और उन्होंने कहा है कि वर्तमान कार्यकारिणी ट्रक ऑपरेटरों के हितों को बरकरार रखेगी। प्रदीप ठाकुर ने बताया कि नीलम चंदेल ने आज से ही कार्यभार संभाल लिया है।



## अजमेरपुर ग्रीष्मोत्सव मेला और छिंज कमेटी की विशेष बैठक आयोजित

**डंगार चौक।** अजमेरपुर ग्रीष्मोत्सव मेला एवं छिंज कमेटी की मेला की तैयारियों को एक विशेष बैठक का आयोजन शिव शहनाई पैलेस लढ़यानी में हुआ, जिसकी अध्यक्षता मेला कमेटी प्रधान करतार सिंह चौधरी ने की। चौधरी ने बताया कि मेले का शुभारंभ दो से चा अप्रैल तक को होगा। उसके लिए जिम्मेदारियां सुनिश्चित कर दी हैं। बैठक में कमलदेव राव, महेंद्र धर्माणी, डॉ. जगदीश, मनोहर लाल, प्रेम सागर ने भी विचार रखे। इस बैठक में ख्याली राम, आजाद चंद, कमलदेव, जगननाथ, अमीं चंद, दीनानाथ, डॉ. जगदीश चंद्र, डॉ. रवि शर्मा, डॉ. रितिक शर्मा, महेंद्र धर्माणी, हेमराज, अजय, सुरेंद्र, सुनील दत्त, मनोहर लाल, जयकृष्ण, श्याम लाल, सुरेश, रजनीश, प्रेम सागर, सोहन लाल, कृष्ण कन्हैया, कैलाश उपस्थित रहे।

## विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय इकाई की बैठक आयोजित

**झंडूता।** विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय इकाई की बैठक लोक निर्माण विश्राम गृह बरठीं में आयोजित की गई। इस बैठक में सेवानिवृत्त संघ की राज्य इकाई के महामंत्री होशियार सिंह चंदेल उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को पेंशन का भुगतान, ग्रेच्यूटी व एरियर सहित अन्य लाभ बिजली बोर्ड के कर्मचाारियों को सरकार के द्वारा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने सरकार को चेताया कि इसका भुगतान अगर मार्च से पहले नहीं किया गया तो हिमाचल प्रदेश का सेवानिवृत्त कर्मचारी आने वाले बजट सत्[ में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम पहले भी इसके बारे में सरकार को नोटिस भेज चुके हैं कि कर्मचारियों की मांगों पर तुरंत अमल किया जाए। मुख्यमंत्री की कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने कहा था कि सभी कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन दी जाएगी, लेकिन बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को अभी तक ओल्ड पेंशन योजना का कोई भी लाभ नहीं मिला है। यहां तक कि उनको ओल्ड पेंशन देने के बारे में प्रदेश सरकार के द्वारा विचार भी नहीं किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारियों में जिला अध्यक्ष तिलक राम शर्मा, उपाध्यक्ष जोगिन्द्र सिंह, संगठन मंत्री अमीं चंद ठाकुर, प्रेमराणा, मस्तराम, रमेल सिंह राणा, रमेश कुमार शर्मा, बालकृष्ण गौतम सहित अन्य मौजूद रहे।

## अर्थशास्त्र प्रवक्ता अनिल शर्मा ने हटली एनएसएस कैंप को दिए 5100 रुपए



**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हटली में एनएसएस के सात दिवसीय कैंप में धनेटा से संबंध रखने बाले जाने माने प्रतिष्ठित प्रवक्ता अनिल कुमार शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की थी और अपनी निजी आय से बच्चों के प्रीति भोज के लिए 5100 रुपए का स्कूल को दान दिये। प्रवक्ता अनिल शर्मा ने रिसोर्स पर्सन बनकर बच्चों को स्वयं सेवक बनने के लिए आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि एनएसएस का जो चित्र है, वो कोणार्क में भगवान सूर्य के मंदिर से लिया है। इस चित्र में आठ तीलियां हैं व चौबीस चिन्ह हैं, जो हम सभी को आठों पहर व चौबीस घंटे सेवा के तैयार रहने के लिए प्रेरित करते हैं। प्रधानाचार्य भूपिंदर ठाकुर द्वारा मुख्यातिथि का कैंप में आने पर ओर बच्चों के प्रीति भोज के लिए 5100 रुपए देने पर धन्यबाद किया।

## घुमारवीं में शिमला-धर्मशाला एनएच किनारे लगे अवैध होर्डिंग दे रहे हादसों का न्योता




**घुमारवीं।** घुमारवीं में शिमला-धर्मशाला नेशनल हाई-वे किनारे लगे अवैध होर्डिंग की भरमार है, जहां यह होर्डिंग वाहनों के सुरक्षित आवगमन को प्रभावित कर रहे हैं। वही यह होर्डिंग नगर परिषद या प्रशासन की कोई अनुमति के बिना लगाए जा रहे हैं और होर्डिंग्स से नगर परिषद को राजस्व के रूप में भी शुल्क नहीं मिल रहा है। घुमारवीं शहर में सड़क किनारे नियमों को ताक पर रखकर शिक्षण संस्थानों, बड़ी कंपनियों और स्थानीय दुकानदार द्वारा निशुल्क प्रचार के लिए बिना किसी मंजूरी के अवैध होर्डिंग लगाए गए हैं। हैरानी की बात है कि कई होर्डिंग सरकारी संपति जैसे बिजली और टेलीफोन के खंभे आदि पर लगाए गए हैं। शहर का कोई ही खंभा हो जिस पर होर्डिंग न लगा हो। वही नगर परिषद उपाध्यक्ष श्याम शर्मा ने कहा की शहर में बिना अनुमति होर्डिंग लगाने पर नगर परिषद समय समय पर करवाई करती है, लेकिन होर्डिंग हटाने के बाद भी कुछ लोग दुबारा से होर्डिंग लगा देते है। जल्द ही नगर परिषद अवैध होर्डिंग लगाने वालों पर करवाई करेगी।

**समारोह** शिवालिक स्कूल में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे विधायक देवेंद्र भुट्टो ने दिए 20 स्टूडेंट्स की फीस के लिए दिए 25 हजार

# युवा पीढ़ी को नशे की दलदल से बचाना हम सबका कर्तव्य

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**कुटलैहड़** विस क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में उच्च पर पहुंचाना लक्ष्य है और यह लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है, जब हम सभी इकट्ठे होकर धरातल पर काम करेंगे। शिक्षक स्टूडेंट्स को बेहतर शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार और बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों पर पैनी नजर रखकर नशे के दलदल से बचाएंगे। ये शब्द कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने शिवालिक पब्लिक स्कूल तनोह में वार्षिक समारोह में शिरकत करके संबोधन में कहे। विधायक ने कहा कि कुटलैहड़ का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। ईमानदारी से हम काम कर रहे हैं और हर पंचायत स्तर से हर घर हर वार्ड तक सरकार की योजनाएं व जनता की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, लेकिन कुछ पंचायत प्रतिनिधि न तो मेरे द्वारा दिए गए विकास पर धनराशि को खर्च कर रहे हैं और न ही विकास को महत्व दे रहे है।


भुट्टो ने कहा कि बीते एक सप्ताह में कुटलैहड़ के अंदरोली में कार्यक्रम हुआ। राज्य पर्यटन बोर्ड के चेयरमैन बड़े भाई आरएस बाली द्वारा अंदारोली में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 10 करोड़ की धनराशि दी गई, जिस से मेरे कुटलैहड़ के युवाओं को घर द्वार रोजगार मिल सके। भुट्टो ने कहा कि एक वर्ष में हम ने कुटलैहड़ के जरूरतमंद परिवारों को सरकार की तरफ से करीब तीन करोड़ की धनराशि आर्थिक मदद के तौर पर घर पहुंचाई है। करीब तीन सौ गरीबी रेखा से नीचे परिवारों के बच्चों को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की है। वहीं स्कूल पहुंचने पर विधायक भुट्टो का भव्य स्वागत किया गया और स्टाफ द्वारा मुख्यातिथि को स्मानित किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुतियां दी। भुट्टो ने कहा कि शिवालिक पब्लिक स्कूल तनोह में 20 बच्चों को गरीबी रेखा से नीचे उनकी फीस के लिए प्रिंसिपल महोदय के पास 25 हजार की नकद राशि प्रदान करता हूं। स्कूल के संस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 11 हजार में एक डंगा व जो भी प्रिंसिपल द्वारा कार्य बताए गए हैं। उन्हें भी पूरा करने की कोशिश करूंगा। इस मौके पर जिला पार्षद सदस्य सत्या देवी, कुटलैहड़ एक्स सर्विस मैन के अध्यक्ष केवल कृष्ण, डॉ. किशोरी लाल शर्मा, अनीता देवी, शशि बाला के अलावा स्टाफ व गणमान्य लोग मौजूद रहे।



शिवालिक पब्लिक स्कूल तनोह में वार्षिक समारोह में बच्चों के साथ कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो।

# रणजीत सागर बांध का जल निकास 31 दिन के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, शाहपुरकंडी**



पंजाब सरकार के जल स्त्रोत विभाग की ओर से यूबीडीसी नहर की रिपेयर के कार्यों एवं शाहपुरकंडी डैम के अंडर सलूसिज को बंद करने के लिए रणजीत सागर बांध परियोजना के पॉवर हाउस से रावी दरिया के पानी को 15 जनवरी 2024 से 14 फरवरी 2024 तक पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा।

इसके लिए पंजाब सरकार के जल स्त्रोत विभाग की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बंदी के दौरान यूबीडीसी नहर की रिपेयर जो कि पिछले कई वर्षों से नहीं हो पाई थी एवं शाहपुरकंडी डैम के अंडर सलूसिज को बंद करने का काम किया जाएगा। जिसके चलते लगभग एक महीना रणजीत सागर बांध परियोजना से विद्युत उत्पादन पूरी तरह बंद रहेगा। वहीं सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहपुरकंडी डैम के अंडर सैल्यूसिज को बंद करने के उपरांत 15 फरवरी से शाहपुरकंडी डैम की झील में पानी भरने का काम भी शुरू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि शाहपुरकंडी बैराज परियोजना के निर्माण का चल रहा कार्य लगभग अब पूरा होने की कगार पर है। उम्मीद है कि 2024 के दौरान ही शाहपुरकंडी डैम बनकर राष्ट्र को समर्पित कर दिया जाएगा।

### ठंड के बीच दिन भर स्नान का क्रम चला, आज भी मनाया जाएगा मकर संक्रांति पर्व

# मकर संक्रांति पर्व : श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई पुण्य की डुबकी

**एजेंसी, हरिद्वार**







भगवान सूर्य के दक्षिण से उत्तर में आने का पर्व मकर संक्रांति स्नान को लेकर इस बार भी लोगों में भ्रम की स्थिति बनी रही। लोगों ने गंगा स्नान कर दान-पुण्य आदि कर्म किए। गर्म वस्त्र, तिल से बने पदार्थ दान कर सुख-समृद्धि की कामना की। देश के कई प्रांतों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई।

गंगा स्नान के लिए अलसुबह से ही गंगा घाटों पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। ठंड के बीच भी दिन भर स्नान का क्रम चलता रहा। स्नान पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। कुछ लोग सोमवार को मकर संक्रांति का पर्व मनाएंगे। योग के हिसाब से मकर संक्राति का पर्व सोमवार को ही पड़ रहा है। इस बार संक्रांति का आगमन 14-15 की मध्य रात्रि में होने से मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा। इसी के साथ ही सूर्य उत्तरायण हो जाएंगे। ज्योतिष के मुताबिक 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर 77 सालों के बाद वरीयान योग बन रहा है। इसके साथ ही रवि योग का संयोग इसे बेहद खास बना रहा है। मकर संक्रांति पर पूरे दिन वरीयान योग रहेगा। वरीयान योग की शुरुआत 14 जनवरी को मध्यरात्रि में 2.40 बजे से होगी और यह योग 15 जनवरी की रात 11.10 बजे तक रहेगा। यह खास वरीयान योग 77 साल बाद बन रहा है। रवि और वरीयान योग के कारण इस महापर्व का महत्व अधिक बढ़ जाएगा। इसके साथ ही पांच साल के बाद मकर संक्रांति का पर्व सोमवार को पड़ेगा। हालांकि रविवार को भी लोगों ने मकर संक्रांति पर्व मनाते हुए गंगा स्नान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### यमुनानगर में फोन सुनते हुए व्यक्ति के ट्रेन से कटकर हुए दो टुकड़े

**यमुनानगर।** यमुनानगर- जगाधरी स्टेशन के नजदीक यमुना नहर के पुल पर रेलवे लाइन पर फोन सुनते हुए एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। उसके शरीर के दो हिस्से हो गए और निचला हिस्सा नहर में गिर गया। सूचना मिलने पर राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया। मृतक की पहचान नंदलाल वर्मा (50) निवासी आजाद नगर गली नंबर-1 के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार 174 के तहत कार्रवाई की गई।

### जम्मू-कश्मीर में घने कोहरे के बीच स्कूलों में छुट्टियां बढ़ाई

**जम्मू ।** जम्मू-कश्मीर में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के बीच शिक्षा विभाग ने जम्मू संभाग के समर जोन के स्कूलों में आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए सर्दी की छुट्टियां बढ़ा दी है। यह छुटिटयां शिक्षा विभाग ने निजी व सरकारी स्कूल के आठवीं तक के विद्यार्थी के लिए 17 जनवरी तक बढ़ाई हैं। इससे पहले छुट्टियां बढ़ा कर 15 जनवरी तक की गई थीं लेकिन खराब मौसम के कारण अब इन्हें फिर बढ़ा दिया गया है। वहीं स्कूल के समय में भी बदलाव किया गया है। अब सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक स्कूल खुलेंगे। इसे लेकर विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

### हरियाणा के 14 जिलों में गिरा लिंगानुपात रोहतक में सबसे अधिक गिरावट

**हरियाणा।** हरियाणा के 14 शहरों के लिंगानुपात में कमी दर्ज की गई है। वहीं, जन्म के समय लिंगानुपात



(एसआरबी) में पिछले साल की तुलना में एक अंक की भी गिरावट आई है। 2023 में प्रति एक हजार लड़कों पर 916 लड़कियों का जन्म दर्ज किया गया है, जबकि 2022 में 917 था। हालांकि 2021 में यह आंकड़ा 914 था। मगर पुराने आंकड़ों को देखे तो 2019 में 923 पहुंच गया था। राष्ट्रीय स्तर की तुलना में भी हरियाणा का लिंगानुपात काफी पीछे है। राष्ट्रीय औसत 933 है। कम होते लिंगानुपात पर सरकार गंभीर है। सरकार की ओर से सभी उपायुक्तों को निगरानी बढ़ाने और नजर बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

### उधमपुर पुलिस ने 29 गोवंश को बचाया, चार तस्कर काबू

**उधमपुर।** उधमपुर जिला पुलिस ने 29 गोवंश को बचाया और गोवंश तस्करी के लिए इस्तेमाल किए गए चार वाहनों को जब्त किया है जबकि इस संबंध में पुलिस ने चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार पुलिस चैकी टिकरी की टीम ने गोवंश तस्करी की कोशिश को विफल करते हुए 25 गोवंश को बचाया और तीन वाहन (ट्रक, टाटा जोंगा और महिंद्रा बोलैरो) पंजीकरण संख्या जेके21डी-0182, जेके14जे-5106 और जेके19ए-1758 को टिकरी नाकापॉइंट से जब्त किया गया।

### सोनीपत के सतीश ने चांद पर खरीदी एक एकड़ जमीन

**सोनीपत।** सोनीपत के खंड गन्नौर के गांव डबरपुर निवासी सतीश कुमार ने दावा किया है कि चांद पर जमीन खरीदने वालों की फेहरिस्त में अपना नाम दर्ज करवाया है। सतीश कुमार ने चांद पर एक एकड़ जमीन खरीदी है। चांद पर जमीन खरीदने के बाद अब उन्हें रजिस्ट्री के कागजात भी मिले हैं। सतीश कुमार ने न्यूयार्क सिटी के द लूनर रजिस्ट्री के जरिए यह जमीन खरीदी है। फिलहाल वहां रहना संभव तो नहीं है, लेकिन उन्होंने चांद पर जमीन का छोटा सा टुकड़ा खरीदने का सपना पूरा किया है। उन्होंने इंद्रधनुषी खाड़ी पर एक एकड़ जमीन खरीदी है।

# लद्दाख सीमा में हालात सामान्य नहीं कश्मीर में पाक की आतंकी साजिशें

## उत्तरी कमान के सैन्य कमांडर उपेंद्र द्विवेदी ने किया खुलासा

**एजेंसी, श्रीनगर**

सेना के एक शीर्ष कमांडर ने रविवार को कहा कि उत्तरी सीमा पर हालात स्थिर हैं लेकिन 'सामान्य नहीं' हैं। उन्होंने यह टिप्पणी लद्दाख क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण (एलएसी) के संदर्भ में की। उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि मई 2020 में पूर्वी लद्दाख के सात गतिरोध वाले स्थानों में से पांच का समाधान भारतीय सेना और जन मुक्ति सेना (पीएलए) ने कर लिया है और बाकी दो स्थानों के लिए बातचीत जारी है।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'उत्तरी सीमा पर स्थिति स्थिर है लेकिन समान्य नहीं है या मैं कह सकता हूं कि यह संवेदनशील है।' संभवतः पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए सैन्य कमांडर ने कहा कि पड़ोसी देश पुंछ-राजौरी इलाके में आतंकवादी हमले की साजिश रच रहा है क्योंकि वह इलाके में चल रहे विकास कार्यों को पसंद नहीं करता। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने कहा कि पुंछ-राजौरी क्षेत्र में लोगों के जीवन में समृद्धि आई है और जीवनस्तर में सुधार आया है।

निवेश आ रहा था और लोगों को नौकरियां मिल रही हैं। लेकिन शांति और समृद्धि का यह माहौल हमारे पड़ोसी देश को रास नहीं आ रहा इसलिए इलाके में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है लेकिन हमने आतंकवाद रोधी अभियान शुरू किया है। वह श्रीनगर में सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे थे। सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस हर साल 14 जनवरी को मनाता है क्योंकि इसी दिन 1953 में भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के एम करियप्पा औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त हुए थे।



### पुलिस, सेना और स्थानीय लोगों के बीच समन्वय की जरूरत

सैन्य कमांडर ने भरोसा जताया कि आने वाले दिनों में आतंकवादी गतिविधियों को नियंत्रित कर लिया जाएगा। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने कहा कि इलाके में पुलिस, सेना और स्थानीय लोगों के बीच और बेहतर समन्वय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुलिस थानों की संख्या बढ़ाई जा रही है और हमने मुख्य धारा में जोड़ने के कुछ कार्यक्रम शुरू किए हैं। इससे स्थिति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। सैन्य कमांडर ने कहा कि 2023 को 'शून्य घुसपैठ वर्ष' घोषित किया गया है क्योंकि कोई भी आतंकवादी नियंत्रण रेखा पार कर देश में दाखिल होने में सफल नहीं हुआ है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि अगर आप पिछले साल को देखें तो मारे गए केवल 21 आतंकवादी स्थानीय थे जबकि बाकी 55 विदेशी थे। 2022 में 121 युवक आतंकवादी संगठन में भर्ती हुए जबकि 2023 में यह संख्या महज 19 रही। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निष्प्रभावी करने के बाद जम्मू-कश्मीर में बहुत ही सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में बहुत सारे बदलाव हुए हैं और सभी बदलाव अच्छे के लिए हैं, चाहे वे बुनियादी ढांचे का विकास से संबंधित हो, पर्यटकों का आगमन हो या बाहरी निवेश हो।

# क्रिप्टो को लेकर रेग्युलेटरी सेंडबॉक्स रुख की जरूरत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

### जीटीआरआई की रिपोर्ट ने किया बड़ा खुलासा

आर्थिक शोध संस्थान वैश्विक व्यापार शोध पहल (जीटीआरआई) का मानना है कि भारत को अपने क्रिप्टो उत्पादों और सेवाओं से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए एक रेग्युलेटरी सैंडबॉक्स दृष्टिकोण पर विचार करने की जरूरत है। रेग्युलेटरी सैंडबॉक्स आमतौर पर नियंत्रित/परीक्षण के नियामकीय माहौल में नए उत्पादों या सेवाओं के लाइव परीक्षण को संदर्भित करता है। इसके लिए नियामक परीक्षण के सीमित उद्देश्य के लिए कुछ छूट की अनुमति दे सकते हैं।

जीटीआरआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में नियमित वित्तीय प्रणाली में क्रिप्टो की स्वीकार्यता के मद्देनजर यह देखने की जरूरत है कि भारत में आने वाले महीनों में क्रिप्टो नीति कैसे विकसित होती है। इसमें कहा गया है कि नई अमेरिकी कार्रवाई का वैश्विक पूंजी प्रवाह, सोने की कीमत, विदेशी व्यापार पर प्रभाव पड़ेगा। ऐसे में हमारे लिए इसको लेकर बिना किसी नियमन के रहना संभव नहीं है। रिपोर्ट कहती है कि भारत नवीन क्रिप्टो-



संबंधित उत्पादों और सेवाओं के नियंत्रित परीक्षण की अनुमति देते हुए रेग्युलेटरी सैंडबॉक्स दृष्टिकोण अपनाने पर विचार कर सकता है। इसे जोखिम प्रबंधन के साथ नवोन्मेषण को संतुलित करने और ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी में प्रगति को अपनाने की जरूरत हो सकती है। इसमें कहा गया है कि किसी भी दृष्टिकोण में मुख्य मुद्दा यह होना चाहिए कि क्रिप्टो मुद्राओं का फायदा धन शोधन या आपराधिक संगठनों के वित्तपोषण जैसी अवैध गतिविधियों के लिए किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब तक अमेरिकी विनियमन इस मुख्य मुद्दे से नहीं निपटता है।

# कैंचीधाम से राज्य में 'सांस्कृतिक उत्सव' का आगाज, मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ


**एजेंसी, देहरादून**

मुख्यमंत्री ने श्रीराम लला के अयोध्या में विराजमान होने के उपलक्ष्य पर प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों और प्रतिष्ठानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत रविवार को कैंचीधाम से 'सांस्कृतिक उत्सव' का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रीराम शिला की साफ सफाई कर पूजा अर्चना करते हुए जन-जन को इस मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 22 जनवरी का दिन ऐतिहासिक दिन होगा। इस दिन शुभमुहूर्त में रामलला अयोध्या में विराजमान होंगे, जो हमारे देश के लिए एक शुभ समय और संकेत है। लंबे वर्षों के इंतजार के बाद रामलला अयोध्या में विराजमान होने जा रहे है। इस उपलक्ष्य पर राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में जन सहभागिता से सांस्कृतिक उत्सव और समस्त धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

### धामी ने 24.68 करोड़ रुपए की योजनाओं का किया शिलान्यास

रविवार को कैंची धाम पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने 24.68 करोड़ की लागत के शिलान्यास किए। इसमें सेनिटोरियम से सिरोड़ी मार्ग का सुधारीकरण और डामरीकरण के लिए 1214.71 लाख, सैनिटोरियम से नैनीबैंड तक भवाली का निर्माण कार्य सुधारीकरण और डामरीकरण के लिए 1162.32 लाख, कैंची हरतपा-हली मोटर मार्ग का नाम परिवर्तन कर शहीद लांस नायक संजय बिष्ट मार्ग का और नगर निगम हल्द्वानी वार्ड 54 में नीम के पेड़ से प्रताप सिंह बिष्ट के घर तक मार्ग का सुधारीकरण के लिए 90.65 लाख का शिलान्यास किया।



# वृद्धावस्था का आयुर्वेद में उपचार

**अनंत ज्ञान विशेष**

हेल्थ टिप्स



डॉ. रामस्वरूप चांद
बीएएमएस,डीएनएनवाई, नगरोटा बगवां

आयुर्वेद मतानुसार मनुष्य की औसत आयु 100 वर्ष मानी गई है। जो नवजात शिशु से शुरू होकर, बाल, तरुण, युवा, व्यस्क, अधेड़, वृद्ध और वयोवृद्ध अवस्था में से गुजरता हुआ जीवन चक्र को पूरा करता है। आयुर्वेद अनुसार 60 से 75 वर्ष को वृद्ध, 75 से 85 वर्ष को अतिवृद्ध तथा 85 वर्ष से ऊपर की अवस्था को वयोवृद्ध की श्रेणी में रखा जाता है।

हमारे शरीर में वात, पित्त और कफ इन तीन दोषों की उपस्थिति हमेशा रहती है और इन तीन दोषों के गुणानुसार, इनकी न्यूनता व अधिकता से शारीरिक क्रियाएं चलती हैं। वृद्धावस्था में वात दोष की अधिकता रहती है, पित्त दोष मध्यम तथा कफ दोष न्यूनावस्था में रहता है। इसी कारण वृद्धावस्था में रोगग्रस्त होने की संभावना बढ़ जाती है। आयुर्वेद में कहा भी गया है कि पित्त पंगु कफ पंगु पंग्वोमलधात्वः। वायुना यत्र् नियन्ते तत्र् गच्छति मेघवतः। इस का तात्पर्य है कि शरीर में विद्यमान कफ, पित्त, मल और धातु पंगुवस्था में हैं। इन्हें वात दोष ही शरीर में विचरण करवाता है जिस प्रकार बादल को हवा अपने वेग से यहां वहां ले जाती है। इसलिए वृद्धावस्था में बार-बार बीमार होने का डर बढ़ जाता है। वृद्धावस्था में होने वाली बीमारियों से बचने और इस अवस्था में होने वाले धातुक्षय (एट्रोफि अंगों का सिकुड़ना, झुर्रियां पड़ना आदि) के असर को कम करने के उपाय आयुर्वेद में वर्णित हैं। रासायनिक क्रिया द्वारा जिसमें उत्तम रसायनों का प्रयोग करवाया जाता है। जिससे धातुक्षय के असर को कम कर शरीर की भौतिक और मानसिक सुदृढ़ता को बढ़ाया जाता है। रक्त व संस्थान को सुचारु रखा जाता है। रसायनों में अश्वगंधा, आम्लिकी, शंखपुष्पी, भृंगराज आदि का सेवन देह प्रकृति के अनुसार करवाया जाता है। रोग प्रतिरोधात्मक शक्ति बढ़ाने के लिए और जरावस्था को रोकने की व्यवस्था के लिए आमला, शतावर, तुलसी, गुडूची, बला, ब्राह्मी और पपीता को अवस्थानुसार प्रयोग में लाया जा सकता है।

वृद्धावस्था में हृदय संबंधी विकारों में हृतबल्य औषधियों यथा अर्जुन छाल, गुग्गुल, पुष्करमूल, लहसुन, ब्राह्मी, दालचीनी का प्रयोग अवस्थानुसार करना हितकारी है। रक्त में बढ़े हुए ट्रायग्लिसराइड्स और एलडीएल कोलेस्ट्रोल्स को त्रिफला का लगातार प्रयोग लाभकारी है। इसी के साथ सर्पगंधा व मंडूकपर्णी भी हृतविकारों में लाभकारी है। वृद्धावस्था में सांस से संबंधित बीमारियों के लिए यथा बार-बार होने होने वाली खांसी में शिरीष, गुडूची और वच का सेवन तथा इनके इलावा वसा, कंटकारी व स्नुही का प्रयोग भी हितकारी है। शरीर की कंपकपाहट, अनिद्रा तथा मानसिक दुर्बलता की स्तिथि में कपिकच्छु, अश्वगंधा, शंखपुष्पी व ब्राह्मी का प्रयोग हितकारी है। पाचन व संस्थान के रोगों तथा भूख न लगना, भोजन ठीक से न पचना, बार-बार पखाना आना, लिवर की गर्मी इत्यादि में कालमेघ, यष्टिमधु, घृत कंवार, हरिद्रा, पिप्पली इत्यादि का प्रयोग करवाया जाता है।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

**बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम**

### आज का पंचांग

(15 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **तिथि** : पंचमी 02:18 रात्रि, **नक्षत्र :** शतभिषा (08:07 सुबह तक) , **पक्ष :** शुक्ल, शुभ मुहूर्त : अभीजित (12:09-12:51 रात्रि तक)

**राहुकाल :** 8:34-09:52 सुबह तक।

### विशेष दिन

15 जनवरी 2024 : मकर संक्रांति आज।

15 जनवरी 2024 : आज समाप्त होगा मलमास।

सूर्योदय : 07 :15
सूर्यास्त : 05 :45

**मेष :** कम समय में काम को पूरा करने में लगे रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। विशेष महत्व के कार्य पूरा करने का प्रयास करें। सफलता मिलेगी। कारोबारी समस्याओं से सामना होगा। सायंकाल यात्रा न करें।

**वृषभ :** आपके काम करने के तरीकों में सुधार की जरूरत है। आज धनागमन सहज होगा। लाभ होगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा। कारोबार में विवाद शांत होंगे। समय बदलेगा। वाहन खरीदने के योग बन रहे है।

**मिथुन :** विशेष लोगों से मुलाकात होगी। मन चाही कार्य सिद्धि होगी। झूठ बोल कर फंस सकते हैं। कार्यस्थल पर स्थिति आप के पक्ष में बनेगी। परिवार में बुजुर्गों को स्वास्थ्य समस्या बढ़ेगी। नौकरी में विवाद शांत होंगे।

**कर्क :** अपने पराए में फर्क समझें। आज की दिनचर्या नियंत्रित रखें। बोलने से पहले विचार करें। किसी दूर के मित्र से मुलाकात फायदेमंद साबित होगी। दूसरों में निजी मामलों में बोलना बंद करें।

**सिंह:** दिन की शुरुआत व्यस्ततापूर्वक रहेगी। देव दर्शन और निजी कार्यों में समय बीतेगा। कारोबार में सफलता मिलेगी। कम बोलें पर अच्छा बोलें। शत्रु भी प्रशंसा करेंगे। बाहरी विवादों का असर परिवार पर न होने दें।

**कन्या :** सोच के परे कार्य होने से परेशानी बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यस्थल का वातावरण पक्ष में होगा। विवादों में मौन रहना ही लाभदायक होगा। अपने से बड़ों का आदर करें।

**तुला :** नौकरी में अशांति का वातावरण बनने के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। फिजूल खर्च बढ़ेंगे। धोखा होने की आशंका है। पुराने रोग उभरने की संभावना है। संभल कर रहें। दाम्पत्य संबंधों में मधुरता आएगी।

**वृष्चिक:** काम बहुत है आप अच्छे से कार्यनीति तय करें। काम आरंभ न करें। दिन चिंताजनक व्यतीत हो रहे है। मानसिक पीड़ा हावी रहेगी, पर इष्टबल मजबूत रखें। आर्थिक निवेश से लाभ के आसार हैं।

**धनु:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनुकूल समय का सदुपयोग करें। महत्व के कार्यों को प्राथमिकता दें। दिन की शुरुआत आनंददायक रहेगी। पुराने मित्र से मुलाकात से लाभ के योग हैं, जो शुभ रहेगा।

**मकर :** समय के साथ अपने आचार विचार में बदलाव करना पड़ेगा। सुख शांति चाहते हैं तो स्वयं के व्यवहार को बदलना पड़ेगा। मुश्किल है, पर नामुमकिन नहीं। लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**कुंभ :** अपने आप पर विश्वास रखें, दूसरों के भरोसे न रहें। आलस्य से बड़ा कोई शत्रु नहीं है। सजग रहें सतर्क रहें। स्वास्थ्य ठीक होगा, व्यय बढ़ेंगे। नया मकान-दुकान खरीदने के योग हैं।

**मीन :** अपनी दिनचर्या में बदलाव लायें। यश कीर्ति में वृद्धि होगी। कारोबार में लाभ बढ़ेगा। संतान पर ध्यान रखने की आवश्यकता है। अपने व्यवहार में नम्रता लाने की आवश्यकता है। वाहन सुख प्राप्त होगा।

**ताकत**

### बीडीएल मुख्यालय से रक्षा राज्य मंत्री ने मिसाइल के पहले बैच को हरी झंडी दिखाई

# अब 'तेजस' भी स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल से लैस होंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने रविवार को हैदराबाद में भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) मुख्यालय से स्वदेशी रूप से विकसित हवा से हवा में मार करने वाली एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल के पहले बैच को हरी झंडी दिखाई। सुखोई-30 एमकेआई विमान पहले ही इन मिसाइलों से लैस हैं, लेकिन अब लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस' में भी एस्ट्रा एमके-1 मिसाइल लगाई जाएंगी। बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल 110 किलोमीटर तक अपने दुश्मन को निशाना बना सकती है।

चीन सीमा पर तनाव के बीच स्वदेशी एस्ट्रा एमके-1 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर 50 मिसाइलों की पहली खेप अक्टूबर 2020 में वायु सेना को मिली थी। करीब 100 किलोमीटर की लंबी दूरी तक हमले करने में सक्षम इस मिसाइल को सुखोई-30 में लैस किया गया था। लद्दाख सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद वायुसेना और नौसेना के लिए 248 मिसाइल खरीदने का ऑर्डर किया गया था। दोनों सेनाएं पहले से एस्ट्रा मिसाइल का इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन अब एस्ट्रा एमके-1 मिसाइलों को वायुसेना के मिग-29, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस' और नौसेना के मिग-29ए विमानों के साथ लैस किये जाने की योजना है। इसीलिए पिछले साल 23 अगस्त को पहली बार 'मेड इन इंडिया' जेट के साथ 'मेड इन इंडिया' मिसाइल दागकर परीक्षण किया गया था। इसके बाद रक्षा मंत्रालय ने 200 से अधिक मिसाइल खरीदने और बीडीएल को उत्पादन करने को मंजूरी दी थी।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के मुताबिक एस्ट्रा मिसाइल 3.6 मीटर (12 फीट) लंबी है, जिसका व्यास 178 मिमी (7.0 इंच) है और इसका वजन 154 किलोग्राम (340 पाउंड) है। एस्ट्रा इलेक्ट्रॉनिक काउंटर-काउंटरमेशर्स से लैस है, इसलिए दुश्मन के प्रयासों को नाकाम करके अपने ऑपरेशन को अंजाम देती है। एस्ट्रा मिसाइल 4.5 मैक की गति तक पहुंचा सकती है और अधिकतम 20 किमी. (66 हजार फीट) की ऊंचाई से संचालित हो सकती है।



### बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल 110 किमी तक दुश्मन को करेगी ढेर

एस्ट्रा मिसाइल की अधिकतम सीमा हेड-ऑन चेस मोड में 110 किमी. (68 मील) और टेल चेस मोड में 20 किमी. (12 मील) है। वायुसेना ने पहले ही इन मिसाइलों के लिए भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ 2 अनुबंध कर रखे हैं। आने वाले वर्षों में एस्ट्रा एमके-1 और एमके-2 एयर टू एयर क्षेत्र में भारतीय वायुसेना का मुख्य हथियार होंगे।

बहुत से लोग आपको जानते हैं, परंतु कुछ ही आपको समझते हैं। –अज्ञात



# वाहनों की मैनुअल पासिंग बंद होने से सुधरेगा प्रदूषण का स्तर

**हिमाचल** में पंद्रह साल पुराने वाहन अब कबाड़ में जाएंगे। प्रदेश सरकार एक अक्तूबर 2024 से वाहनों की मैनुअल पासिंग बंद करने जा रही है। सरकार के इस फैसले से जहां प्रदेश में पर्यावरण स्वच्छ होगा तो वहीं हजारों वाहन मालिकों की सांसें भी फूल गई हैं, क्योंकि इससे पहले वह खराब वाहनों को जैसे-तैसे धकेल रहे थे, लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा। साथ ही पांच लाख से ज्यादा वाहनों पर खतरा मंडराने लग पड़ा है, क्योंकि खराब हालात में उनकी पासिंग करवाना वाहन मालिकों के लिए आसान नहीं होगा। सरकार पंद्रह साल पुराने वाहनों के लिए नई स्क्रैप पॉलिसी लाने जा रही है। इस पॉलिसी के तहत कई सख्त कदम उठाए जाएंगे। राज्य में वाहन स्क्रैपिंग और ऑटोमैटिक टेस्टिंग सेंटर खोले जाएंगे। विभाग इस साल फिलहाल पांच वाहन स्क्रैपिंग सुविधा सेंटर ही खोलेगा। हालांकि बाद में सरकार हर जिले में कम से कम एक ऑटोमैटिक टेस्टिंग सेंटर जरूर खोलेगी। अगर यहां से वाहन पास हो जाते हैं तो उन्हें फिटनेस सर्टिफिकेट दिया जाएगा। अगर एक वाहन दो बार पासिंग में फेल हो जाता है तो उस वाहन को सीधे कबाड़ में डाल दिया जाएगा। एक पुराना वाहन स्क्रैप करने के बाद स्क्रैप एजेंसी बकायदा प्रमाण पत्र जारी करेगी। सरकार वाहन मालिकों को नई गाड़ी के रजिस्ट्रेशन पर और गैर परिवहन वाहनों पर पच्चीस प्रतिशत तथा परिवहन वाहनों पर पंद्रह प्रतिशत तक छूट प्रदान करेगी। सरकार विशेष रोड टैक्स पर भी राहत प्रदान करने जा रही है। वह वाहन मालिक जिन्होंने पैसेंजर गुड्स टैक्स नहीं भरा है, अब 31 मार्च तक पूरा टैक्स चुकता कर सकेंगे। हालांकि इसके लिए उन्हें दस प्रतिशत जुर्माना भी अदा करना होगा। हिमाचल में कुल 22.43 लाख वाहन रजिस्टर्ड हैं। इनमें से 19.25 लाख वाहन प्राइवेट हैं और 3.17 लाख कमर्शियल हैं। राज्य सरकार प्रदेश को प्रदूषण से मुक्ति दिलाना चाहती है, तभी तो वह सरकारी विभागों में इलेक्ट्रिक वाहनों को ही तवज्जो दे रही है। पुरानी गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण को कम करना ही सुक्खू सरकार का मकसद है। मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट और हाईवेज के अनुसार, एक पुराना ट्रक चौदह नए ट्रकों के बराबर धुआं छोड़ता है। इसी तरह एक पुरानी कार ग्यारह नई कारों और टैक्सी के बराबर धुआं छोड़ती है। पुरानी गाड़ियों को स्क्रैप करने से गाड़ियों से निकलने वाले धुएं में 15 से 20 प्रतिशत तक की कमी लाई जा सकती है। ये कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए बेहद जरूरी है। यदि आपकी डीजल कार को 10 साल हो गए हैं तो इसे नियमों के तहत आपको स्क्रैप करवाना होगा। वहीं,आप यदि पेट्रोल कार चलाते हैं तो इसकी उम्र 15 साल की होती है। 15 साल के बाद व्हीकल को स्क्रैप करवाना अनिवार्य है। लोगों को सरकार के इस आदेश को मानना चाहिए और खुद आगे आकर समय से पहले अपने वाहनों की पासिंग करवानी चाहिए। यदि जनमानस जागरूक रहेगा तो सरकार की हर योजना सिरे चढ़ सकती है और वैसे भी प्रदेश की आवोहवा ठीक रहेगी तो लोग कम बीमार पड़ेंगे और सेहतमंद रहेंगे। चूंकि प्रदूषण शीरीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बिगाड़ देता है।

# प्रभु श्रीराम का आगमन, सब में एक, एक में सब

**यह समझना महत्वपूर्ण है कि ब्रह्मांड में निहित रचनात्मक और राजसी क्षमता हर व्यक्ति में प्रतिबिंबित होती है, लेकिन इसकी पूर्ण अभिव्यक्ति पूर्ण पुरुष, भगवान राम में पाई जाती है, जिनमें ब्रह्मांड के सभी पूर्ण गुण जन्मजात हैं। ऐसे पूर्ण पुरुष को ब्रह्मांड का कारण माना जा सकता है, जो इस रहस्योद्घाटन का संकेत देता है कि भगवान जानने के लिए उत्सुक हैं और यह भगवान राम के माध्यम से है, जो धर्म के अंतिम प्रतीक हैं और इसलिए पूर्णता के हैं कि हम सर्वशक्तिमान को जान सकते हैं। इसलिए हमें उनके मूल्यों को वास्तविक व्यवहार में लाकर उनसे प्रेम करना चाहिए और बदले में उनसे प्रेम पाना चाहिए। दुनिया मानवता के लिए बनाई गई है और इसलिए इसकी अंतर्निहित पवित्रता और अच्छाई की रक्षा और संरक्षण करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। यह तभी साकार हो सकता है जब हम अपने भीतर उन नैतिक मूल्यों और गुणों को आत्मसात करें जो भगवान राम की विशेषताएं हैं। यह बहुत दूर की बात लग सकती है, लेकिन राम मंदिर का संस्थागतकरण एक अनुस्मारक है कि हम सभी को एक नए समाज, एक स्वर्णिम समाज के पुनर्निर्माण का संकल्प लेना चाहिए जहां भाईचारा, प्रेम, सद्भाव और धर्मपरायणता पहले होगी और संकीर्ण विचारों पर हावी होगी।**



प्रोफेसर शेख अकील अहमद
(लेखक, सत्यवती कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) के उर्दू विभाग से संबद्ध हैं।)

**जैसे** ही दुनिया ने नए साल 2024 की शुरुआत की, भारत भारतीय मूल्य प्रणाली के लोकाचार को संस्थागत बनाने के लिए भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण को पूरा करने की एक शानदार ऐतिहासिक परियोजना में लगा हुआ है, जिसने युगों से देश की विविध समग्रता के व्यापक विचार को बरकरार रखा है। वास्तव में सामाजिक बंधनों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सांस्कृतिक अस्मितावादी खोज को अब भगवान श्रीराम के मानवीय संदेशों और मजबूत सांस्कृतिक मानदंडों के लिए उनके व्यापक रुख के माध्यम से अभिव्यक्ति मिलेगी।

अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का हिंदुओं के लिए बहुत महत्व हो सकता है और यह होना भी चाहिए, लेकिन हमें इससे आगे देखना चाहिए और मंदिर को एक स्मारक के रूप में सराहना चाहिए। भारत माता की सभ्यतागत यात्रा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिसमें हमारे भावनात्मक और सांस्कृतिक संबंधों में तीव्र दरार या टूट-फूट की कभी कोई घटना नहीं हुई है। मंदिर एक अनुस्मारक है जो भारत की अपनी विशिष्ट स्वदेशी संस्कृति है जो इसकी अंतर्निहित शक्ति और ताकत का एक समृद्ध बनावट वाला स्रोत है और पश्चिमीकरण के नासमझ अनुकरण को दृढ़ता से खारिज किया जाना चाहिए। भारतीय सभ्यता उम्र बढ़ने से इनकार करने वाली जीवंत सभ्यता है क्योंकि यह 'वसुधैव कटुंबकम' विचार की व्यापकता की शाश्वत और गौरवशाली चमक से प्रज्वलित है। इस तरह के तीव्र और प्रबल स्वभाव का राम मंदिर में पूर्ण रूप से प्रकटीकरण हुआ है।

नवनिर्मित राम जन्मभूमि मंदिर और उसका पवित्रीकरण निस्संदेह एक शानदार धार्मिक आयोजन है और रहेगा। यह एक राष्ट्रीय उत्सव का आह्वान करता है क्योंकि भगवान राम उन सभी चीजों के प्रतीक हैं, जिनका भारत प्रतीक है और रहेगा। रामायण और महाभारत हमारे राष्ट्रीय महाकाव्य और भारतीय मूल्य प्रणाली के मूल हैं। ऐसे में हमें भगवान राम पर गर्व होना चाहिए और उन्हें हमारी सामाजिक मूल्य प्रणाली की आधारशिला रखने का श्रेय देना चाहिए, जिसके लिए भारत को श्रेय दिया जाता है और दुनिया भर में इसकी सराहना की जाती है। भगवान राम का जीवन कभी भी सामान्य नहीं रहा। वह एक पुत्र के रूप में, एक पिता के रूप में, एक पति के रूप में और सबसे महत्वपूर्ण रूप से एक राजा के रूप में एक आदर्श साबित हुए हैं। उनके चरित्र की उत्कृष्टता ऐसी रही है कि भगवान राम और उनके विशिष्ट आध्यात्मिक गुण सभी युगों तक मान्य रहे हैं। भगवान राम और उनका जीवन निस्वार्थता, माता-पिता के प्रति समर्पण, साहस, न्याय, सच्चाई और धार्मिकता के मूल्यों की प्रशंसा करता है। उनका महत्व केवल एक अत्यंत पूजनीय हिंदू देवता होने तक ही सीमित नहीं है। भगवान राम की स्पष्ट व्याख्या में कुछ समूहों या लोगों के बीच आशंका का कुछ तत्व हो सकता है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि वे यह समझने में विफल रहे हैं कि भगवान राम अपने नैतिक दावों और मानव स्वभाव की शुद्धता की व्यावहारिक अभिव्यक्ति और मानवीय करण की सहवर्ती पवित्रता के कारण हमारे जीवन पर शाश्वत प्रभाव डालते हैं। यह अकारण नहीं है कि उनका नाम न केवल शिष्टाचार के प्रयोजनों के लिए, बल्कि मृत्यु के समय भी लिया जाता है।

भगवान राम की संपूर्ण मूल्य प्रणाली मानवतावाद के दर्शन के इर्द-गिर्द घूमती है जो शक्ति के एक सुसमाचार के रूप में काम करेगी जो विशेष रूप से वर्तमान समाज को बेईमानी और असंवेदनशीलता के उच्च दबाव वाले तूफानों से निपटने में सक्षम बनाएगी। भगवान राम नामक इस आध्यात्मिक और राष्ट्रीय इकाई के बारे में वास्तव में बहुत कुछ सार्थक और गहराई से कहा जा सकता है। एक आदर्श व्यक्ति 'पुरुषोत्तम' के अवतार के रूप में भगवान राम को सबसे शक्तिशाली और अद्वितीय धर्म रक्षक माना गया है। धर्म शब्द की उत्पत्ति इसके संस्कृत मूल धृ से मानी जा सकती है, जिसका अर्थ है एक साथ रखना, कुछ ऐसा जो समाज को बांधता है और एक साथ रखता है। इस प्रकार भगवान राम की शिक्षाएं और जीवन उदाहरण एक मजबूत सामाजिक आधार के रूप में कार्य कर सकते हैं और मानव स्वभाव की कमजोरियों को विफल करने में मदद कर सकते हैं। कोई भी सुरक्षित रूप से यह तर्क दे सकता है कि त्रेता युग की तुलना में किसी भी समय एक महान आध्यात्मिक व्यक्तित्व ने हमारी सभ्यता और संस्कृति की रूपरेखा को आकार देने में अधिक शक्तिशाली और निर्णायक भूमिका नहीं निभाई, एक ऐसा युग जिसने भगवान राम में एक महान आध्यात्मिक व्यक्तित्व का शानदार और भाग्यशाली उद्भव देखा। जिन्होंने एक नए दिव्य युग की स्थापना की, जिसने विभिन्न युगों के दौरान विभिन्न कारणों से अपनी चमक, जीवंतता और शक्ति खो दी। वह एक आदर्श राजा और एक आदर्श गृहस्थ थे जो मानवता की उच्चतम संस्कृति की रक्षा और प्रचार के प्रति समर्पित थे और इस प्रकार लोगों के जीवन को प्रबुद्ध करते थे और सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के उद्भव का मार्ग प्रशस्त करते थे, जिसके अवशेष आज भी मौजूद हैं जो हमारे सामाजिक जीवन का अभिन्न अंग हैं। अब समय आ गया है, जब हमें इस महान विरासत के मशाल वाहक के रूप में धार्मिकता, आशा, दृढ़ता और एकता के युग को पुनर्जीवित करने का संकल्प लेना चाहिए। राम मंदिर का निर्माण और



राष्ट्र को समर्पित करने की वर्तमान सरकार की प्रतिबद्धता देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपरा की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति उसके मजबूत समर्पण को दर्शाती है। हां, भव्य मंदिर का सफल और शांतिपूर्ण निर्माण वास्तव में उस राष्ट्र के लिए उत्सव का प्रतीक है, जिसने दबाव और सामाजिक संकट देखा होगा, लेकिन इनमें से कोई भी इतना शक्तिशाली साबित नहीं हुआ कि हमारी पहचान खतरे में पड़ जाए। राम मंदिर परियोजना वास्तव में हमारी आबादी के बीच विश्वास की एक सर्वोत्तम भावना पैदा करेगी और हमारे देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आत्मसात की प्रक्रिया को मजबूत करेगी। यह भगवान राम की अजेयता और अप्रतिरोध्यता को प्रमाणित करता है। इस तरह की भावना को फारूक अब्दुल्ला के हालिया बयान में प्रतिध्वनित किया गया है कि भगवान राम सभी के हैं, न कि केवल हिंदुओं के।

भगवान राम उन सभी आदर्शों के उज्ज्वल केंद्र हैं, जिन्हें हम भारतीय संजोते हैं। जैसे अजेय शक्ति सूर्य के माध्यम से विकीर्ण होती है और संपूर्ण प्राकृतिक व्यवस्था के लिए एक विपुल जीवन समर्थन प्रणाली प्रदान करना चाहती है, वैसे ही सत्य की शक्ति है जिसके भगवान राम सच्चे और पूर्ण अवतार हैं। जब राजनीतिक संस्थाएं, जिनका अस्तित्व एक सभ्य सामाजिक व्यवस्था में निहित है, समाज के ऐसे स्रोत से अपना भरण-पोषण प्राप्त करती हैं तो यह हमेशा उसी चमक को प्रतिध्वनित करेगा। ऐसी वांछनीय स्थिति में राजनीतिक शासक सत्ता के लौकिक प्रलोभन और स्वार्थ को बढ़ावा देने से ऊपर उठेंगे और खुले दिल से समाज के एक समृद्ध, धार्मिक और नैतिक रूप से उन्नत राज्य की स्थापना के लिए खुद को समर्पित करेंगे, जिसमें राजनीतिक सत्ता में रुचि न रखने वाले महान लोग होंगे जो हमारे समाज के दृढ़ पथप्रदर्शक बनेंगे। हमारे सामाजिक और राजनीतिक परिवेश का ऐसा निर्माण तभी संभव होगा जब त्याग के आध्यात्मिक मूल्य राजनीतिक शासकों के आचरण का मार्गदर्शन करेंगे। भगवान राम के जीवन के सामाजिक और शासकीय सिद्धांत, जो एक आशावादी और समग्र कायाकल्प जीवन के लिए शाश्वत दिशानिर्देश हैं, उन्हें अभ्यास में लाना होगा। मन के ऐसे मिश्रण की गूंज हमारे प्रधानमंत्री की कार्य प्रथाओं में पाई जाती है जो अपने सार्वजनिक और निजी जीवन दोनों में उच्च नैतिक मानकों के प्रबल समर्थक रहे हैं।

यह बहुत स्पष्ट है कि भगवान राम और उनका नैतिक रूप से अक्षुण्ण जीवन नैतिक मूल्यों की विशाल उपस्थिति से सुसज्जित जीवन की एक आदर्श स्थिति का एक आदर्श उदाहरण है जो वास्तव में हमारे जीवन के लिए समृद्ध साबित हो सकता है। ऐसे में हमारे सार्वजनिक और निजी जीवन में ऐसे मूल्यों के प्रवेश से इनकार न केवल हमारे जीवन को दरिद्र बना देगा, बल्कि राज्य और समाज को ऐसे महत्वपूर्ण संसाधनों से भी वंचित कर देगा, जो अन्यथा व्यक्तिगत और सामूहिक जीवन को सुशोभित कर देते। भगवान राम की शिक्षाओं का हिंदुओं के लिए परम धार्मिक परिणाम होना बहस का विषय नहीं है, लेकिन अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि इसे हमारी संस्कृति और सभ्यता का सबसे आंतरिक घटक माना जाना चाहिए, जिसने हमेशा सामान्य व्याख्या, सामान्य उपयोग और इसी तरह के अनुप्रयोग पर गर्व किया है। न्याय के सिद्धांत सत्य और धार्मिकता वास्तव में भगवान राम के चरित्र और शासन में सन्निहित सिद्धांतों का गंभीर मूल्यांकन हमें इस निष्कर्ष पर ले जाएगा कि उनका कार्यान्वयन हमें राम राज्य की उपलब्धि की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगा, जो विचार और सहानुभूति में पर्याप्त रूप से कैथोलिक होगा। सभी समुदायों और समूहों का संश्लेषण लाने की भावना में। विचार का ऐसा मिश्रण मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की कार्य प्रथाओं और सिद्धांतों में पर्याप्त प्रतिबिंब पाता है। राम का शांत व्यक्तित्व भी हमारे लिए बहुत कुछ है। उन्होंने प्रदर्शित किया है कि उच्चतम नैतिक मूल्यों की प्राप्ति के लिए बलिदान देने और अपने पूर्वजों के आदेशों और इच्छाओं का पालन करने की आवश्यकता होती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भगवान राम रहस्यवाद के प्रतीक थे जो पवित्रता के साथ सीधे जुड़ाव की स्थिति में थे, यह सुरक्षित रूप से कहा जा सकता है क्योंकि केवल ऐसी महान आत्मा ही मानवता को भक्ति, सत्य और न्याय के शक्तिशाली शुद्ध और पारलौकिक सिद्धांत दे सकती थी।

## आपकी कविता, आपकी आवाज

### इश्क

*इश्क मुहब्बत*
*प्यार प्रेम स्नेह,*
*सब सीमा से पार हैं,,,,, !*

*कब,कहां,कैसे*
*और किससे*
*हो जाए ,*
*कोई पता नहीं,,,,, !*

*इश्क मुहब्बत*
*प्यार प्रेम स्नेह,*
*कभी भेद विचार*
*करते नहीं ,,,, !*
*और कभी डरते नहीं*
*जाति पाती ,धर्म कौम*
*ऊंच नीच ,उम्र फरेब*
*और रंग रूप की शान से,,,,, !*

*इश्क मुहब्बत*
*प्यार प्रेम स्नेह ,*
*विशाल है ,शांत है*
*गहर गंभीर है*
*कोमल अनमोल है,*
*जैसा कहो चाहो*
*सह जाते हैं,मान जाते हैं*
*और मूक रह जाते हैं,*
*जल्द असर दिखा जाते हैं,,, !*

*इश्क मुहब्बत*
*प्यार प्रेम स्नेह,*
*मिलता नहीं सबको,,,*
*हो जाने पे ,जानो गे*
*पाओ गे समझो गे तुम*
*कदर इसकी पहचनो गे,*
*वरना यूं ही चिक चिक करते,*
*उंगली उठाते,*
*कोसते थकते पछताते,*
*लार टपकते रह जाओ गे,,,,, !*

*इश्क मुहब्बत*
*प्यार प्रेम स्नेह को*
*जानों समझो,,,,, !*
*जब तुम पा जाओ गे*
*और इनसे भी ऊपर उठ*
*परम योगी कहलाओ गे ,,,,, !*

कवि
डॉ. कमल के प्यासा।
वीआईपी रोड, जीरकपुर

## प्रेरक कथा



### सही दिशा

**एक** बार किसी रेलवे स्टेशन पर एक रेल गाड़ी रुकी। रेलगाड़ी से एक फौजी बड़ा सा ट्रंक और बिस्तर लेकर उतरा। स्टेशन से बाहर आकार उसने एक टैक्सी वाले से पूछा- भैया, कैंप ऑफिस जाना है, चलोगे ? टैक्सी वाले ने कहा, 'जरूर चलूंगा साहब, लेकिन 200 रुपए लगेंगे। फौजी ने कहा, 'अरे! 200 रुपए तो वहां के लिए बहुत ज्यादा है, कुछ कम करो।' टैक्सी वाला बोला, 'साहब इससे कम किराया नहीं होगा, चलना हो तो चलो। यह सुनकर फौजी ने अपना सामान उठाया और पैदल ही अपने गंतव्य की ओर चल पड़ा। लगभग 20 मिनट चलने के बाद वह थक गया और अपने आसपास कोई साधन देखने लगा।' तभी उसे वही टैक्सी वाला आता हुआ दिखाई दिया, जिसने थोड़ी देर पहले उससे 200 रुपए मांगे थे। फौजी ने उसे हाथ दिया। टैक्सी वाले ने गाड़ी रोकी, फौजी ने कहा, 'ठीक है भाई, 200 रुपए ले लेना, कैंप ऑफिस चलो। ये सुनकर टैक्सी वाले ने कहा, 'साहब, अब तो 400 रुपए लगेंगे।' फौजी ने कहा, 'अब तुम मेरी हालत देखकर मुझे ब्लैकमेल करने लग गए ?' टैक्सी वाले ने कहा, 'नहीं साहब, आप तो फौजी आदमी है, भला आपको मैं ब्लैकमेल क्यों करूंगा। दरअसल, बात यह है कि आप कैंप ऑफिस से उल्टे रास्ते इतने दूर आ गए है कि अब आपको कैंप ऑफिस जाने के लिए उसी स्टेशन से गुजरना होगा, जहां से आप चलते हुए इतने दूर तक आए हैं, इसीलिए आपका किराया अब ज्यादा होगा। टैक्सी वाले की बात सुनकर फौजी चुपचाप टैक्सी में बैठ गया। आप कितने भी अच्छे से तैयारी करके क्यूं न चले हो, अगर आपकी दिशा गलत है तो आप मंजिल तक कभी नहीं पहुंच पाएंगे।

# 15 जनवरी को ही क्यों मनाया जाता है भारतीय सेना दिवस



लेखक
कैप्टन जगदीश वर्मा
सेवानिवृत्त
प्रदेश अध्यक्ष संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश



**हर** साल 15 जनवरी के दिन भारतीय सेना दिवस मनाया जाता है। भारतीय सेना एक पेशेवर सेना है जो देश की सुरक्षा को लेकर हमेशा प्रतिबद्ध रहती है। युद्ध लड़ना हो, देश में किसी बड़ी त्रासदी के आने के बाद रेस्क्यू करना हो या आपातकाल स्थिति में जल्द से जल्द जरूरतमंद लोगों के पास मदद पहुंचाने का काम हो, हमारे भारतीय सैनिक हर जगह मुस्तैदी के साथ काम करते हैं। देश के लिए जवान अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। आंतकवाद से लड़ने के लिए जवान अपनी जान जोखिम में डालने से भी नहीं डरते। इस बार 15 जनवरी 2024 को भारत अपना 76वां सेना दिवस मनाने जा रहा है। इस गौरवपूर्ण मौके पर नई दिल्ली और देश के विभिन सैन्य मुख्यालयों में सैन्य परेड, सैन्य प्रदर्शनी और कई दूसरे रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन होता है। इस दिन देश की सेना की वीरता, शौर्य और कुर्बानी को याद किया जाता है।

**क्या आपको इस बारे में पता है कि आखिर भारतीय सेना दिवस को मनाने की शुरुआत कब से हुई? आखिर से 15 जनवरी को ही क्यों मनाया जाता है।**


भारतीय सेना का गठन ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन किया गया था। यह वह समय था जब सेना में वरिष्ठ अधिकारी ब्रिटिश ही हुआ करते थे। गौर करने वाली बात है कि देश के 1947 में आजाद होने के बाद भी सेना में जो वरिष्ठ अधिकारी थे, वे ब्रिटिश मूल के ही थे। साल 1949 में जनरल फ्रांसिस बउचचर आखिरी ब्रिटिश सेना के कमांडर थे, वे भी ब्रिटिश मूल के थे। उनके जाने के बाद लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा भारत के पहले भारतीय अधिकारी बने थे। 15 जनवरी के दिन ही भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा ने भारतीय सेना की कमान जनरल फ्रांसिस बउचचर से ली थी। वह भारतीय सेना के लिए एक बहुत ही खास क्षण था। इसी दिन देश की सेना का नेतृत्व पहली बार किसी भारतीय के हाथ में पहुंचा था। इसी वजह से हर साल 15 जनवरी को भारतीय सेना दिवस मनाया जाता है।

**कौन थे फील्ड मार्शल केएम करियप्पा?**

भारतीय सेना में फील्ड मार्शल की पांच सितारा रैंक वाले दो ही अधिकारी रहे हैं। पहले हैं केएम करियप्पा और दूसरे अधिकारी फील्ड मार्शल शैम मानेक शॉ। केएम करियप्पा का जन्म 28 जनवरी 1900 को कर्नाटक में हुआ था। पहले विश्वयुद्ध (1914 से 1918) के दौरान उन्हें सैन्य प्रशिक्षण मिला था। 1942 में करियप्पा लेफ्टिनेंट कर्नल का रैंक पाने वाले पहले भारतीय अफसर बने। 1944 में उन्हें ब्रिगेडियर बना दिया और बन्नू फ्रंटियर ब्रिगेड के तौर पर तैनात किया। 15 जनवरी 1986 को उन्हें फील्ड मार्शल बनाने की घोषणा की, तब उनकी उम्र 86 साल की थी। फील्ड मार्शल करियप्पा ने 1947 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में पश्चिमी कमान संभाली थी। लेह को भारत का हिस्सा बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। नवंबर 1947 में करियप्पा को सेना की पूर्वी कमान का प्रमुख बनाया गया था, लेकिन दो महीने के अंदर ही कश्मीर में हालत खराब हुए तो उन्हें जल्द दिल्ली और पूर्वी पंजाब का जीओसी इन सी बनाया गया। उन्होंने ही इस का नाम पश्चिम कमान रखा। लेह जाने वाली सड़क आदेशों के मुताबिक तक तक नहीं खोली जा सकती थी, जब तक भारतीय सेना का जोजिला, द्रास और कारगिल पर कब्जा नहीं हो जाता। ऊपर के अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करते हुए भी करियप्पा ने वही किया। उन्होंने ऐसा नहीं किया होता तो आज लेह भारत का हिस्सा नहीं होता। इस के साथ ही करियप्पा ने बहुत योजनाओं के तहत भारतीय सेना ने पहले नौशेरा और झनगर पर कब्जा किया और फिर जोजिला, द्रास से भी हमलावरों को पीछे धकेल दिया था। केएम करियप्पा 1953 में सेवानिवृत्त हो गए थे और 94 साल की उम्र में साल 1993 में उनका निधन हुआ।

आजादी के बाद भारतीय सेना ने कई युद्ध लड़े हैं। इसके अलावा देश में आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए भी भारतीय सेना ने कई बड़े अभियानों को चलाया है। ऐसे में भारतीय सेना दिवस देश की स्वतंत्रता और अखंडता की सुरक्षा के लिए वीर सैनिकों की कुर्बानियों को याद करने का दिन है।

# सड़क दुर्घटना की बढ़ती प्रवृत्ति : एक चिंतन



ब्लॉगर

लेखक
डॉ. राजीव कुमार
राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां से हैं

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**90** का दशक था, जब सड़कें खाली खाली सी होती थीं और वाहनों की आवाजाही बड़ी ही कम थी। मुख्य सड़कें तो ऐसे वीरान हुआ करती थीं जैसे कोई लॉकडाउन की स्थिति हो। सवारियां घंटों बसों का इंतजार करती थीं परंतु समय के साथ-साथ जनसंख्या में बढ़ोतरी होने और अर्थव्यवस्था के सुधरने के कारण निसंदेह परिवहन क्षेत्र विकसित हुआ हो लेकिन वाहनों में अत्यंत बढ़ोतरी भी तो सड़क सुरक्षा पर सवाल उठा रही है।

वर्तमान में प्रत्येक व्यक्ति के पास दो पहिया या चार पहिया वाहन हैं। ऐसी स्थिति में लोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट का कम प्रयोग करके अपने-अपने वाहन का प्रयोग कर रहे हैं। लिहाजा सड़कों पर ट्रैफिक क्षमता से कहीं ज्यादा हो रहा है और क्षमता से ज्यादा ट्रैफिक दुर्घटनाओं को न्योता दे रही है। ऐसी कोई दिनचर्या नहीं होती कि छोटे-छोटे शहरों, कस्बों में दुर्घनाएं न हों। आज सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र बन रहा है। इस पर हमें समर्पित होना चाहिए और अपनी व्यक्तिगत जिम्मेवारी लेकर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने का भरसक प्रयास करके एक श्रेष्ठ नागरिक का दायित्व निभाना चाहिए। भले ही समय समय पर मोटर वाहन अधिनियमों में बदलाव किए हों परंतु कानून तब तक फलदायी नहीं होते जब तक सामान्य नागरिक अपनी अंतरात्मा से कानूनों की पालना नहीं करता। यदि सामान्य नागरिक में किसी काम के प्रति सकारात्मक रवैया हो तो शायद ही कानूनों की जरूरत पड़ती और घटनाओं और अपराधों की संख्या में बढ़ोतरी होती।

आज समय आ गया है यदि सड़क सुरक्षा पर जागरूक नहीं हुए तो दिन प्रतिदिन वाहन संख्या बढ़ रही है, लिहाजा सड़क हादसे भी बढ़ रहे हैं। इस बात का संज्ञान लेते हुए हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने सभी शैक्षणिक संस्थाओं को सड़क सुरक्षा क्लब बनाने और सभी बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनने और यातायात नियमों की पालना करने के कड़े निर्देश दिए हैं ताकि वे बड़े होकर एक जागरूक नागरिक बनकर समाज को जागरूक करवाने का काम करें। निसंदेह सर्वोच्च न्यायालय का यह कार्य सराहनीय है। यदि हम हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े जिला (जनसंख्या आधारित ) कांगड़ा जिले पर नजर डालें तो गत वर्ष में अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक जिले में 357 सड़क दुर्घटनाओं में 98 लोगों ने जान गंवाई और 606 लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए। चिंतनीय विषय यह है कि एकल परिवारों के प्रचलन और एक-एक बच्चा होने के कारण परिवारों के आकार वैसे ही छोटे हैं। ऐसे में बहुत सारे परिवार हैं, जिन्होंने अपनी इकलौती संतानें खो दी हैं। जिनके कारण परिवार बिखर गए हैं और परिजन सदमे की जिंदगी जी रहे हैं। सड़क सुरक्षा की छोटी छोटी लापरवाहियां कितने घरों के चिराग बुझा रहीं हैं जिसका अध्ययन पुलिस विभाग के पास दर्ज आंकड़ों से लगाया जा सकता है। क्या प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य नहीं कि इन विषयों पर गहन चिंतन करे और एक सुखद समाज का निर्माण करने में हाथ आगे करे ?

## आपका पत्र

**आज** हर राज्य में फोरलेन बन रहे हैं। फोरलेन को विकास के साथ जोड़ा जा रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि आज विकास के दौर में हर दुर्गम क्षेत्र को मुख्यधारा के साथ जोड़ दिया है। फोरलेन बनना कोई बुरा नहीं है लेकिन ऐसा लगता है इसके लिए भी भौगालिक परिस्थितियों को देखना समझना बहुत जरूरी है। कहीं हम विकास की इस अंधी दौड़ में बड़े खतरे तो नहीं मोल रहे हैं। कहीं फोरलेन के लिए पेड़ों की यह अंधाधुंध कटाई हमारे पर्यावरण पारिस्थितिकी तंत्र को तो नहीं बिगाड़ रही। कहीं हम विकास की दौड़ में विनाश की ओर तो नहीं बढ़ रहे। यह सवाल आज मानव सभ्यता के लिए है, क्योंकि मानव सभ्यता ने आज अपनी सुविधाओं के स्वार्थ में हर तरफ कंकरीट के जंगल फैला रखे हैं। ये कंकरीट के जंगल प्राणियों के लिए जीवनदायी कई पेड़ों की हत्या के बाद बने हैं। इस कंकरीट के जंगल को और फैलाने के लिए मानव पेड़ों काटे जा रहा है। ऐसा लगता है अब इन हालात को रोकना होगा और पर्यावरण के बारे में सोचना होगा तभी भविष्य के सर्वनाश को रोका जा सकता है। **–शिवाली नगरी।**

## आपकी डायरी

आर्यावर्त पर ही नहीं अपितु नेपाल
में होती है माघ संक्रांति।
धरा का हर जन की माघ मास में
धार्मिक भावना बढ़ जाती।।
माघ माह में घृतकम्बल दान से
मन में पुण्य भावना आ जाती।
तीर्थों स्नान से हर जन को पापमुक्त
कराती माघ संक्रांति।।
तिल, गुड़, रेवड़िया, उड़द का दान
से पुण्य लाती संक्रांति।
हर जन में धार्मिक भावना जगा
पुण्य लाती माघ संक्रांति।।



हीरा सिंह कौशल
सुंदरनगर

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय निशानेबाजों ने जकार्ता में और स्वर्ण जीते

**जकार्ता।** भारतीय निशानेबाजों ने रविवार को एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में स्वर्ण पदक जीतना जारी रखा, जिसमें योगेश सिंह ने अमित कुमार और ओम प्रकाश के साथ मिलकर टीम स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करने से पहले पुरुष 25 मीटर व्यक्तिगत स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में भी सोने का पदक जीता। कुवैत सिटी में शॉटगन के ओलंपिक क्वालीफायर में कम से कम दो महिला ट्रैप निशानेबाज पहले दिन के क्वालीफिकेशन के बाद सोमवार को शीर्ष छह फाइनल्स में जगह बनाने के लिए अच्छी स्थिति में थीं। योगेश ने 572 अंक से स्टैंडर्ड पिस्टल स्वर्ण पदक जीता और फिर अमित (565) और प्रकाश (553) के साथ जोड़ी बनाकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीत लिया। इससे भारत के 14 स्वर्ण और 10 रजत से कुल 32 पदक हो गए हैं। इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में यह देश का सबसे शानदार प्रदर्शन है। शॉटगन क्वालीफिकेशन में श्रेयसी सिंह दो राउंड के बाद दूसरे और भाव्या त्रिपाठी तीन राउंड के बाद शीर्ष छह में शामिल थीं। मनीषा कीर 11वें स्थान पर थीं। सोमवार को ट्रैप क्वालीफिकेशन राउंड और फाइनल होगा, जिसमें दो दो पेरिस ओलंपिक कोटे दांव पर लगे होंगे। भारत के पास प्रत्येक स्पर्धा में एक एक कोटा हासिल करने का मौका होगा।

### उरोज के दो गोल से चिली ने चेक गणराज्य को 6-0 से दी करारी शिकस्त

**रांची।** मैनुएला उरोज के दो गोल की मदद से चिली ने रविवार को एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के पूल ए के अपने दूसरे मैच में चेक गणराज्य को 6-0 से हराकर खुद को पेरिस खेलों की क्वालीफिकेशन की दौड़ में बरकरार रखा। विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज चिली को इससे पहले शनिवार को जर्मनी से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। लगातार दूसरी हार के बाद विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज चेक गणराज्य की टीम इसके साथ ही ओलंपिक क्वालीफायर के दौड़ से बाहर हो गई। टीम को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में जापान से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। उरोज ने 36वें और 47वें मिनट में मैदानी गोल किए। टीम के लिए अन्य गोल कॉन्सुएलो डी लास हेरास (13वें), कैमिला कैरम (38वें), एंटोनियो मोरालेस ऑर्चर्ड (44वें) और मारिया माल्डोनाडो (58वें) ने किए। चिली अपने अंतिम पूल मैच में मंगलवार को जापान से भिड़ेगा, जबकि चेक गणराज्य का मुकाबला दुनिया के पांचवें नंबर की टीम जर्मनी से होगा।

### सुआरेज ने बार्सिलोना के पूर्व साथियों मेस्सी बस्केट्स और अल्बा के साथ किया अभ्यास

**फोर्ट लॉडरडेल।** बार्सिलोना के लिए एक साथ खेल चुके लियोनेल मेस्सी, लुईस सुआरेज, सर्जियो बस्केट्स और जोर्डी एल्बा ने अमेरिका के मेजर सॉकर लीग (एमएसएल) की टीम इंटर मियामी फुटबाल क्लब के लिए एक साथ अभ्यास किया। इंटर मियामी का सत्र पूर्व अभ्यास शिविर आधिकारिक तौर पर शनिवार को शुरू हुआ। सुआरेज पहली बार टीम के अभ्यास सत्र में पहुंचे जहां 2014 में बार्सिलोना के उनके तीन अन्य पूर्व साथी पहले से मौजूद थे।

सुआरेज ने पिछले महीने ही इंटर मियामी से एक साल का करार किया है। सुआरेज ने कहा कि मेरी लिए एक ऐसी टीम में खेलना शानदार होगा, जिसमें कई जाने-माने खिलाड़ी हैं। इन खिलाड़ियों को हर कोई जानता है। मेरे यह नया क्लब एमएसएल चैंपियन बनना चाहता है और मुझसे उसकी यही उम्मीद है कि मैं इस में पेशेवर तरीके से उनकी मदद करूं। सुआरेज और मेस्सी ने बार्सिलोना में एक साथ छह सत्र खेले हैं। टीम ने इस दौरान चार स्पेनिश लीग खिताब और नौ अन्य ट्रॉफियां जीतीं, जिसमें एक चैंपियंस लीग खिताब भी शामिल था।

### एथलेटिक बिलबाओ रीयाल सोसिदाद को 2-1 से हराकर तीसरे स्थान पर पहुंचा

**बार्सिलोना।** फारवर्ड एलेक्स बेरेंगुएर के दो गोल की मदद एथलेटिक बिलबाओ ने ला लीगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबाल लीग) मैच में रीयाल सोसिदाद पर 2-1 से जीत दर्ज की। इस जीत से एथलेटिक बिलबाओ ने तालिका में बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड जैसी बड़ी टीमों को पीछे छोड़ दिया। टीम तालिका में तीसरे स्थान पर है और चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में बनीं हुई है। बेरेंगुएर ने आठ मिनट (32वें और 40वें) के अंदर दो गोल कर टीम के पिछले 13 मैचों से चले आ रहे अजेय क्रम को जारी रखा। विलारीयाल को लास पाल्मास ने 3-0 से हराया। पांच मैचों में चौथी हार के बाद विलारीयाल की टीम तालिका में 15वें स्थान पर खिसक गई है।

### माटियो बेरेटिनी पैर की चोट के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हटे

**मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)।** माटियो बेरेटिनी पैर की चोट के कारण अपने पहले दौर के मैच की पूर्व संध्या पर रविवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गए। साल 2021 के विम्बलडन उपविजेता और 2022 में मेलबर्न पार्क में सेमीफाइनल तक का सफर तय करने वाले बेरेटिनी को सोमवार को रोड लेवर एरिना में 2023 की उपविजेता स्टेफानोस सितसिपास से खेलना था। टूर्नामेंट के आयोजकों ने जारी बयान में कहा कि माटियो बेरेटिनी दाहिने पैर की चोट के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गए हैं। हम आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते है। बेरेटिनी की जगह क्वालीफाइंग के 'लकी लूजर' जिजौ बर्ग्स को मुख्य ड्रॉ में शामिल किया गया है, जो सातवीं वरीयता प्राप्त सितसिपास के खिलाफ खेलेंगे।




# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को धुना 21 रन से जीता दूसरा टी-20

- फिन एलेन ने 41 गेंदों में 7 चौकों और 5 छक्कों की मदद से उड़ाए 74 रन
- एडम मिल्ने ने 33 रन देकर उड़ाईं चार की गिल्लियां
- 5 मैचों की सीरीज में 2-0 से बनाई बढ़त

**एजेंसी, हैमिल्टन**

**सलामी** बल्लेबाज फिन एलेन के आकर्षक अर्धशतक और तेज गेंदबाज एडम मिल्ने के चार विकेट की मदद से न्यूजीलैंड ने रविवार को दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 21 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाई। पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर 10 ओवर के बाद एक विकेट पर 111 रन था।

कप्तान केन विलियमसन (26) के रिटायर्ड हर्ट होने के बाद उसके अन्य बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाए और आखिर में उसकी टीम 8 विकेट पर 194 रन की बना पाई। एलेन ने 41 गेंद पर सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 74 रन बनाए। निचले क्रम में मिशेल सेंटनर ने 25 रन का उपयोगी योगदान दिया। पाकिस्तान की तरफ से हारिस रऊफ ने 38 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 19.3 ओवर में 173 रन बनाकर आउट हो गई। उसके केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे। इनमें बाबर आजम (66) और फखर जमां (50) भी शामिल है, जिन्होंने अर्धशतक लगाए। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की। इनके अलावा अफरीदी ने 22 रन बनाए।

न्यूजीलैंड की तरफ से एडम मिल्ने ने 33 रन देकर चार विकेट लिए। उनके अलावा टिम साउदी, बेन सीयर्स और ईश सोढ़ी ने दो-दो विकेट हासिल किए।

### टेस्ट क्रिकेट में खेल की धीमी गति बेहद निराशाजनक : चैपल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान चैपल मानते हैं कि टी-20 की बढ़ती लोकप्रियता ने टेस्ट क्रिकेट के अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है, लेकिन लाल गेंद के क्रिकेट में जो चीज नुकसान पहुंचा रही है, वो है खेल की बेहद धीमी गति। चैपल ने लिखा कि टेस्ट क्रिकेट में खेल की गति बेहद निराशाजनक है। खेल की गति हर दिन धीमी होती जा रही है और इसमें सुधार के लिए कुछ भी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कुछ मुनासिब सवाल पूछने से पहले लिखा कि एक तरफ जहां बेन स्टोक्स सही में टेस्ट क्रिकेट के मनोरंजन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं, लेकिन प्रशासकों की पहल की कमी के कारण इन प्रयासों को कमतर किया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि बल्लेबाजों को ओवरों के दौरान पिच के बीच में चर्चा करने के लिए मिलने की अनुमति क्यों दी जाती है ? ताकि बिना किसी सजा के वे बात कर सकें कि कौन क्या जानता है। बल्लेबाजों को यह क्यों नहीं बताया जाता है कि जब गेंदबाज गेंद डालने के लिए तैयार होता है, तब उन्हें क्रीज पर अपने ही इलाके में रहने के शिष्टाचार की जरूरत है ? चैपल ने कहा कि अत्यधिक गर्मी को छोड़कर, बार बार नियमित ड्रिंक ब्रेक की अनुमति क्यों दी जाती है? इतनी बार दस्ताने बदलने की जरूरत क्यों पड़ती है? सिर्फ उन्हीं गेंदों के लिए 'बाउंड्री का संकेत क्यों नहीं दिया जाता जो रस्सी से टकराती हैं बल्कि बार बार निरर्थक रीप्ले चलाए जाते हैं जो क्षेत्ररक्षक के पैरों या हाथों को देखने के लिए होते हैं। चैपल का यह भी मानना है कि डीआरएस ने भी खेल की धीमी गति में योगदान दिया है।

## मलेशिया ओपन के फाइनल में हारे सात्विक और चिराग

**एजेंसी, कुआलालंपुर**

**भारत** के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी रविवार को मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में चीन के लियांग वेई केंग और वांग की विश्व में नंबर एक जोड़ी से संघर्ष पूर्ण मुकाबले में हार गए और इस तरह से उन्हें उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।



दोनों जोड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी पहला गेम जीतने और निर्णायक गेम में 11-7 की बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई और आखिर में उन्हें लियांग और वांग से 21-9, 18-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी की लियांग और वांग के हाथों यह चौथी हार है। यह दोनों जोड़ियां पिछले साल चार बार आमने-सामने थी, जिनमें चीन की जोड़ी तीन मुकाबले जीतने में सफल रही थी। सात्विक और चिराग ने इस बीच केवल कोरिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में अपनी इस प्रतिद्वंद्वी टीम को हराया था।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन में रुबलेव उलटफेर से बचे सिनर ने सत्र का पहला मैच जीता

**एजेंसी, मेलबर्न ( ऑस्ट्रेलिया )**

फ्रेंच ओपन में आंद्रे रूबलेव को शिकस्त का स्वाद चखाने वाले थियागो सेबोथ वाइल्ड ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में रविवार को एक बार फिर उनके खिलाफ उलटफेर करने के करीब पहुंच गए थे, लेकिन रूस के अनुभवी खिलाड़ी ने पांच सेट तक चले मुकाबले में आखिरी नौ में आठ अंक भुना कर मैच जीता।

पांचवें सेट के 12वें गेम में चार मैच प्वाइंट गंवाने के बाद रुबलेव टाईब्रेकर में 5-2 से पीछे हो गए। उन्होंने धैर्य बनाये रखा और अगले नौ में से आठ अंक जीतकर 7-5, 6-4, 3-6, 4-6, 7-6 से जीत दर्ज की।

इस जीत के बाद वह जमीन पर लेट गए और फिर खड़े होकर ब्राजील के प्रतिद्वंद्वी को गले लगाया। सेबोथ वाइल्ड के लिए यह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ का पहला मैच था।

रूबलेव ने कहा कि उनके दिमाग में फ्रेंच ओपन की हार की यादें ताजा हो गईं। उन्होंने कहा कि जाहिर है मै इस मैच को नहीं भूलूंगा। थिएगो खरतनाक खिलाड़ी है। वह काफी प्रतिभाशाली है और तेज प्रहार करता है।

इटली के यानिस सिनर ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मौजूदा सत्र के पहले मैच में विश्व रैंकिंग में 59वें पायदान पर काबिज बोटिक वान डे जैंडस्चुल्प पर 6-4, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की।

नवंबर में नोवाक जोकोविच को दो बार हराकर इटली को डेविस कप जीतने में अहम भूमिका निभाने वाले ने सिनर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के शुरुआती मैच को जीतने के लिए लगभग ढाई घंटे का समय लिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन का आयोजन इस साल 14 की जगह 15 दिनों तक होगा और यह पहली बार है जब इसका आगाज रविवार से हो रहा है।



### माटेओ अर्नाल्डी ने पहले दौर के मैच में एडम वाल्टन को किया चित

**इटली** के एक अन्य खिलाड़ी माटेओ अर्नाल्डी ने पहले दौर के मैच में एडम वाल्टन को 7-6 , 6-2, 6-4 से हराया। अर्जेंटीना के 22वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने मौजूदा सत्र में पांच सेट तक चले पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के स्वीनी को 3-6, 6-3, 6-4, 2-6, 6-2 से हराया। साल 2018 में उपविजेता रहे मारिन सिलिच को हंगरी के फैबियन मारोज्सन ने 6-1, 2-6, 6-2, 7-5 से मात दी। महिला वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त मारिया सककारी ने जापान की नाओ हिबिनो को 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। पिछले साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद ग्रैंड स्लैम में यह उनकी पहली जीत है। अमेरिकी ओपन 2021 की उपविजेता लेयला फर्नांडीज 17 वर्षीय सारा बेजलेक को 7-6, 6-2 हराकर दूसरे दौर में पहुंची। नौवीं वरीयता प्राप्त बारबोरा क्रेजिसिकोवा से पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए माई होंटामा को 2-6, 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। सोलह साल की ब्रेंडा फ्रहविर्टोवा ने अपने पहले ग्रैंड स्लैम मैच को जीतने में सफल रही। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी ने रोमानिया की अन्ना बोगदान को 2-6, 6-4, 6-3 से हराया। विश्व रैंकिंग में 28वें स्थान पर काबिज लेसिया सुरेंको ने लूसिया ब्रोंज़ेटी पर 3-6, 7-5, 6-3 जीत दर्ज की जबकि रूस की क्वालीफायर मारिया टिमोफीवा ने फ्रांस की अनुभवी एलिज कॉर्नेट को 6-2, 6-4 से हराया। कॉर्नेट लगातार 68वें ग्रैंड स्लैम स्पर्धा में भाग ले रही थीं, जो महिला टेनिस का रिकॉर्ड है। अमांडा अनिसिमोवा ने करियर ब्रेक के बाद वापसी पर शानदार खेल जारी रखते हुए 13वीं वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला सैमसोनोवा पर 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की।

### बोल्ट ने दौड़ाई रिकॉर्ड बनाने वाली फॉर्मूला ई कार



**मैक्सिको सिटी।** महान धावक उसेन बोल्ट ने पिछले साल सबसे तेज फॉर्मूला ई कार का विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले 'जेनबेटा' रेसिंग कार पर मेक्सिको ई प्रिक्स से पहले अपना हाथ आजमाया। 'जेनबेटा' ने 218.71 किमी प्रति घंटे की शीर्ष गति के साथ 2023 में गिनीज विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाया था। आठ बार के ओलंपिक चैंपियन को हालांकि इस रेसिंग कार में बैठने में थोड़ी परेशानी हुई छह फीट पांच इंच लंबे बोल्ट ने कहा कि उन्हें कार में बैठने में थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन जल्द ही इससे सामंजस्य बिठा लिया। उन्होंने कहा कि वहां जगह काफी कम थी। यह पहली बार था, जब कार में बैठने में मुझे इतनी परेशानी हुई। मैं हालांकि इस पल का लुत्फ उठाना चाहता था। उन्होंने यहां के 'ऑटोड्रोमो हरमनोस रोड्रिग्ज सर्किट' की ट्रैक पर महज 2.89 सेकंड में 60 मील प्रति घंटे की रफ्तार हासिल कर ली। उन्होंने 4.36 सेकंड में 100 मीटर की दूरी तय की। 100 और 200 मीटर दौड़ के विश्व रिकॉर्डधारी जमैका के इस 37 साल के पूर्व धावक ने कहा कि यह अलग तरह का अनुभव रहा, ऐसा लगा जैसे इसके पहियों पर रॉकेट लगे हो। कार चलाते समय मुझे आश्चर्य हुआ और इसने मुझे एक अलग एहसास दिया।



### 16वें स्थान पर रहे फॉर्मूला ई रेस में पदार्पण करने वाले भारतीय रेसर जेहान दारूवाला

## मैक्सिको ई-प्रिक्स के चैंपियन बने वेहरलीन

**एजेंसी, मैक्सिको सिटी**

**भारतीय** रेसर जेहान दारूवाला फॉर्मूला ई के अपने पदार्पण रेस मैक्सिको ई-प्रिक्स में निराशाजनक 16वें स्थान पर रहे। 25 साल के जेहान ने क्वालीफाइंग सत्र में ग्रुप ए में एक मिनट 14.469 सेकंड के साथ नौवां स्थान हासिल किया था। मासेराती एमएसजी रेसिंग टीम के इस ड्राइवर को इससे मुख्य रेस की ग्रिड में 17वां स्थान मिला। रेस की शुरुआत में उन्होंने अच्छा नियंत्रण दिखाया और 15वें स्थान पर पहुंचे, लेकिन पहले लैप की समाप्ति पर वह 17वें और दूसरे लैप के बाद 20वें स्थान पर खिसक गए।

जेहान ने चार साल फॉर्मूला 2 में रेड बुल जूनियर टीम का हिस्सा रहने के बाद अब फॉर्मूला ई की तरफ रुख किया है। वह फॉर्मूला वन में जगह बनाने में नाकाम रहे। फॉर्मूला 2 में समय बिताने के बाद वह एक साल तक फॉर्मूला ई में महिंद्रा रेसिंग के साथ रिजर्व ड्राइवर रहे। अपने क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले मासेराती एमएसजी रेसिंग टीम के उनके साथी ड्राइवर मैक्सिमिलियन गुंथर ने चौथे स्थान के साथ 12 अंक हासिल किए।



उन्होंने ग्रिड में पांचवें स्थान से रेस को शुरू किया था। टैग ह्यूअर पोर्श के पास्कल वेहरलीन ने अपनी पोल (पहले स्थान से रेस शुरू करने वाला ड्राइवर) को जीत में बदला। एनविजन रेसिंग के सेबेस्टियन ब्यूमी और जगुआर टीसीएस रेसिंग के युवा ड्राइवर निक कैसिडी क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। जगुआर टीसीएस रेसिंग के मिच इवांस भी शीर्ष पांच में जगह बनाने में सफल रहे, जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन एंड्रेटी नौवें पायदान पर रहे।

वेहरलीन ने कहा कि मेरे लिए यह अच्छा दिन रहा। पोल पोजिशन हासिल करने के बाद रेस जीतने में सफल रहा। उम्मीद है कि अगले कुछ आयोजनों में मैं यह सफलता जारी रख सकूंगा। 'जेन 3' कार के साथ महिंद्रा रेसिंग टीम का संघर्ष जारी रहा। उनके अन्य ड्राइवर स्विट्जरलैंड के एडोआर्डो मोर्टारा भी अंक हासिल करने वाले में विफल रहे। वह 13वें स्थान पर रहे।

# देश के सैन्य इतिहास में कानपुर का अहम स्थान

## सशस्त्र बल वेटरंस दिवस 2024 के कार्यक्रम में बोले रक्षामंत्री राजनाथ

**एजेंसी, कानपुर**

देश के सैन्य इतिहास की श्रेणी में कानपुर अपना एक अलग ही महत्व रखता है। 1857 में जब भारत के स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत हुई, तो उस समय पेशवा नानासाहेब ने कानपुर के बिठूर से ही विद्रोह का नेतृत्व किया था। यह बात सशस्त्र बल वेटरंस दिवस 2024 के कार्यक्रम में रविवार को पहुंचे देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि यह किसी संयोग से कम नहीं है कि हम अपने पूर्व सैनिकों के सम्मान के लिए कानपुर जैसी जगह पर एकत्र हुए हैं। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जिस आजाद हिंद फौज का गठन किया, उसकी पहली महिला कैप्टन रहीं लक्ष्मी सहगल का भी कानपुर से बड़ा आत्मीय नाता रहा।

उन्होंने तो अपने जीवन का आखिरी क्षण भी कानपुर में ही बिताया। राजनाथ ने कहा कि साल 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के 90,000 से ज्यादा सैनिकों ने



भारत के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। हम उनके साथ जैसा चाहते, वैसा व्यवहार कर सकते थे, लेकिन हमारी संस्कृति और परंपरा ऐसी है कि हमने पूरी तरह से मानवीय नजरिया अपनाया। उन्हें पूरे सम्मान के साथ उनके देश वापस भेजा। दुश्मन देश के सैनिकों के साथ ऐसा व्यवहार मानवता के सुनहरे अध्यायों में से एक है। गौरतलब है कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को कानपुर स्थित एयर फोर्स स्टेशन पहुंचे। जहां उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि दिया और उनके बलिदान को याद किया।

उन्होंने मीडिया के द्वारा अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर शंकराचार्यों द्वारा न्यौता ठुकराने पर बोले की राम मंदिर में मुहूर्त के हिसाब से ही प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। आईएनडीआईए गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर चल रही उठापटक पर कहा कि यह उनका आंतरिक मामला है।

**कहा-पाक के 90,000 सैनिकों से जैसा चाहते वैसा व्यवहार कर सकते थे, लेकिन हमने सम्मान दिया**


### सशस्त्र बलों के साथ मेरा बड़ा आत्मीय नाता

राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र में जब हमारी सरकार आई तो देश के गृह मंत्री के रूप में और विशेषकर रक्षा मंत्री के रूप में तो सशस्त्र बलों के साथ मेरा बड़ा आत्मीय नाता रहा। कई बार तो मुझे ऐसा लगता है कि मेरे पिछले जन्मों के कुछ संचित पुण्य होंगे कि मुझे हमारे सैनिकों के साथ इतना आत्मीय संबंध बनाने का मौका मिला। आज वेटरेनस डे है,आज भी जब मैं आप सबके बीच उपस्थित हूं तो मुझे ऐसा महसूस होता है कि घर पर हूं। उन्होंने कहा कि इस देश का हर नागरिक,चाहे वह किसी भी क्षेत्र से संबंधित हो, वह अपने सैनिकों के प्रति एक विशेष स्नेह रखता है।

# अयोध्या में सीएम योगी आदित्यनाथ ने लगाया झाड़ू, विनय कटियार को मिला निमंत्रण

**एजेंसी, अयोध्या**

योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में स्वच्छ तीर्थ अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अयोध्या में लता मंगेशकर चौक पर स्वच्छ तीर्थ अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वच्छता अभियान के लिए आई नगर निगम की सफाई गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद लता चौक पर सफाई अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान में जनता अवध इंटर कॉलेज, शिवदयाल जायसवाल इंटर कॉलेज, महाराजा इंटर कॉलेज और महाराजा पब्लिक स्कूल के 400 बच्चे भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी ने स्कूली बच्चों और सफाईकर्मियों से भी बात की और उनसे कहा कि अयोध्या को साफसुथरा बनाने में आप सबको आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभानी होगी।





योगी आदित्यनाथ ने 'स्वच्छता अभियान' के तहत अयोध्या में सफाई अभियान में भाग लिया।

### मध्य प्रदेश के उज्जैन से लड्डू

मध्य प्रदेश के उज्जैन से पांच लाख लड्डू श्री राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर भेजे जाएंगे। इसको लेकर पिछले दिनों ही प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश दिए थे। महाकालेश्वर मंदिर परिसर में लड्डू प्रसाद निर्माण इकाई में शुद्ध देशी घी और सूखे मेवे के पांच लाख लड्डू तैयार किए जा रहे हैं। इसका वजन करीब 250 क्विंटल बताया जा रहा है। ये लड्डू 80 क्विंटल घी, 90 क्विंटल शक्कर, 70 क्विंटल चना दाल, 20 क्विंटल रवा, 10 क्विंटल रवा, पांच क्विंटल किशमिश और एक क्विंटल इलायची से बनाए जा रहे हैं। 16 जनवरी को तीन ट्रकों से लड्डू अयोध्या भेजे जाएंगे।



### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निपुण किए जा रहे 104 चिकित्सक

प्राण प्रतिष्ठा के दौरान इमरजेंसी सेवाओं के लिए 104 चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ को निपुण किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर में एम्स के इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. तेज प्रताप सिन्हा इन्हें इमरजेंसी ट्रामा की बारीकियां सिखाते हुए प्रशिक्षित कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि विभिन्न प्रकार के इमरजेंसी मामलों में प्राथमिक उपचार करना महत्वपूर्ण है।




### दो सौ ई-बसें चलाने की तैयारी



50 ई-बसें शनिवार को अयोध्याधाम बस स्टेशन पहुंच गई हैं। अयोध्या में पहले सौ ई-बसें चलाने का प्रस्ताव था। अब 21 से 23 जनवरी के बीच यहां दो सौ ई-बसें चलाई जाएंगी। नगरीय परिवहन निदेशक डा. राजेंद्र पैंसिया ने कुल आठ एकड़ भूमि और चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था करने के लिए कहा जिलाधिकारी से कहा है। ई-बसों के रूट के साथ किराया सूची भी प्रस्तावित कर दी गई है।

# ईरान ने सीमाओं पर ड्रोन व मिसाइलों को किया तैनात



**एजेंसी, तेहरान**

**ईरान** ने सीमाओं पर ड्रोन व मिसाइलों को तैनात किया है। ईरानी सेना के ग्राउंड फोर्सेज के कमांडर किउमर्स हेइदरी ने एक इंटरव्यू में बताया कि देश की सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अपने बलों के नवीनतम कदमों और उपायों के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि सीमाओं पर पांच ड्रोन प्लाटून और पांच मिसाइल इकाइयों की तैनाती चल रही है। उन्होंने कहा कि इस तैनाती का मतलब यह नहीं है कि देश को किसी खतरे का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि अपनी सेना की तैयारियों के साथ-साथ खुफिया प्रभुत्व और देश की सीमाओं पर आधिपत्य को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि जमीनी बलों ने पहले से ही सीमाओं पर 11 मोबाइल और लड़ाकू ब्रिगेड तैनात कर दिए हैं।

कमांडर ने कहा कि उनकी सेना ने दो नई प्रकार की मिसाइलों का विकास पूरा कर लिया है और उनका बड़े पैमाने पर उत्पादन जल्द ही शुरू हो जाएगा।

# रामसखा के परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू, बोले-राम से बढ़कर पृथ्वी पर कुछ नहीं

**एजेंसी, बलिया**

22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह देश में सिर चढ़कर बोल रहा है। प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का नाम से सुनते ही उनकी पत्नी समेत सभी के आंखों में खुशी के आंसू बहने लगते हैं।

उल्लेखनीय है कि त्रिलोकी नाथ पांडेय ने जीवनपर्यंत भगवान राम लला के साथ मित्रता निभाई और आजीवन राम मंदिर का सपना जिया। मंदिर निर्माण तो उनकी आंखों के सामने शुरू हो गया, मगर राम मंदिर में रामलला के दर्शन की इच्छा अधूरी रह गई। भगवान राम के प्रति इतना समर्पित रहते थे कि उनकी बेटी की शादी के विदाई के दिन राम मंदिर के मुकदमे की तारीख सुप्रीम कोर्ट में थी, वह



अपनी बेटी की विदाई छोड़कर वह दिल्ली चले गए। अपने बेटे की सगाई में भी राममंदिर की तारीख के चलते नहीं आ पाए थे। उनके लिए राम से बढ़कर इस पृथ्वी पर कोई नहीं था। उनका पूरा परिवार रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए निमंत्रण के इंतजार में है।

### वह हमेशा कहते थे कि रामलला का मुकदमा जरूर जीतेंगे

स्व.त्रिलोकीनाथ पांडेय जी की पोती अनिता मिश्रा की मानें तो उनके नाना जी के बाद पूरा परिवार भगवान राम के लिए समर्पित है। वह इस प्राण प्रतिष्ठा से खासा खुश हैं। उन्होंने कहा कि वह आज जीवित होते तो पूरे परिवार को प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन में जाने का मौका मिलता। फिर भी उन्हें इस कार्यकर्म में जाने के लिए निमंत्रण का इंतजार है।

## वर्ल्ड न्यूज

### मणिपुर पुलिस ने 239 लोगों को लिया हिरासत में

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने असम राइफल्स और अन्य सुरक्षाबलों के साथ राज्य के इंफाल पश्चिम, थौबल, काकचिंग, इंफाल पूर्व और हाओतक तंफा खुनौ माखा लीकाई, दंपी पहाड़ी और हाओतक फेलेन, हाओतक तंफा और पड़ोसी गांवों के पास की अन्य पहाड़ियों में सघन छापामारी और तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान भारतीय दंड संहिता (संशोधित भारतीय न्याय संहिता, विधायिकाधीन) की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 239 लोगों को हिरासत में लिया गया।

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने तस्कर को पकड़ा

**कूचबिहार।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के जलपाईगुड़ी सेक्टर के तहत सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 98वीं बटालियन की बीओपी चेंगराबांधा के सतर्क सीमा जवानों ने एक बांग्लादेशी मवेशी तस्कर को पकड़ा है। पकड़े गए बांग्लादेशी मवेशी तस्कर का नाम शाहीबुल इस्लाम (23) है। वह बांग्लादेश के जिला लालमोनिरहाट का निवासी है। बीएसएफ के अनुसार, बांग्लादेशी मवेशी तस्कर शाहीबुल इस्लाम को उस समय पकड़ा गया जब वह भारत से बांग्लादेश में मवेशियों की तस्करी करने की कोशिश कर रहा था।

### मिजोरम में हेरोइन और विदेशी सिगरेट जब्त, महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** असम राइफल्स ने मिजोरम में भारी मात्रा में हेरोइन और विदेशी सिगरेट जब्त किया है। असम रायफल्स के ने गुप्त सूचना के आधार पर दो अलग-अलग छापों में चाम्पाई जिले से मादक पदार्थ जब्त किया गया। लालरिन डिकी नामक एक महिला के पास से हेरोइन से भरे 52 साबुनदानी को जब्त किया गया। असम राइफल्स ने प्लास्टिक की साबुनदारी से कुल 628 ग्राम हेरोइन जब्त की। जब्त हेरोइन की कीमत 4 करोड़ 39 लाख 60 हजार रुपए बताई गई है। गिरफ्तार महिला का घर चांपाई जिले के जोखाथर में है। वहीं एक अन्य अभियान में असम राइफल्स ने चांपाई जिले से विदेशी सिगरेट के 95 कार्टून जब्त किए। जब्त सिगरेट की कीमत करीब एक करोड़ 23 लाख 50 हजार रुपए है।

### जीतने तक हमास के खिलाफ युद्ध जारी रखेंगे : नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनका देश हमास के खिलाफ तब तक युद्ध जारी रखेगा, जब तक कि जीत पूरी न हो जाए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में दक्षिण अफ्रीका के आरोपों की भी निंदा की, कि उनका देश गाजा पट्टी में नरसंहार कर रहा है। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि कोई भी ताकत इसराइल को नहीं रोक सकती। हम जीत की राह पर हैं और जब तक हम जीत हासिल नहीं कर लेते, तब तक नहीं रुकेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से कहा था कि यह सिर्फ इसराइल का युद्ध नहीं बल्कि अमेरिका का भी युद्ध है। इसराइल के प्रधानमंत्री ने दक्षिण अफ्रीका की ओर से आईसीजे में शिकायत की आलोचना की और पूछा कि वे किसका समर्थन करते हैं? हत्यारे, बलात्कारी, बच्चों को जलाने वाले? शर्म की बात है।

# मिस्ट्री मैन संग डेटिंग की खबरों पर तोड़ी कंगना रनौत ने चुप्पी



**एजेंसी, मुंबई**

बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत अपने बेबाक बयानों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहती हैं। कंगना के बयान अक्सर विवाद का कारण बनते रहे हैं, लेकिन कंगना इस वक्त एक अलग वजह से खबरों में हैं। हाल ही में कंगना की एक मिस्ट्री मैन के साथ फोटो वायरल हुई थी। इस फोटो में कंगना मिस्ट्री मैन का हाथ पकड़कर चलती नजर आ रही थीं। इस फोटो को देखने के बाद ऐसी अफवाहें उड़ीं कि कंगना और मिस्ट्री मैन एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। फोटो में कंगना के साथ दिख रहा मिस्ट्री मैन कौन है? फैंस के मन में था ये सवाल। अब इस बात का खुलासा खुद कंगना ने किया है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। कंगना ने अपनी इंस्टा स्टोरी में एक मिस्ट्री मैन के साथ वायरल फोटो शेयर की है। इस फोटो को शेयर करते हुए कंगना ने एक पोस्ट लिखा है। कंगना ने कहा, फोटो में दिख रहा मिस्ट्री मैन एक हेयर स्टाइलिस्ट है। मुझे रहस्यमय आदमी के बारे में पूछने के लिए कई संदेश और कॉल आ रहे हैं। मैं अक्सर सैलून जाती हूं। अगर एक महिला और एक पुरुष एक साथ सड़क पर चल रहे हैं, तो इसके कई कारण हो सकते हैं। यह एक दोस्त, एक भाई हो सकता है।



### ऋतिक के साथ भी जुड़ चुका है कंगना का नाम


इससे पहले कंगना का नाम बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन के साथ जुड़ा था। कृष 4 की शूटिंग के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। इसलिए रितिक और कंगना के अफेयर की चर्चा छिड़ गई थी, लेकिन कुछ कारणों से उनमें बहस हो गई और वह अलग हो गए।

# कनाडा के क्लार्क काउंटी और वैंकूवर मेट्रो में बर्फीला तूफान

**एजेंसी, वैंकूवर ( कनाडा )**

क्लार्क काउंटी और पोर्टलैंड-वैकूवर मेट्रो क्षेत्र के लोगों को बर्फीले तूफान का सामना करना पड़ रहा है। बैंकूवर में सर्दी ने पिछले 33 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बर्फबारी, ओलावृष्टि और तेज पूर्वी हवाओं की वजह से तापमान काफी नीचे चला गया है।

न्यूनतम तापमान माइनस 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। स्थानीय समाचार पत्र द कोलंबियन ने राष्ट्रीय मौसम सेवा के वरिष्ठ



विज्ञानी शॉन वीगल के हवाले से कहा कि शनिवार शाम 4 बजे तक कोलंबिया नदी के पास पूर्वी पोर्टलैंड में डेढ़ इंच बर्फ गिरी है।

### तंजानिया में सोने की खदान ढहने से 21 खनिकों की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तरी तंजानिया के सिमियू क्षेत्र में भारी बारिश के बाद एक सोने की खदान ढहने से 21 खनिकों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। सिमियू क्षेत्र के क्षेत्रीय आयुक्त याहया नवांडा ने बताया कि बरियादी जिले में ढही खदान में फंसे शवों को निकालने के प्रयासों में भारी बारिश के कारण बाधा आ रही है। बारिश के कारण बचाव कार्य कुछ समय के लिए रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर मृतक 25 से 35 साल की उम्र के बीच के युवा थे।



# उत्तर कोरिया ने लांच की बैलिस्टिक मिसाइल



**प्योंग्यांग।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइल लांच की है। इसको लेकर जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है। उधर दक्षिण कोरिया ने कहा कि मिसाइल को रविवार सुबह लांच किया गया है। वहीं, जापान के रक्षा मंत्री ने कहा कि उसने भी उत्तर कोरिया की तरफ से मिसाइल लांच का पता लगाया है। गौरतलब है कि यह उत्तर कोरिया की तरफ से इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल ह्वासॉन्ग-18 की टेस्टिंग के बाद से पहला मिसाइल लांच है। ह्वासॉन्ग-18 को 18 दिसंबर को टेस्ट किया गया था। बताया जाता है कि तानाशाह किम जोंग-उन के नेतृत्व में इस आधुनिक मिसाइल को अमेरिका को निशाना बनाने के लिए तैयार किया गया है। गौरतलब है कि उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच बीते दिनों तनाव काफी बढ़ गया था।

**घुटन** हवा फिर से बिगड़ी, आवश्यक कार्यों को छोड़कर निर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियों पर रोक

# दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण बढ़ा, ग्रैप-3 की पाबंदियां लागू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता के गिरते स्तर को देखते हुए श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप)-3 से जुड़ी पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। संशोधित ग्रैप-3 के तहत प्रमुख तौर पर कुछ आवश्यक कार्यों को छोड़कर निर्माण और तोड़फोड़ की गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगा दी जाती है।

**वायु गुणवत्ता में अचानक गिरावट आने पर आपातकालीन बैठक की**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गंभीर श्रेणी में 458 पर था। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से जुड़ी ग्रैप संबंधित उप-समिति ने शनिवार शाम से दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता




में अचानक गिरावट को देखते हुए आज सुबह एक आपातकालीन बैठक की। उप-समिति ने तत्काल प्रभाव से पूरे दिल्ली-एनसीआर में संशोधित ग्रैप के चरण-3 के अनुसार आठ सूत्रीय कार्य योजना लागू करने का निर्णय लिया है। यह चरण 'गंभीर' वायु गुणवत्ता यानी एक्यूआई 401-450 के बीच होने पर लागू किया जाता है।

### दिल्ली में एक्यूआई 400 पार

**दिल्ली** की हवा लगातार खराब हाल में है। दिल्ली के कई इलाकों का एक्यूआई गंभीर श्रेणी में पहुंच चुका है। सबसे बुरा हाल आनंद विहार का है। वहां का एक्यूआई 478 दर्ज किया गया है। नेहरू स्टेडियम, आईजीआई एयरपोर्ट और आईटीओ का एक्यूआईक्र465, 465 और 455 रिकॉर्ड किया गया है। जीआरएपी चरण-तीन प्रतिबंधों में पत्थर क्रशरों के संचालन को बंद करना, एनसीआर में सभी खनन और संबंधित गतिविधियों को बंद करना और पूरे एनसीआर में निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध (परियोजनाओं की कुछ श्रेणियों को छोड़कर) शामिल हैं। एनसीआर राज्य सरकारें/जीएनसीटीडी दिल्ली और गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर जिलों में बीएस तीन पेट्रोल और डीजल एलएमवी (चार पहिया वाहन) के संचालन पर सख्त प्रतिबंध लगाएंगी।